खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 25°C
न्यूनतम : 20°C

बरेली, बुधवार 6 मई 2026 बरेली संस्करण: वर्ष 23 अंक 155 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2083 | 18 जिलकदा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



महिला आरक्षण पर भाजपा अपना रुख साफ करे: अखिलेश यादव पेज 2



बेंगलुरु में आईपीएल फ़ाइनल की मेज़बानी के मौकों पर संकट खेल टाइम्स



जेलीफिश मनुष्यों के समान सोती है सम्पादकीय



होर्मुज़ तनाव के बीच अमेरिकी प्रभाव कम हो जाएगा: ग़ालिबफ़ पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### प्रधानमंत्री ने की यूएई में ड्रोन हमले की निंदा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के फुजैराह ऑयल इंडस्ट्रीज जोन पर हुए ड्रोन हमले की कड़ी निंदा की। इस हमले में तीन भारतीय नागरिक घायल हो गए थे। उन्होंने नागरिकों और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को निशाना बनाना अस्वीकार्य बताया और क्षेत्र में स्थिरता बहाल करने के लिए कूटनीतिक प्रयासों के प्रति भारत के समर्थन को दोहराया।

### एमपी के दो सांसद साउथ में विधानसभा चुनाव हारे

**नई दिल्ली।** पांच राज्यों के चुनाव परिणामों में भाजपा को पश्चिम बंगाल, असम और पुड्डुचेरी में बड़ी जीत मिली है। वहीं, एमपी कोटे से राज्यसभा के दो सांसदों को दक्षिण भारत के चुनावी रण में करारी हार का सामना करना पड़ा है। केंद्र सरकार में मंत्री एल. मुरुगन को तमिलनाडु और जार्ज कुरियन को केरलम विधानसभा चुनाव में हार का मुंह देखना पड़ा है। मध्य प्रदेश से राज्यसभा सांसद और केंद्रीय राज्य मंत्री जार्ज कुरियन को भाजपा ने केरलम की कांजीरापल्ली सीट से मैदान में उतारा था। ईसाई बहुल इस इलाके में कुरियन से काफी उम्मीदें थीं। हालांकि कुरियन मुख्य मुकाबले से पूरी तरह बाहर नजर आए। वे तीसरे नंबर पर रहे। उन्हें महज 26984 के करीब वोट मिले।

### चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर फ्लाइट के अंदर धमाका

**चंडीगढ़।** हैदराबाद से चंडीगढ़ आ रही इंडिगो की फ्लाइट में लैंडिंग के दौरान मंगलवार को एक बड़ा हादसा हो गया। लैंडिंग के दौरान फ्लाइट में मोबाइल पावर बैंक फट गया। शुरुआती जानकारी के मुताबिक इस हादसे में पांच लोगों के घायल होने की जानकारी है। फ्लाइट नंबर 6ई108 बताया जा रहा है। हालांकि घायलों की संख्या अभी बढ़ने की संभावना है। यह हादसा मोहाली स्थित शहीद भगत सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर दोपहर के बाद हुआ। जानकारी के मुताबकि फ्लाइट में 39-एफ सीट पर बैठे देवांश नाम के शख्स के पावर बैंक में लैंडिंग के दौरान अचानक आग लग गई। उसने इसकी जानकारी क्रू मेंबर्स को दी। इतनी देर में पावर बैंक फट गया। विमान दोपहर में 3 बजकर 32 मिनट पर चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर लैंड हुआ था।

### स्टालिन ने मुख्यमंत्री पद से दिया इस्तीफा

**चेन्नई।** तमिलनाडु विधानसभा चुनाव हारने के एक दिन बाद, मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने मंगलवार को अपना इस्तीफा दे दिया। इस बीच, राजनीति में नवागंतुक और तमिलगा वेट्री कषगम (टीवीके) के संस्थापक और अभिनेता-राजनेता विजय ने मंगलवार को राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर से अगली सरकार बनाने के लिए औपचारिक रूप से अपना दावा पेश करने के लिए मुलाकात का समय मांगा है। श्री स्टालिन ने राज्यपाल को अपना त्यागपत्र भेज दिया है और इसे लोक भवन में सौंप दिया गया है। इसी बीच विजय ने सरकार बनाने का दावा पेश किया और राज्यपाल को पत्र लिखकर मिलने का समय मांगा है।

# यूएस-ईरान के बीच फिर भड़का तनाव, होर्मुज में बन रहे जंग जैसे हालात

**वाशिंगटन/तेहरान।** पश्चिम एशिया में तनाव एक बार फिर बढ़ता दिख रहा है, जहां ईरान और अमेरिका के बीच स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को लेकर स्थिति बेहद संवेदनशील बनी हुई है। हालात ऐसे हैं कि सीजफायर की घोषणा के बावजूद दोनों पक्षों की सैन्य गतिविधियां जारी हैं।

अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने स्पष्ट किया है कि सीजफायर अभी भी लागू है और इसे खत्म नहीं माना जा सकता। उन्होंने कहा कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में जहाजों की सुरक्षा के लिए चलाया जा रहा अभियान अलग और सीमित प्रकृति का है। उन्होंने यह भी कहा कि यह ऑपरेशन केवल वाणिज्यिक जहाजों की सुरक्षा के लिए अस्थायी व्यवस्था है। रक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प को युद्ध जारी रखने के लिए कांग्रेस से मंजूरी लेने की आवश्यकता नहीं है। प्रशासन का मानना है कि अमेरिका और ईरान के बीच संघर्ष विराम अभी भी लागू है। रक्षा मंत्री हेगसेथ ने पेंटागन ब्रीफिंग में कहा कि होर्मुज स्ट्रेट से जहाजों को निकालने का अमेरिकी प्रयास ऑपरेशन एपिक फ्यूरी से अलग है। उन्होंने बताया कि प्रोजेक्ट फ्रीडम रक्षात्मक प्रकृति का अभियान है। इसका दायरा सीमित है और यह अस्थायी अवधि के लिए है। इस अभियान का एकमात्र मिशन ईरानी आक्रामकता से निर्दोष वाणिज्यिक जहाजों की रक्षा करना है। रक्षा मंत्री ने बताया कि दो अमेरिकी वाणिज्यिक जहाज स्ट्रेट से सफलतापूर्वक गुजर चुके हैं। इसके अतिरिक्त, छह अन्य जहाजों ने ईरानी बंदरगाहों की नाकाबंदी का उल्लंघन करने का प्रयास किया था।



■ अमेरिकी रक्षा मंत्री हेगसेथ बोले- सीजफायर अभी भी लागू

### UAEके फुजैराह पर ड्रोन हमले में तीन भारतीय घायल

**नई दिल्ली/ अबू धाबी।** संयुक्त अरब अमीरात के फुजैराह तेल औद्योगिक क्षेत्र को निशाना बनाकर किए गए ड्रोन हमले में तीन भारतीय नागरिक घायल हो गए। अबू धाबी स्थित भारतीय दूतावास ने कहा कि वह प्रभावित लोगों की सहायता के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहा है।

भारतीय दूतावास ने सोमवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि फुजैराह में मंगलवार को हुए हमलों में तीन भारतीय नागरिक घायल हुए हैं। हम प्रभावित भारतीय नागरिकों की उचित चिकित्सा देखभाल और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में हैं। संयुक्त अरब अमीरात ने कहा कि ईरान ने नवीनतम हमले में चार क्रूज मिसाइलें दागीं। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, तीन मिसाइलों को वायु रक्षा प्रणालियों ने रोक लिया जबकि चौथी मिसाइल समुद्र में गिर गई। एक ड्रोन हमले के कारण फुजैराह तेल उद्योग क्षेत्र में आग लग गई, जो संयुक्त अरब अमीरात के ऊर्जा निर्यात का एक महत्वपूर्ण केंद्र है। अधिकारियों ने बताया कि आग पर काबू पाने के लिए बचाव दल तैनात किए गए और घायलों को मामूली चोटों के साथ अस्पताल में भर्ती किया गया।

### अमेरिका ने यूएई के तेल संयंत्र पर हमले के जवाब में किया ईरानी नौकाओं पर हमला

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका ने होर्मुज स्ट्रेट में सात ईरानी नौकाओं पर हमला किया है, क्योंकि वाशिंगटन लगभग बंद जलमार्ग के माध्यम से खाड़ी में फंसे जहाजों को बाहर निकालने का प्रयास कर रहा है। यह जानकारी बीबीसी ने मंगलवार को दी। संयुक्त अरब अमीरात और दक्षिण कोरिया दोनों ने सोमवार को महत्वपूर्ण जलमार्ग में जहाजों पर हमले की सूचना दी। संयुक्त अरब अमीरात ने यह भी कहा कि ईरानी हमले के बाद फुजैराह के तेल बंदरगाह पर आग लग गई। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि स्ट्रेट में हुई घटनाओं से यह स्पष्ट हो गया है कि राजनीतिक संकट का कोई सैन्य समाधान नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि प्रोजेक्ट फ्रीडम प्रोजेक्ट डेडलॉक है। फरवरी में अमेरिका और इज़रायल द्वारा ईरान पर हवाई हमले शुरू करने के बाद से होर्मुज स्ट्रेट बहुत हद तक अवरुद्ध रहा है।

# दीदी हैं कि मानती नहीं..

## ममता बनर्जी की चुनौती, इस्तीफा नहीं दूंगी

कोलकाता, वार्ता

**पश्चिम बंगाल** की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को कोलकाता में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि मैं सीएम पद से इस्तीफा नहीं दूंगी। हम जनादेश से नहीं, साजिश से हारे हैं। इसलिए इस्तीफा देने राजभवन नहीं जाऊंगी। ममता ने आगे कहा कि चुनाव आयोग असली विलेन है।

उसने भाजपा के साथ मिलकर 100 सीटें लूटीं। अब मेरे पास कोई कुर्सी नहीं है, मैं आजाद पंछी हूं। कहीं से भी चुनाव लड़ सकती हूं, सड़कों पर रहूंगी। ममता ने आरोप लगाया कि भाजपा ने काउंटिंग सेंटरों पर कब्जा कर लिया था। मेरे साथ बदसलूकी की। उम्मीदवारों और कार्यकर्ताओं के साथ अत्याचार किया। पार्टी और इंडिया गठबंधन के नेता मेरे साथ हैं। हम फिर से उभरेंगे और शेर की तरह लड़ेंगे। पश्चिम बंगाल सहित 5 राज्यों के विधानसभा चुनाव के नतीजे सोमवार को आ चुके हैं। बंगाल में भाजपा ने 293 में से 207 सीटें जीत ली हैं। पार्टी 9 मई को राज्य में पहली बार सरकार बनाने जा रही है। टीएमसी सिर्फ 80 सीटें जीत सकी। 15 साल बाद ममता के हाथ से सत्ता चली गई है। ममता ने कहा कि चुनाव आयोग के खिलाफ कदम उठाएंगे, मैं इस्तीफा नहीं दूंगी, मैं हारी नहीं हूं। मेरे इस्तीफा देने -शेष पृष्ठ दो पर



**कहा: हम हारे नहीं, हराया गया, चुनाव आयोग विलेन, भाजपा से मिलकर 100 सीटें लूटीं, मैं आजाद पंछी, शेर की तरह लड़ूंगी**

### ममता बनर्जी ने इस्तीफा नहीं दिया, तो क्या कहता है संविधान

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के नतीजे आ चुके हैं। राज्य में पहली बार भाजपा की सरकार बनने जा रही है। दूसरी तरफ तृणमूल कांग्रेस का 15 साल के शासन का अब अंत हो चुका है। इस बीच मंगलवार को राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भाजपा पर गलत तरीके से चुनाव जीतने का आरोप लगाया। साथ ही चुनाव आयोग को भी घेरा। ऐसे में यह जानना अहम है कि आखिर अगर कोई मुख्यमंत्री चुनाव में हार के बाद अपने पद से इस्तीफा देने से इन्कार कर दे तो क्या हो सकता है, अगर कोई मुख्यमंत्री विधानसभा में बहुमत खोने या चुनाव हारने के बाद भी इस्तीफा देने से इन्कार कर देता है, तो स्थिति को संभालने के लिए सांविधानिक और कानूनी रास्ते अपनाए जाते हैं। विधानसभा में बहुमत खोने पर अगर ऐसा लगता है कि मुख्यमंत्री के पास बहुमत बनाए रखने के लिए विधायकों का समर्थन नहीं है, तो उन्हें फ्लोर टेस्ट का सामना करना पड़ता है।

# जनहित याचिका अब पैसा इंटरेस्ट लिटिगेशन बनी: सुप्रीम कोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन (जनहित याचिका) अब प्राइवेट इंटरेस्ट और पब्लिसिटी इंटरेस्ट, पैसा इंटरेस्ट लिटिगेशन और पॉलिटिकल इंटरेस्ट लिटिगेशन बन गई हैं।

यह कमेंट नौ जजों की संविधान बेंच ने केरल के सबरीमाला मंदिर से जुड़ी याचिकाओं की सुनवाई के दौरान किया। कोर्ट ने इंडियन यंग लॉयर्स एसोसिएशन के 2006 के पीआईएल के मकसद पर सवाल उठाया, जिसमें केरल के सबरीमाला मंदिर में 10 से 50 साल की महिलाओं के प्रवेश पर रोक को चुनौती दी गई थी। कोर्ट ने कहा कि पीआईएल कानून की प्रोसेस का गलत इस्तेमाल है और एसोसिएशन को ऐसी पीआईएल फाइल करने के बजाय बार और अपने युवा सदस्यों की भलाई के लिए काम करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट में धार्मिक जगहों पर महिलाओं के साथ भेदभाव और अलग-अलग धर्मों में धार्मिक आजादी के दायरे से जुड़ी याचिकाओं पर 11वें दिन भी सुनवाई चली। सितम्बर 2018 में 5 जजों की संविधान बेंच ने 4:1 के बहुमत से फैसला सुनाते हुए सबरीमाला अयप्पा मंदिर में 10 से 50 साल की महिलाओं के प्रवेश पर लगी रोक हटा दी थी। तब कोर्ट ने कहा था कि सदियों पुरानी हिंदू धार्मिक प्रथा गैर-कानूनी और असंवैधानिक है। एसोसिएशन के वकील ने दलील दी कि पीआईएल जून 2006 में छपे चार अखबारों के आर्टिकल पर आधारित थी। इस पर सीजेआई ने कहा कि इसे सीधे खारिज कर देना चाहिए था। यह आर्टिकल जनहित याचिका फाइल करने का कारण कैसे बताता है। पीआईएल फाइल करने के लिए आर्टिकल लिखवाना आसान है। पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन अब प्राइवेट इंटरेस्ट लिटिगेशन, पब्लिसिटी इंटरेस्ट लिटिगेशन, पैसा इंटरेस्ट लिटिगेशन और पॉलिटिकल इंटरेस्ट लिटिगेशन बन गई हैं। सभी को पीआईएल कहा जाता है, लेकिन हम सिर्फ असली पीआईएल पर ही सुनवाई करते हैं। सीजेआई को रोज सैकड़ों चिट्ठियां मिलती हैं, जिनमें सवाल किया जाता है कि क्या उन सभी को पीआईएल में बदला जा सकता है।

■ सबरीमाला केस में वकीलों ने याचिका लगाई
■ जज ने कहा: अपने लोगों के लिए काम करें



# भाजपा ने शाह को बंगाल व नड्डा को असम का पर्यवेक्षक बनाया

**नई दिल्ली।** भाजपा ने मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को बंगाल और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा को असम के लिए पर्यवेक्षक बनाया।

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण निंदासह की ओर से मंगलवार को जारी विज्ञप्ति में श्री शाह पश्चिम बंगाल में पार्टी के विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक होंगे। वहीं ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी सह पर्यवेक्षक की भूमिका निभाएंगे। श्री निंदासह ने बताया कि श्री नड्डा ओडिशा में पार्टी के विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक होंगे। वहीं हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब निंदासह सैनी सह पर्यवेक्षक की भूमिका निभाएंगे।

■ ओडिशा के सीएम मोहन चरण माझी सह पर्यवेक्षक बनाए गए



जम्मू : एक स्कूली छात्रा ऑपरेशन सिन्दूर की बरसी से पहले पेंटिंग प्रदर्शित करती हुई।

# गन्ना और कपास किसानों को बड़ी सौगात

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अर्थव्यवस्था को नई गति देने और प्रमुख औद्योगिक व कृषि क्षेत्रों को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से, केंद्र सरकार ने कई महत्वपूर्ण आर्थिक फैसलों पर मुहर लगाई है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट की बैठक के बाद इन महत्वपूर्ण फैसलों की जानकारी दी।

इन फैसलों में मुख्य रूप से विमानन क्षेत्र, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई), कृषि नीतियां और समुद्री बुनियादी ढांचा (इंफ्रास्ट्रक्चर) शामिल हैं, जो देश के समग्र विकास और रोजगार सृजन को रफ्तार देने के लिए बेहद महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं। केंद्र सरकार की कैबिनेट ने हालिया बैठक में कई अहम फैसलों को मंजूरी दी है, जिन पर कुल लगभग 1.52 लाख करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। कपास उत्पादन बढ़ाने के लिए 'कपास कांती मिशन' पर 5,659 करोड़ रुपये खर्च होंगे, वहीं 2026-27 सीजन के लिए गन्ने के उचित एवं लाभकारी मूल्य (एफआरपी) से जुड़ा फैसला भी लिया गया है। आर्थिक गतिविधियों को गति देने के लिए -ईसीएलजीएस-5 योजना पर 18,100 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इंफ्रास्ट्रक्चर के मोर्चे पर वडिनार में शिप रिपेयर सुविधा (1,570 करोड़ रुपये) और कई रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी मिली है, जिनमें नागदा-मथुरा, गुंटकल- वाडी और बुरहवाल-सीतापुर रेल लाइनों के विस्तार पर हजारों करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसके अलावा सेमीकंडक्टर सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए क्रिस्टल मैट्रिक्स लिमिटेड और सुची सेमिकॉन प्राइवेट लिमिटेड की यूनिट्स पर भी निवेश किया जाएगा। वहीं सुप्रीम कोर्ट को मजबूत करने से जुड़ा एक नीतिगत निर्णय भी शामिल है। इन फैसलों से कृषि, उद्योग और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में व्यापक असर देखने को मिल सकता है। देश के 32 लाख कपास किसानों को सीधा फायदा पहुंचाने के लिए कैबिनेट ने कपास क्रांति नाम से एक ऐतिहासिक पहल को मंजूरी दी है।

■ केंद्रीय कैबिनेट की दो नई सेमीकंडक्टर इकाइयों को मंजूरी

# प. बंगाल: 10 साल में भाजपा 3 से 207 सीटों पर पहुंची

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** बंगाल में टीएमसी को हराकर भाजपा पहली बार सत्ता में आई। पार्टी दस साल में 3 सीटों से 207 सीटों पर पहुंच गई है। तमिलनाडु में एक्टर थलपति विजय की पार्टी टीवीके ने सबसे ज्यादा सीटें लाकर चौंका दिया।

59 साल में पहली बार राज्य में ऐसी सरकार बनने जा रही है, जिसमें डीएमके या एआईएडीएमके नहीं होगी। दो मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और एमके स्टालिन चुनाव हार गए। बंगाल में भाजपा ने बिना चेहरे के चुनाव लड़ा, इसलिए अब बड़ा सवाल यह है कि कौन मुख्यमंत्री होगा। संभावित नामों में सुवेंदु अधिकारी, सुकांत मजूमदार, दिलीप घोष और समिक भट्टाचार्य का नाम सबसे आगे है। पार्टी किसी महिला चेहरे को भी ला सकती है। बंगाल में भाजपा ने 293 में से 206 सीटें जीतकर करीब 70 फीसदी का स्ट्राइक रेट हासिल किया। वहीं, टीएमसी 81 सीटों पर सिमट गई और उसका स्ट्राइक रेट करीब 27.6 फीसदी रहा। सीएम ममता समेत 35 मंत्रियों में से 22 चुनाव हार गए। ममता के पास होम मिनिस्ट्री समेत 7 महत्वपूर्ण मंत्रालयों की जिम्मेदारी थी। महिला और बाल कल्याण मंत्री शशि पांजा, उदयन गुहा, ब्रत्य बसु, चंद्रिमा भट्टाचार्य, सुजीत बसु, सिद्दीकुल्लाह चौधरी, रथिन घोष, बेचाराम मन्ना, बिरबाहा हंसदा, मोलय घटक को हार का सामना करना पड़ा है। 1972 के बाद पहली बार पश्चिम बंगाल में अब ऐसी पार्टी की सरकार होगी, जो केंद्र में भी सत्ता में है। 1972 में राज्य में कांग्रेस ने 216 सीटें जीतीं थीं और उस वक्त केंद्र में इंदिरा गांधी की सरकार थी। बांग्लादेश सीमा, घुसपैठ और प्रशासनिक नियंत्रण जैसे मुद्दों पर भी सख्ती हो सकती है। मोदी ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में इसका ऐलान भी किया।



■ भाजपा महिला को दे सकती है पश्चिम बंगाल में कमान
■ संभावित नामों में सुवेंदु अधिकारी, सुकांत मजूमदार, दिलीप घोष और समिक भट्टाचार्य का नाम सबसे आगे

CMYK



## संक्षिप्त समाचार

### भारतीय सैन्य शक्ति रक्षा उद्योगों के कारखानों में निर्मित होती है: संजय सेठ

**नई दिल्ली/प्रयागराज।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने ऑपरेशन सिदूर की सफलता का श्रेय रक्षा बलों के अद्वितीय साहस और दृढ़ संकल्प को देते हुए कहा है कि अत्याधुनिक स्वदेशी हथियारों और प्रणालियों ने इसे और मजबूत बनाया है। सेठ ने उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में मंगलवार को 'नॉर्थ टेक संगोष्ठी' को संबोधित करते हुए सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ तथा स्टार्ट-अप को देश के ब्रांड एंबेसडर बताया। उन्होंने कहा कि स्टार्ट-अप और एमएसएमई भविष्य की वृद्धि के प्रेरक बल हैं और 2047 तक विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। वे हमारे युग के विश्वकर्मा हैं।

### मुर्गो का दंगल कराने पर हिस्ट्रीशीटर समेत कई पर मुकदमा

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के कांट थाना क्षेत्र में मुर्गो का दंगल कराकर उस पर बाजी लगाने के मामले में पुलिस ने टॉप-टेन हिस्ट्रीशीटर समेत कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर प्रियांक जैन ने मंगलवार को बताया कि सूचना मिली थी कि रावतपुर गांव के पास कुख्यात हिस्ट्रीशीटर सुहेल खां उर्फ बॉर्डर अपने साथियों के साथ मुर्गो का दंगल कराता है। पुलिस द्वारा जांच किए जाने पर सामने आया कि 25 अप्रैल को आम के बाग में चोरी-छिपे मुर्गो को लड़ाकर उन पर जीत-हार की बाजी लगाई गई थी। उन्होंने बताया कि यह स्थान उस पशु बाजार के पास है, जहां नियमित रूप से गाय, भैंस और बकरियों की खरीद-फरोख्त होती है।

# केजरीवाल ने भाजपा पर लगाया जनतंत्र की हत्या का आरोप

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ भाजपा ने जनतंत्र को हाइजैक कर लिया है, जनतंत्र की हत्या कर दी है, पूरे देश में कोई भी पार्टी जीत कर आ जाए, इन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भारतीय जनता पार्टी पर जनतंत्र की हत्या करने का आरोप लगाते हुए कहा कि पूरे देश में कोई भी पार्टी जीत कर आ जाए, इन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता है, क्योंकि एजेंसियां लगाकर विधायकों को तोड़कर सरकारें गिरा देते हैं।

केजरीवाल ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिह मान के साथ दिल्ली आए पार्टी के विधायकों के साथ कपूरथला हाउस में संवाद किया। उन्होंने इस दौरान कहा कि आज पूरे देश में बहुत बघ संकट छाया हुआ है। भाजपा ने जनतंत्र को हाइजैक कर लिया है, जनतंत्र की हत्या कर दी है। पूरे देश में कोई भी पार्टी जीत कर आ जाए, इन्हें कोई फर्क नहीं पघ्ता है। इसके बाद ए ईडी-सीबीआई और पैसे से उस पार्टी के विधायक तोड़ लेते हैं, पार्टियां तोघ्लेते हैं, जेल भेज देते हैं और सरकारें गिरा देते हैं। जीतने के लिए ये लोग वोट काट देते हैं, अपना वोट जुड़वा देते हैं। सोमवार को पश्चिम बंगाल चुनाव का आया परिणाम कोई चुनाव नहीं था। पिछले 3-4 महीने से हम देख रहे हैं कि पश्चिम बंगाल के अंदर तांडव चल रहा है। इसी तरह इन्होंने बिहार, महाराष्ट्र में किया। उन्होंने कहा कि जब मैं जेल गया, उससे पहले नई दिल्ली विधानसभा में 1 लाख 48 हजार वोट थे। जब मैं लौट कर आया तो 1 लाख 6 हजार वोट बचे थे। इन्होंने करीब 6 महीने के अंदर 42 हजार वोट कटवा दिया। पिछली बार नई दिल्ली विधानसभा सीट से मैं 30 हजार वोट से जीता था। इन्होंने 42 हजार वोट कटवा दिए और इस बार मैं 03 हजार वोट से हार गया। विपक्ष कैसे जीत सकता है, जब उसके सारे वोट कटवा देंगे। आज पूरे देश के अंदर यही तांडव चल रहा है। आज देश के जनतंत्र के उपर संकट है। हमारे देश के स्वतंत्रता सेनानियों ने अपनी जान कुर्बान करके हमें आजादी दिलाई थी, आज उस आजादी पर सकंट खघ हो गया है। उन्होंने कहा कि चार साल बाद भी पंजाब में प्रो-इंकम्बेंसी है। भगवंत मान सरकार के कामों से लोग बेहद खुश हैं और फिर सरकार बनाने के लिए बेताब हैं। पंजाब में मुफ्त बिजली, 10 लाख का इंश्योरेंस, शानदार सड़कें, पिडों में 3100 खेल के मैदान, खेतों तक नहरी पानी पहुंच रहा। पंजाब में पहली बार इतने काम हुए हैं। उन्होंने कहा कि पहले भी अश्वमेघ यज्ञ का घोघ पंजाब में रोका गया था और अब भी भाजपा का विजय रथ पंजाब के लोग रोकेंगे। पंजाब के छह राज्यसभा सांसद भाजपा ने चोरी की है। पंजाब के लोग इसका बदला अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में लेंगे। भाजपा ने पंजाब के लोगों की 6 राज्यसभा की सीट पर डाका डाला है।

# महिला आरक्षण पर भाजपा अपना रुख साफ करे: अखिलेश यादव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ कहा: महिला आरक्षण को उत्तर प्रदेश के 2027 विधानसभा चुनाव में लागू किया जाए

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने महिला आरक्षण को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए मंगलवार को कहा कि पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की स्पष्ट मांग है कि संसद में पारित महिला आरक्षण को उत्तर प्रदेश के 2027 विधानसभा चुनाव में लागू करने की तत्काल घोषणा की जाए।

यादव ने कहा कि यह विधेयक समस्त विपक्ष के सहयोग से पारित हुआ है, ऐसे में अब भाजपा सरकार को अपनी मंशा स्पष्ट करनी चाहिए। यदि सरकार इस पर घोषणा नहीं करती है, तो उसे यह भी स्पष्ट करना चाहिए कि क्या भाजपा और उसके सहयोगी दल महिलाओं को आरक्षण देने के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि जब तक इस मुद्दे पर सरकार की ओर से स्पष्ट घोषणा नहीं की जाती, तब तक उनकी पार्टी इस मांग को लगातार उठाती रहेगी। पार्टी हर सप्ताह अलग-अलग स्थानों पर इस मुद्दे को जनता के बीच ले जाएगी और महिला आरक्षण लागू कराने के लिए दबाव बनाएगी। उन्होंने इसे सामाजिक न्याय और महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय बताते हुए कहा कि प्रदेश की आधी आबादी को उनका अधिकार दिलाना समय की मांग है। गौरतलब है कि बंगाल विधानसभा चुनाव में मिली जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को दिल्ली पार्टी कार्यालय में समर्थकों को संबोधित करते हुए सपा पर निशाना साधा था। प्रधानमंत्री ने कहा था कि समाजवादी पार्टी ने महिला आरक्षण का विरोध किया था, लेकिन महिलाएं उन्हें कभी माफ नहीं करेंगी। आने वाले समय में महिलाएं समाजवादी पार्टी को सबक सिखाएगी।

# महबूबा ने चुनाव आयोग पर साधा निशाना

**श्रीनगर, वार्ता**



■ लगाया चुनावी हेराफेरी का आरोप

जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री एवं पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने मंगलवार को चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि यह संस्था केंद्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर चुनावी प्रक्रिया को कमजोर कर रही है। सुश्री मुफ्ती का यह बयान पश्चिम बंगाल चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की बड़ी जीत के एक दिन बाद आया है। उन्होंने इन परिणामों को देश की लोकतांत्रिक संस्थाओं की गिरती स्थिति के प्रति बड़ी चिता का हिस्सा बताया। पीडीपी अध्यक्ष ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि टीएन शेषन द्वारा किए गए सुधारों के बाद कभी भारत की मजबूत चुनाव प्रणाली की पूरी दुनिया में प्रशंसा होती थी और आयोग को लोकतंत्र का 'निडर रक्षक' माना जाता था। उन्होंने आरोप लगाया कि आज वही संस्था केंद्रीय एजेंसियों की मदद से चुनावी प्रक्रिया में बाधा डालने के आरोपों के घेरे में है। इसे ष्दुखद गिरावटष् करार देते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि देश भले ही 'विश्वगुरु' बनने का लक्ष्य हासिल न कर पाया हो, लेकिन 'चुनावी हेराफेरी की कला' में जरूर महारत हासिल कर ली है। उन्होंने पश्चिम बंगाल के हालिया घटनाक्रमों को इस परेशान करने वाली वास्तविकता का ताजा उदाहरण बताया।

## राहत कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी

# आंधी-बारिश से नुकसान पर सीएम का सख्त एक्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ घायलों का त्वरित और समुचित इलाज तथा सभी प्रभावितों को 24 घंटे के भीतर अनुमन्य राहत राशि उपलब्ध कराई जाए: मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में आंधी, वर्षा और आक. ाशीय बिजली से हुई जनहानि को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन को अलर्ट मोड पर रखने के निर्देश दिए हैं।

मंगलवार को मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए अधिका. रियों को सख्त निर्देश दिया कि घायलों का त्वरित और समुचित इलाज सुनिश्चित किया जाए तथा सभी प्रभावितों को 24 घंटे के भीतर अनुमन्य राहत राशि उपलब्ध कराई जाए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि जनहानि, पशुहानि और घायलों को समयबद्ध सहायता देना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने चेतावनी दी कि राहत कार्यों में किसी भी स्तर पर लाप. रवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई तय होगी। उन्होने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे फील्ड में रहकर राहत एवं बचाव कार्यों की लगातार निगरानी करें। साथ ही, प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए शासन से समन्वय बनाए रखें। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि खराब मौसम के दौरान घरों में ही रहें और खुले स्थानों, पेड़ों तथा बिजली के खंभों से दूर रहें।

प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव टीमें सक्रिय कर दी गई हैं, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई की जा सके और जनहानि को न्यूनतम रखा जा सके। दूसरी ओरउत्तर प्रदेश में आगामी दिनों में मौसम का मिजाज बदलता नजर आएगा। मौसम विभाग द्वारा मंगलवार को जारी ताजा पूर्वानुमान के अनुसार प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में अगले एक सप्ताह तक आंधी, गरज-चमक और हल्की से मध्यम बारिश की संभावना बनी हुई है, जिससे भीषण गर्मी से कुछ राहत मिलने के संकेत हैं।

### छह-सात मई को बारिश की स्थिति बन सकती है

मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार यानी पांच मई को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कहीं-कहीं तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश में अनेक स्थानों पर गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ीं। छह और सात मई को दोनों ही हिस्सों में कहीं-कहीं बारिश और मेघगर्जन की स्थिति बनी रह सकती है। विभाग ने बताया कि आठ और नौ मई को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना है, जबकि पूर्वी हिस्सों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है। वहीं 10 और 11 मई को प्रदेश के दोनों भागों में फिर से कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ वर्षा होने के आसार हैं। मौसम विभाग ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि 5 मई को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली तेज हवाओं के साथ मेघगर्जन और वज्रपात की संभावना है, जो झोंकों में 60 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। वहीं पूर्वी उत्तर प्रदेश में कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि और 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे (झोंकों में 70 किमी/घंटा) की रफ्तार से तेज आंधी चलने की आशंका जताई गई है।


काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## बिज़नेस-टाइम्स

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 76913.50 |
| निफ्टी | 23997.55 |
| सोना | 148652 प्रति 10 ग्राम |
| चांदी | 251000 प्रति किलो |

# बैंकिंग सेक्टर के दबाव में गिरावट के साथ बंद हुए प्रमुख सूचकांक

**मुंबई, वार्ता**



विदेशों से मिले मिश्रित संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में बैंकिंग सेक्टर में बिकवाली से मंगलवार को प्रमुख सूचकांक नीचे बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 251.61 अंक (0.33 प्रतिशत) गिरकर 77,017.79 अंक पर बंद हुआ। इससे पहले सेंसेक्स की शुरुआत गिरावट के साथ हुई थी और दोपहर तक यह 750 अंक से ज्यादा टूट गया था, लेकिन बाद में इसने काफी हद तक वापसी की। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 86.50 अंक यानी 0.36 प्रतिशत फिसलकर 24,032.80 अंक पर रहा। दोनों सूचकांक पिछले कारोबारी दिवस पर बढ़त में रहे थे।

वृहद बाजार में लिवाली का जोर रहा। मझौली कंपनियों का मिडकैप-50 सूचकांक 0.07 प्रतिशत और छोटी कंपनियों का स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.28 प्रतिशत ऊपर रहा। ऑटो, एफएमसीजी और फार्मा सेक्टरों में अच्छी तेजी रही जबकि रियलटी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और बैंकिंग सेक्टरों के सूचकांक नीचे बंद हुए। एनएसई में जिन 3,391 कंपनियों के शेयरों में आज कारोबार हुआ उनमें से 1,600 के शेयर ऊपर और 1,680 के लाल निशान में रहे। अन्य 111 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित बंद हुए। सेंसेक्स की कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर 3.41 फीसदी मजबूत हुआ। अल्ट्राटेक सीमेंट में 1.79 प्रतिशत और बजाज फिनसर्व में 1.32 प्रतिशत की तेजी रही। बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनीलिवर और इंफोसिस के शेयर भी हरे निशान में रहे।

### चांदी 2.51 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के पार सोने पर दबाव जारी

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक बाजारों के मजबूत रुख के बीच मंगलवार को कमोडिटी बाजार में बड़ा उतार-चढ़ाव देखने को मिला। एक ओर जहां चांदी की कीमतों में भारी उछाल आया है, वहीं सुरक्षित निवेश के बदलते रुझानों के कारण सोने की कीमतों पर दबाव बना हुआ है। वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच निवेशकों का ध्यान अब अमेरिकी डॉलर और बान्ड यील्ड की तरफ मुड़ गया है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में मंगलवार को चांदी की कीमत 1,500 रुपये उछलकर 2. 51 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 2,49,500 रुपये प्रति किग्रा पर बंद हुई थी। दूसरी ओर, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 300 रुपये गिरकर 1,52,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया (सभी करों सहित)। अंतर्राष्ट्रीय बाजार की बात करें तो, हाजिर चांदी 1.08 प्रतिशत की बढ़त के साथ 73. 51 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई।

# चावल, चीनी के भाव बढ़े, गेहूं नरम दालों और खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल का औसत भाव बढ़ गया। चावल के साथ चीनी में भी तेजी देखी गई जबकि में गिरावट रही। दालों और खाद्य तेलों में घट-बढ़ रही। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 30 रुपये बढ़कर 3,860 रुपये प्रति क्विटंल रह गई।

गेहूं छह रुपये सस्ता हुआ और 2,775 रुपये प्रति क्विटंल बोला गया। आटे की कीमत भी छह रुपये घट गई। दाल-दलहनों में उतार.चढ़ाव रहा। मसूर दाल औसतन 38 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। उड़द दाल की कीमत 24 रुपये और मूंग दाल की 17 रुपये बढ़ गई। तुअर दाल में 23 रुपये और चना दाल में सात रुपये प्रति क्विंटल की नरमी देखी गई। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जुलाई वायदा 88 रिंगिट चढ़कर 4,710 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.46 प्रतिशत की बढ़त के साथ 76.88 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सूरजमुखी तेल औसतन 77 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। पाम ऑयल की कीमत 69 रुपये और सोया तेल की 44 रुपये बढ़ गई। सरसों तेल 13 रुपये और वनस्पति चार रुपये मजबूत हुआ। वहीं मूंगफली तेल में नौ रुपये प्रति क्विटंल की गिरावट देखी गई। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 35 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ा। चीनी भी चार रुपये महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7663.62 रुपये, मसूर काली 8130.38 रुपये, मूंग दाल 10167.95 रुपये, उड़द दाल 10835.36 रुपये, तुअर दाल 11222.93 रुपये प्रति क्विटंल रही।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

### वाहनों की खुदरा बिक्री अप्रैल में 13 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** घरेलू बाजार में वाहनों की मांग में पिछले कुछ समय से जारी तेजी वित्त वर्ष 2026.27 में भी बरकरार रही और अप्रैल में वाहनों की खुदरा बिक्री करीब 13 प्रतिशत सालाना बढ़कर 26.11 लाख के पार पहुंच गई। वाहन डीलरों के शीर्ष संगठन फाडा द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार चालू वित्त वर्ष के पहले महीने में देश में कुल 26,11,317 वाहन बिके। यह आंकड़ा इस साल मार्च की तुलना में 3.01 प्रतिशत कम है जबकि पिछले साल अप्रैल के मुकाबले 12.94 प्रतिशत अधिक है। फाडा के उपाध्यक्ष साई गिरिधर ने बताया कि छह में से पांच वाहन श्रेणियों में अप्रैल महीने का नया रिकॉर्ड बना है।

### प्रथम पृष्ठ के शेष...

**दीदी है कि...** का सवाल ही नहीं उठता। इसलिए राजभवन नहीं जाऊंगी। वे ऑफिशियली हमें हरा सकते हैं, लेकिन नैतिक रूप से हम चुनाव जीते हैं। चुनाव से दो दिन पहले हमारे लोगों को गिरफ्तार किया गया। जगह-जगह छापे मारे गए। आईपीएस- आईएएस अधिकारियों का तबादला किया गया। प्रधानमंत्री और गृह मंत्री इसमें सीधे तौर पर शामिल हैं। मैंने राजीव गांधी, मनमोहन सिंह, वाजपेयी सहित कई सरकारें देखीं, लेकिन ऐसा अत्याचार कभी नहीं देखा। अत्याचार की कोई सीमा नहीं रही। यहां लोगों को प्रताड़ित किया गया। पहले राउंड की काउंटिंग के बाद ही वे कहने लगे कि भाजपा 195-200 सीटें जीत रही है। अंतिम नतीजे का इंतजार नहीं किया। भाजपा वालों ने पोलिंग स्टेशन के अंदर घुसकर लोगों और काउंटिंग एजेंट्स को पीटना शुरू कर दिया। हम चुनाव आयोग के खिलाफ कदम उठाएंगे। क्या करेंगे, यह अभी नहीं बताएंगे। दूसरी बात, हमने फैसला किया है कि 5 सां. सदों समेत 10 लोगों की एक फैक्ट- फाइंडिंग कमेटी बनाई जाएगी।

# जंगल के राजा, सरकारी मेहमान

**अफजल हुसैन फौजी'**

■ उत्तराखंड के रेस्क्यू सेंटरों में कैद है करोड़ों का 'खर्चीला रुतबा'

**नैनीताल।** कभी कहा जाता था कि हाथी पालना आसान नहीं, लेकिन उत्तराखंड के चार रेस्क्यू सेंटरों में कैद 81 बाघ और तेंदुए अब सरकारी खजाने के लिए श्महंगे मेहमानश साबित हो रहे हैं। जंगल में दहाड़कर अपना साम्राज्य चलाने वाले ये वन्यजीव अब सलाखों के पीछे अपनी फिटनेस और रुतबा बरकरार रखने के लिए सरकारी बजट की बड़ी खुराक ले रहे हैं।

राज्य के रेस्क्यू सेंटरों में पल रहे इन खूंखारों की कहानी सिर्फ संरक्षण की नहीं, बल्कि भारी-भरकम आर्थिक बोझ की भी है। वन विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, एक टाइगर की सेहत और खुराक पर सालाना लगभग 20 लाख रुपये खर्च हो रहे हैं। इनकी डाइट का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि एक बाघ को रोजाना 10 किलो तक ताजा मांस की आपूर्ति की जाती है। उत्तराखंड में बाघों की संख्या में हुई वृद्धि वन्यजीव संरक्षण के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, लेकिन इसका दूसरा पहलू 'मानव-वन्यजीव संघर्ष' के रूप में सामने आया है। जब कोई बाघ या तेंदुआ आबादी वाले इलाकों में खतरा बनता है या संघर्ष में घायल होता है, तो उसे पकड़कर रेस्क्यू सेंटर भेज दिया जाता है। यहीं से शुरू होता है एक लंबी कैद और महंगे रख-रखाव का सिलसिला। वर्तमान में राज्य के चार प्रमुख केंद्रों/हरिद्वार का चिड़ियापुर, नैनीताल का रानीबाग, कॉर्बेट का ढेला और अल्मोड़ा मिनी जू में कुल 81 शिकारी वन्यजीव बंद हैं। इनमें चिड़ियापुर में 24 तेंदुए, रानीबाग में 15 तेंदुए और 3 बाघ, ढेला में 14 बाघ और 16 तेंदुए, तथा अल्मोड़ा में 10 तेंदुए मौजूद हैं।

इन वन्यजीवों का प्रबंधन सिर्फ खाने तक सीमित नहीं है। इसमें नियमित मेडिकल चेकअप, दवाइयां, एनक्लोजर (बाड़े) का रखरखाव और विशेष कर्मचारियों की तैनाती का खर्च भी शामिल है। वन मंत्री सुबोध उनियाल ने स्वीकार किया कि इन रेस्क्यू सेंटरों का कुल खर्च करोड़ों में पहुंच जाता है।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, इन केंद्रों के संचालन के लिए हर साल भारी बजट आवंटित किया जाता है:

-ढेला रेस्क्यू सेंटर: करीब 2 करोड़ रुपये

-अल्मोड़ा मिनी जू: करीब 1.5 करोड़ रुपये

-चिड़ियापुर रेस्क्यू सेंटररू लगभग 1. 20 करोड़ रुपये

-रानीबाग रेस्क्यू सेंटर: करीब 47 लाख रुपये

इसके अलावा, कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के लिए राज्य, केंद्र, कैम्पा फंड और प्रोजेक्ट टाइगर से मिलने वाली राशि को जोड़कर यह खर्च 25 करोड़ रुपये के आंकड़े को छू लेता है। जाहिर है, जंगल से बाहर लाकर पिंजरों में कैद किए गए ये वन्यजीव न केवल अपनी आजादी खो चुके हैं, बल्कि राज्य के विकास बजट का एक बड़ा हिस्सा भी शशिकारश कर रहे हैं। संरक्षण और प्रबंधन की इस दोहरी चुनौती के बीच, यह सवाल खड़ा होना लाजिमी है कि क्या रेस्क्यू सेंटरों पर निर्भरता ही एकमात्र समाधान है?

# नैनीताल पहुंचे आचार्य प्रमोद कृष्णम!

■ कांग्रेस पर बोला तीखा हमला, कहा- बिना नेतृत्व बदले पार्टी की वापसी मुश्किल

**नैनीताल।** अपनी बेबाक बयानबा. जी के लिए मशहूर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने एक बार फिर सियासी गलियारों में हलचल तेज कर दी है। सरोवर नगरी नैनीताल प्रवास पर आए आचार्य ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से लेकर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने मौजूदा राजनीतिक घटनाक्रमों को देश की सुरक्षा और भविष्य के लिहाज से बेहद संवेदनशील बताया।

**ममता बनर्जी पर साधा निशाना**

आचार्य प्रमोद कृष्णम ने ममता बनर्जी पर सीधा निशाना साधते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल को भारत से अलग करने की एक बड़ी साजिश रची जा रही है. हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि बंगाल की धरती हमेशा से महान राष्ट्रभक्तों की रही है और वहां की जनता अब इस सच्चाई को जान चुकी है. धार्मिक ख्रष्टिकोण जोड़ते हुए उन्होंने कहा कि शास्त्रों में भगवान कल्कि के अवतार के साथ जिस सतयुग के आने की बात कही गई है, बंगाल में हो रहा मौजूदा बदलाव उसी की शुरुआत है।

**समाजवादी पार्टी पर बरसे आचार्य: हनुमान जी का नाम इन्हें शोभा नहीं देता**

सपा के आज किए गए ट्वीट पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए आचार्य ने कहा कि यह वही पार्टी है जिसने रामभक्तों पर गोलियां चलवाईं और उनका लहू सरयू नदी में बहाया, ऐसे लोगों के मुंह से हनुमान जी का नाम शोभा नहीं देता।

उन्होंने सपा मुखिया पर तंज कसते हुए कहा कि जो अपने पिता और चाचा का नहीं हुआ, वह जनता का क्या होगा। आचार्य ने भविष्यवाणी की कि 2027 तक समा. जवादी पार्टी के इतने टुकड़े होंगे कि उन्हें गिनना मुश्किल हो जाएगा. उन्होंने कहा कि ममता दीदी की लंका (सत्ता) जलते देख अब ये लोग डर के मारे हनुमान जी को याद कर रहे हैं।

CMYK

# स्मार्ट मीटर पर फूटा महिलाओं का गुस्सा

## तपती धूप में बिजली विभाग के खिलाफ बोला हल्ला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। एक तरफ आसमान से आग बरस रही है। तो दूसरी तरफ बिजली विभाग के स्मार्ट खेल ने जनता का पारा सातवें आसमान पर पहुँचा दिया है। आज भीषण गर्मी की परवाह किये बिना बड़ी संख्या में महिलाओं ने अधिशासी अभियंता कार्यालय का घेराव किया। और विभाग की कार्यप्रणाली के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

महिलाओं का आरोप है कि विभाग बिना किसी पूर्व सूचना के चुपके से कनेक्शन काट देता है। जब घर की बत्ती गुल होती है, तब पता चलता है कि स्मार्ट मीटर ने अपनी श्चालाकीश दिखा दी है। एक तो गर्मी से बुरा हाल है। ऊपर से बिना बताये बिजली काट दी जाती है। क्या हम दिन भर चूल्हा-चौका छोड़ कर बिजली दफ्तर के चक्कर ही काटते रहे।घ्प्रदर्शनकारियों का कहना है कि बिजली कटने के बाद घंटों विद्युत खंड अधिकारी के कार्यालय की खाक छाननी पड़ती है। लेकिन समाधान के नाम पर सिर्फ आश्वासन मिलता है। छोटे बच्चों और बुजुर्गों के साथ इस भीषण गर्मी में बिना बिजली के रहना दूभर हो गया है। घ्महिलाओं ने चेतावनी दी है कि यदि स्मार्ट मीटर की इन गड़बड़ियों और बिना सूचना कटौती पर लगाम नहीं लगी, तो यह आंदोलन और भी उग्र रूप धारण करेगा। बाद में भाकियू संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी भी कार्यकर्ताओं के साथ धरना स्थल पर पहुंच गये। पुलिस बालवीर मौके पर पहुंच गया। बाद में अधिशासी अभियंता राजेश प्रसाद को ज्ञापन सौंपा गया। उन्होंने बताया कि अब प्रति एक माह में बिजली का बिल जमा करना होगा। एक महीने तक कनेक्शन को नहीं काटा जायेगा।

# चोरी के दो दोषियों को 2 साल सात माह की सजा

## अलमारी तोड़कर उड़ाये थे लाखों के जेवर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। चोरी के मुकदमे में अदालत ने दो दोषियों को 2 साल 7 महीने 25 दिन की जेल तथा दो हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

मामला सैदनगली थाना क्षेत्र में गांव ढक्का से जुड़ा था। 30 अगस्त 2023 की रात यहां रहने वाले आरिफ के घर में चोरी की वारदात हुई थी। चोरों ने घर में घुसकर पांच हजार रुपये की नकदी समेत कीमती समान चोरी किया था। इसके अलावा चोरों ने आरिफ के बड़े भाई नासिर के कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़कर 40 हजार रुपये भी चोरी कर लिए थे। नकदी के साथ ही बच्चों के सोने का पेंडल, चांदी की दो चुटिया और पैरों के चांदी के दो सैंपल भी ले गए थे। मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर बछरायूं थाना क्षेत्र के गांव ड्यूटी शेरपुर निवासी सद्दाम और बिजनौर जिले के शिवाला कलां थाना क्षेत्र की फीना कॉलोनी निवासी गुलफाम को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया था। हालांकि, बाद में दोनों को जमानत मिल गई थी। मुकदमे की सुनवाई एसीजेएम प्रथम की कोर्ट में विचाराधीन थी। सोमवार को आखिरी सुनवाई करते हुए अदालत ने सद्दाम और गुलफाम को दोषी करार दिया।

### मुस्लिम कमेटी में घमासान का मामला, कमेटी पर कब्जे की लड़ाई पहुंची हाईकोर्ट

# हाईकोर्ट ने एसडीएम को किया तलब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। मुस्लिम कमेटी के नेतृत्व को लेकर बीते दो वर्षों से चल रहा विवाद अब न्यायिक मोड़ पर पहुंच गया है। इकबाल खां और हाजी खुर्शीद अनवर गुट के बीच चल रही खींचतान हाईकोर्ट तक जा पहुंची, जहां प्रशासनिक आदेशों पर सवाल उठते हुए कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। हालिया सुनवाई में सदर एसडीएम की पेशी के बाद अदालत ने मामले में पूर्व आदेश पारित करने वाले अधिकारी को तलब करते हुए अगली सुनवाई 14 मई तय की है।

जानकारी के मुताबिक मुस्लिम कमेटी अमरोहा के नेतृत्व को लेकर दो गुटों में बीते करीब दो साल से रार चल रही है। चुनाव को लेकर दोनों गुटों के अपने-अपने दावे हैं। इकबाल खान और हाजी खुर्शीद अनवर कमेटी चल रहा ये विवाद अब हाईकोर्ट तक पहुंच गया है। इकबाल खां गुट का दावा है कि उनकी कार्यकारिणी सहायक निबंधक कार्यालय से मान्यता प्राप्त है, जबकि दूसरा पक्ष से हाजी खुर्शीद अनवर गुट इस मान्यता को चुनौती देता आ रहा है। बीते साल ये विवाद उस समय गहरा गया था जब ईद मिलादुन्नबी पर निकलने वाले जुलूस-ए-मोहम्मदी के आयोजन को लेकर दोनों गुटों ने प्रशासन से अनुमति मांगी थी।

**14 मई को होगी मामले की अगली सुनवाई**

विवाद को देखते हुए तत्कालीन डीएम निधि गुप्ता वत्स ने जुलूस के संचालन के लिए दोनों की गुटों की संयुक्त कमेटी बना दी थी। वहीं, पूर्व में इस विवाद में एसडीएम स्तर पर 21 अप्रैल 2025 को निर्णय दिया जा चुका था, लेकिन 7 बीती अप्रैल को इस विवाद में दोबारा आदेश पारित करते हुए इकबाल खां गुट की कमेटी को निरस्त घोषित कर दिया। इस मामले की सुनवाई अब हाईकोर्ट में चल रही है। इकबाल खां गुट के अधिवक्ता का तर्क है कि एक बार आदेश पारित होने के बाद उसी स्तर पर पुनः निर्णय देना विधिक प्रक्रिया का उल्लंघन है। लिहाजा, हाईकोर्ट ने मामले में चार मई को एसडीएम सदर को तलब किया था। लेकिन, इससे पहले आदेश करने वाले एसडीएम शैलेश कुमार दुबे का तबादला मंडी धनौरा तहसील के लिए हो गया। मंगलवार को हुई सुनवाई के दौरान सदर एसडीएम विभा श्रीवास्तव कोर्ट में हाजिर हुईं। उन्होंने अपने हलफनामे में बताया कि उन्होंने 11 अप्रैल को पदभार ग्रहण किया है और 7 अप्रैल का आदेश उनके पूर्ववर्ती अधिकारी द्वारा पारित किया गया था, जिसे निरस्त या संशोधित करने का अधिकार उनके पास नहीं है। हालांकि, उन्होंने कोर्ट की अनुमति मिलने पर अभिलेखों का परीक्षण कर उचित निर्णय देने की बात कही। इस पर कोर्ट ने उनकी व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट देते हुए संबंधित आदेश पारित करने वाले तत्कालीन एसडीएम व वर्तमान में एसडीएम धनौरा को अगली तारीख पर हाजिर होने का आदेश दिया। हाईकोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 14 मई नीयत की है।

## विवाहिता को मारपीट करके किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। दहेज में कार, सोने की चैन व एक लाख रूपये की मांग पूरी न होने पर पति व ससुराल पक्ष के लोगों ने विवाहिता के साथ मारपीट करके घायल कर दिया। पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव चौबारा निवासी वर्षा का आरोप है कि एक वर्ष पूर्व उसकी शादी सचिन के साथ हुई। शादी में उसके माता पिता ने हैसियत के अनुसार उपहार स्वरूप काफी व्यय किया, लेकिन शादी के कुछ समय बाद से ही पति व ससुराल पक्ष के लोग उसको दहेज के लिए प्रताड़ित करते हैं। आरोप है कि दहेज में एक लाख रूपये, कार और सोने की चैन की डिमांड पूरी न होने पर पति व ससुराल पक्ष के लोगों ने वर्षा के साथ मारपीट करके घायल कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति सचिन, ससुर सतपाल, सास धर्मवती, जेठ शिवम, जेठानी लक्ष्मी व मंजू आदि के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# बीसीए के छात्र ने फांसी लगाकर दी जान

## दोस्त के घर जाकर कमरे में लगायी फांसी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। बीसीए द्वितीय वर्ष के छात्र ने दोस्त के कमरे में फांसी के फंदे पर झूलकर जान दे दी। दोस्त जब कमरे पर आया तो खिड़की से अंदर झाँकने पर उसके आत्महत्या करने की जानकारी मिली। घटना से

**घटना से परिजनों में मची चीख पुकार**

परिजनों में चीख पुकार मच गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार नगर के मुहल्ला सुल्ताननगर की गली नंबर तीन में वीर सिंह अपने परिवार के साथ रहते हैं। वे फल का ठेला लगाकर अपने गुजारा करते हैं। उनका



बड़ा पुत्र मोहित (21) मुरादाबाद में स्थित एक निजी विश्वविद्यालय में बीसीए द्वितीय वर्ष का छात्र था। बीते दिन उसे किसी बात पर पिता ने डांट दिया था, जिसके बाद वह इसी मुहल्ले में गली नंबर 04 में रहने वाले रहमापुर गाँव निवासी अपने दोस्त आकाश व नितिन के कमरे पर चला गया। रात को वह वहीं रुका, परिजनों की सोच थी कि कुछ समय बाद अपने आप आ जायेगा। बताते हैं कि मोहित के दोस्त आकाश व नितिन सुबह के समय कोचिंग के लिए चले गए जबकि मोहित कमरे पर ही रह गया। करीब चार घंटे बाद जब आकाश कमरे पर लौटा तो उसने मोहित को गेट खुलवाने के लिए आवाज दी, लेकिन उधर से कोई आवाज नहीं आई, जिस पर आकाश ने खिड़की से अंदर झाँका तो उसकी चीख निकल गयी, क्यूंकि अंदर मोहित फांसी के फंदे पर झूल रहा था। घटना का पता चलते ही कुछ क्षणों में ही लोगों की भीड़ लग गयी। रोते बिलखते परिजन भी पहुँच गए। सूचना पर पुलिस भी आ गयी, पुलिस ने दरवाजा तोड़कर युवक के शव को नीचे उतारा और आवश्यक कार्रवाई करके शव को मोर्चरी के लिए भेजा।

# धड़ल्ले से जारी है आम के हरे पेड़ों का कटान

## अहरोई मार्ग पर रात के अंधेरे में चली कुल्हाड़ी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। भूमाफिया रात के अंधेरे में पेड़ों को काटकर हरियाली को नुकसान पहुंचा रहे है। बीती रात बड़े पैमाने पर आम के पेड़ों को कटा देखकर ग्रामीणों में रोष फैल गया।

जनपद में भूमाफियाओं द्वारा हरे भरे आम के बागों की अवैध कटाई जारी है। ताजा मामला अमरोहा देहात क्षेत्र के अहरोई रोड के पास का है। बीती रात यह बड़े पैमाने पर आम के पेड़ों की कटाई की गई। जिसकी चर्चा पूरे क्षेत्र में है। स्थानीय लोगो का आरोप है कि भूमाफिया सुनियोजित तरीके से रात के समय बागों को काटते है। ताकि किसी को भनक ना लगे। सुबह जब ग्रामीणों ने कटे हुए हरे भरे पेड़ों को देखा तो उनमें आक्रोश फैल गया। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों पुराना यह आम का बाग ना केवल पर्यावरण की पहचान थे। बल्कि किसानों और स्थानीय लोगो की आजीविका का भी महत्वपूर्ण स्त्रोत थे। ग्रामीणों ने प्रशासन पर गंभीर सवाल उठाए। उनका आरोप है कि अवैध कटाई की जानकारी सम्बन्धित अधिकारियों को होने के बावजूद कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही। जिससे भूमाफियों के हौसले बुलंद है। पर्यावरण संरक्षण के दावों के बावजूद, यह भूमाफिया रात के अंधेरे में पेड़ों को काटकर हरियाली को नुकसान पहुंचा रहे है। उन्होंने चेतावनी दी यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगाई गई, तो क्षेत्र की हरियाली पूरी तरह समाप्त हो सकती है। क्षेत्र में आमो के पेड़ों की कटाई को लेकर भारी नाराजगी है। प्रशासन से भूमाफियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की जा रही है।

# नहर में डूबे मासूम का चार दिन बाद भी सुराग नहीं

## गुस्साए परिजनों ने स्टेट हाइवे पर लगाया जाम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। थाना क्षेत्र के गांव मिलक अख्तियारपुर स्थित रामगंगा पोषक नहर में डूबे 12 वर्षीय मासूम आर्यंस का चार दिन बाद भी कोई पता नहीं चल सका। बच्चे की तलाश न होने से गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने मंगलवार को बिजनौर-बदायूं स्टेट हाईवे पर जाम लगा दिया। करीब कई घंटे तक आवागमन ठप रहा।

सूचना पर एसडीएम शैलेश कुमार दुबे, तहसीलदार मूसराम थारू, नायब तहसीलदार योगेश कुमार लोधी, सीओ अंजलि कटारिया और थाना प्रभारी अमरपाल सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने परिजनों से बात की, लेकिन ग्रामीण नहर का पानी बंद कराने की मांग पर अड़े रहे। काफी समझाने के बाद एसडीएम शैलेश दुबे ने जल्द ही नहर का पानी कम कराने और सर्च ऑपरेशन तेज कराने का आश्वासन दिया। इसके बाद परिजन और ग्रामीण मान गए और जाम खोल दिया गया। बताया जा रहा है कि डिडौली थाना क्षेत्र के गांव मुबारकपुर नूरी निवासी रवि कुमार का बेटा आर्यंस अपने मामा के यहां रहकर पढ़ाई कर रहा था। बीते शुक्रवार को वह खेत पर गया था, जहां अचानक नहर में कूद गया और देखते ही देखते पानी में डूब गया। चार दिन से चल रही तलाश के बाद भी बच्चे का कोई सुराग नहीं मिलने से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर डटी हुई है और बच्चे की तलाश जारी है।

## एक नजर

### अनैतिक गतिविधियों के शक में फार्म हाउस खंगाला

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। मंडी धनौरा रोड स्थित एक फार्म हाउस में अनैतिक गतिविधियों की सूचना पर सोमवार को पुलिस ने छापेमारी की। हालांकि, तलाशी के दौरान पुलिस को कोई संदिग्ध या आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिली। फार्म हाउस के आगंतुक रजिस्टर में दिनांकवार प्रविष्टियां जरूर पाई गईं, जिसके बाद पुलिस ने मामले की अग्रिम जांच के लिए एसडीएम कार्यालय को सूचना देकर लौट गई। मंडी धनौरा रोड पर स्थित एक फार्म हाउस में अनैतिक/अवैध गतिविधियों के संचालन की सूचना पर सोमवार को पुलिस ने छापा मारा। हालांकि, तलाशी के दौरान फार्म हाउस पर पुलिस को कुछ संदिग्ध नहीं मिला।

### यूथ पार्लियामेंट में चमके अमरोहा के छात्र



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। जेएस हिंदू पीजी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के तीन स्वयंसेवकों ने 1 से 3 मई तक आयोजित विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2026 में प्रतिभाग कर जिले का प्रतिनिधित्व किया। उत्तर प्रदेश विधानसभा में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेश भर से लगभग 375 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने बजट-2026 और मिशन-2047 पर अपने विचार रखते हुए युवाओं की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार युवा देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। लखनऊ से लौटने के बाद सभी प्रतिभागियों ने महाविद्यालय पहुंचकर प्राचार्य प्रो. वीर वीरेंद्र सिंह से मुलाकात की। प्राचार्य ने छात्रों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी इसी तरह आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने कहा कि नए सत्र में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए ये छात्र प्रेरणा का स्रोत बनें और महाविद्यालय का नाम रोशन करें।

### भाजपा मंडल की बेठक में संगठन की मजबूती पर जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा/बछरायूं**। नगर के मोहल्ला बकाबाद स्थित पीली कोठी पर भाजपा मंडल बछरायूं की संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिला महामंत्री राजीव चौहान व मंडल प्रवासी मंजीत सिंह ने कार्यकर्ताओं को संगठन को मजबूत करने के टिप्स दिए। बैठक में संगठन विस्तार, बूथ स्तर तक पकड़ मजबूत करने और आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान कई शक्ति केंद्र प्रभारियों की नियुक्ति भी की गई। बैठक में अंकुर अग्रवाल, राजपाल सिंह, शेख चिरगुद्दीन, सुरेश सैनी, अनुज कुमार, नरेंद्र उत्पल, सुनील प्रजापति, अनवर चौधरी, मंगत सिंह, दुष्यंत भड़ाना, सुनील बाल्मीकि, मोहित आर्य, कोशिंद्र यादव, सतीश रस्तोगी मौजूद रहे।



### सीएम के संबोधन का हुआ लाइव प्रसारण

# 18 हजार का चैक मिलते ही खिले शिक्षामित्रों के चेहरे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। शिक्षामित्र सम्मान एवं बढ़े हुए मानदेय वितरण का भव्य समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि समारोह के दौरान मुख्यमंत्री का उद्बोधन लाइव प्रसारित किया गया। जिले के करीब 200 शिक्षामित्रों ने कार्यक्रम में भाग लिया, जिनमें उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षामित्रों को 18 हजार रुपये के प्रतीकात्मक चेक और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि कंवर सिंह तंवर ने शिक्षामित्रों को बढ़े हुए मानदेय की बधाई देते हुए कर्तव्यों के प्रति निष्ठा से कार्य करने का आह्वान किया। वहीं विधायक राजीव तरारा ने शिक्षा क्षेत्र में संचालित सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। जिलाधिकारी डॉ. नितिन गौड़ ने शिक्षामित्रों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए बच्चों की उपस्थिति, शिक्षा स्तर और समग्र विकास पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने भी नामांकन बढ़ाने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. मोनिका सिंह, देवेंद्र खड़्गवंशी सहित संबंधित अधिकारी व बड़ी संख्या में शिक्षामित्र उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने शिक्षामित्रों से कहा कि आपकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने सभी शिक्षामित्रों को प्रोत्साहित किया कि वे बच्चों की नियमित उपस्थिति, पढ़ाई के स्तर और समग्र विकास पर विशेष ध्यान दें।

# सरकारी अस्पतालों में डायरिया के मरीज बढ़े

## बदलता मौसम बना रहा लोगों को बीमार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। मौसम का मिजाज बार बार बदलने से संक्रामक बीमारियों का प्रकोप भी बढ़ने लगा है। बारिश कभी तेज धूप के साथ उमस लोगो का बीमार बना रही है। अस्पतालों में डायरिया, उल्टी दस्त और बुखार के मरीजों में कई गुना इजाफा हुआ है। सुबह से ओपीडी काउंटर से लेकर डाक्टरों के कक्ष और दवा काउंटर पर भीड़ लगी रही। भीड़ के चलते मरीजो को चित्सिक और फिर दवा हासिल करने मे काफी मशक्कत करनी पड़ती है।

तेज गर्मी, बारिश उसके बाद उमस लोगो को बेचौन कर रही है। हालांकि सोमवार को हुई बारिश के बाद कई दिनों से आग उगलती गर्मी से लोगों को थोड़ी राहत मिली।ठंडी हवाओं व हल्की धूप से मौसम सुहावना रहा। मंगलवार को मौसम फिर तब्दील हो गया। बारिश के बाद निकली धूप व उमस ने लोगों को खासा परेशान किया। बदलते मौसम के चलते लोग विभिन्न बीमारियों की चपेट में आकर अस्पताल पहुंच रहे है। मंगलवार को जिला अस्पताल में मरीजों की अच्छी भीड़ दिखाई दी। पर्चा काउंटर से लेकर दवा खिड़की तक मरीजों की लाइन लगी रही। डायरिया व वायरल फीवर बड़ों के साथ बच्चों को भी चपेट मे ले रहा है। बदलते मौसम को देखते हुए चिकित्सक खानपीन में सावधानी बरतने की सलाह दे रहे है।



# नाईपुरा में दम्पत्ति के साथ मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। भाई-बहनों ने पड़ोस के एक व्यक्ति के साथ मारपीट करते हुए घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार नगर के मौहल्ला नाईपुरा निवासी रोहित पुत्र गंगासरन का आरोप है कि वह बीते दिन शाम को अपने घर पर बैठा हुआ था कि तभी पड़ोसी सेंकी ने अपनी बहन संगीता और बब्बो के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट करके घायल कर दिया। रोहित की पत्नी

**तीन भाई-बहनों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज**

बीच बचाव के लिए आई तो उसके साथ भी मारपीट की गई। शोर सुनकर आसपास के लोग एकत्र होने लगे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। काफी देर तक घटनास्थल पर अफरातफरी का माहौल बना रहा। घटना के बाद पीड़ित पक्ष थाने पहुंचा और आरोपियों के विरूद्ध तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करे अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

# मारपीट की दो घटनाओं में आठ पर मुकदमा

## पैसों को लेकर विवाद, दो घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। मारपीट की दो घटनाओं में पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने इन मामलों की जांच शुरू कर दी है। अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के रायपुर खुर्द निवासी शहरान ने गांव के ही रहने वाले तीन सगे भाई वसीम, अजीम, नसीम व नसर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। शहरान का जोया में नारंगपुर के पास मेडिकल स्टोर है। उनका आरोप है कि दो तीन महीने पहले वसीम मेडिकल से दो हजार रुपये की दवाईयां ले गया था लेकिन पैसे नहीं दे रहा था। तीन मई को वसीम कलक्ट्रेट के सामने स्थित तालाब किनारे खड़ा हुआ था। शहरान ने जब अपने पैसों का तकादा किया तो आरोपी ने अपने भाईयों को बुलाकर गाली-गलौज व मारपीट की। बचाव में आए भाई फैजान को भी आरोपियों ने पीटकर घायल कर दिया तथा धमकी देते हुए भाग गए। दूसरी घटना क्षेत्र के ही गांव मझोली की है। यहां पर रहने वाली विनय कुमार की पत्नी नीलम ने गांव के ही श्याम सिंह व उसके बेटे कुलवीर के अलावा धर्मेंद्र व सुमित के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। आरोप के मुताबिक 29 अप्रैल को वह जेठ के बेटे की बारात में बिजनौर गई थीं, परिवार के अन्य लोग भी साथ में गए थे। घर पर पति विनय कुमार अकेले थे, चारों आरोपियों ने उन्हें मारपीट कर घायल कर दिया। मोहल्ले के लोगों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। सीओ अवधभान सिंह भदौरिया ने बताया कि दोनों मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपियों का जल्द चालान किया जाएगा।

# जनता से मिलकर संवाद करें पार्टी कार्यकर्ता

## सपा की बैठक का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गजरौला**। समाजवादी पार्टी की बैठक में विधानसभा धनौरा के कार्यक्रम प्रभारी सौरभ यादव ने कहा कि, सभी मिलकर पार्टी के लिए कार्य करने में जुट जाएं , आपसी मतभेद भुलाकर एकजुट होकर 2027 के लिए काम करेंग्ध

मंगलवार को नगर के बस्ती स्थित राहुल कौशिक के आवास पर हुई बैठक में जिलाध्यक्ष मस्तराम यादव ने कहा कि, समाजवादी कार्यकर्ता मिलकर प्रत्येक गांव, शहर और सेक्टर स्तर तक जाकर जनता से संवाद करें। वर्तमान सरकार संविधान को खत्म करने की साजिश कर रही है। समाजवादी पार्टी संविधान बचाने की लड़ाई लड़ रही है, जिससे प्रत्येक नागरिक के अधिकारों की रक्षा की जा सके। जिला कोषाध्यक्ष विपिन कौशिक ने कहा कि, कार्यकर्ता पार्टी की जान होते हैं, सभी एक होकर राष्ट्रीय अध्यक्ष को मुख्यमंत्री बनाने के लिए काम करें, आने वाला समय



समाजवादी पार्टी का है, गठबंधन मिलकर उत्तर प्रदेश में सरकार बनाएगा। बैठक का संचालन विधानसभा अध्यक्ष आमिर रजा जैदी ने किया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री जगराम सिंह, महमूद अली उर्फ भूरे भाई, चौधरी भूपेंद्र सिंह, आलोक भारती, पूर्व ब्लॉक प्रमुख अशोक चौधरी, डॉ. नरेश कुमार, लता सागर, जितेंद्र प्रताप सिंह, राधेलाल रघुवंशी, देवानंद , चौधरी राजेंद्र सिंह, जितांबर सिंह यादव, सरदार वरुणजीत सिंह, कामिल मंसूरी, डा.राजवर्धन, सचिन यादव, इश्तियाक मालिक, नौशाद शेख, खलील सैफी, अनीस मलिक, योगेश, शाहिद सैफ, अशोक यादव, नन्हे शर्मा, अनिल प्रधान, सुनित कुमार,अफसर शेख आदि मौजूद रहे।

# आग से पकौड़ी विक्रेता का घर जलकर राख

## रात में लगी आग, छप्पर से घर तक पहुंची लपटे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। पकौड़ी विक्रेता के छप्पर में अचानक आग लग गई। जिसकी चपेट में आकर घरेलू सामान, खाद्य सामग्री और नकदी समेत करीब 50 हजार रुपये का नुकसान हो गया। गनीमत रही कि समय रहते परिवार के सभी सदस्य सुरक्षित बाहर निकल आए।

डिडौली क्षेत्र के गांव कटाई में सोमवार देर रात एक पकौड़ी विक्रेता के छप्पर में आग लग गई। अग्निकांड में घरेलू सामान जलकर राख हो गया। गांव निवासी शाकिर अली जोगीपुरा-कटाई मार्ग स्थित नहर के पास कच्चे मकान में परिवार के साथ रहते हैं। वह घर के आगे छप्पर डालकर पकौड़ी व जलेबी बनाकर बेचते हैं। घर के पास ही उन्होंने बच्चों के मनोरंजन के लिए जंपिंग झूला भी लगा रखा है। देर शाम उनकी पत्नी शाहजहां अपने पांच बच्चों के साथ मच्छरों से बचने के लिए जंपिंग झूले में सो रही थीं। जबकि शाकिर अली गांव में ही अपने भाई मोहम्मद रफी के घर गए हुए थे। रात करीब 11 बजे शाहजहां ने छप्पर से उठती आग की लपटें देख शोर मचा दिया और पति को सूचना दी। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और सबमर्सिबल चलाकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक आग छप्पर से कच्चे मकान तक फैल चुकी थी। आग में कपड़े, बर्तन, मैदा, बेसन, चीनी, चार टिन तेल, पशुओं का भूसा और करीब 10 हजार रुपये की नकदी जलकर राख हो गई। मकान स्वामी शाकिर अली ने बताया कि अग्निकांड में करीब 50 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। उन्होंने अज्ञात व्यक्ति द्वारा आग लगाने की आशंका जताई है। फिलहाल, पुलिस को घटना की सूचना नहीं दी गई है।

# बच्चों की सुरक्षा से खिलवाड़ नहीं होगा बर्दाश्त

## पंजीयन लम्बित वाले स्कूलों को जारी किये जायें नोटिसः डीएम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। स्कूली छात्र-छात्राओं के सुरक्षित परिवहन को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपना लिया है। डीएम ने स्पष्ट करा कि बच्चों की सुरक्षा के साथ किसी भी तरह का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. नितिन गौड़ की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में स्कूली वाहनों की स्थिति की समीक्षा की गई, जिसमें कई अनियमितताएं सामने आईं। बैठक में एआरटीओ प्रवर्तन महेश शर्मा ने बताया कि जनपद में कुल 934 स्कूली वाहन संचालित हैं, जिनमें 857 स्कूलों के नाम पंजीकृत और 77 अनुबंधित हैं। इनमें से 72 वाहनों की फिटनेस समाप्त हो चुकी है, जबकि परिवहन विभाग ने 35 वाहनों का पंजीयन निलंबित कर दिया है। इस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक और बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी स्कूलों को तत्काल नोटिस जारी कर फिटनेस प्रमाण-पत्र अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने साफ कहा कि बच्चों की सुरक्षा के साथ किसी भी तरह का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी गरिमा सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. प्रवेश कुमार, बीएसए डॉ. मोनिका सिंह सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# अमरोहा को स्वच्छता में अव्वल बनाने की तैयारी

## ईओ ने बैठक कर कर्मियों को दिये निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। अधिशासी अधिकारी डा. ब्रजेश कुमार ने सफाई निरीक्षकों व नायकों को निर्देश देते कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में शत-प्रतिशत योगदान देते हुए पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करें और शहर के सौंदर्यकरण को बनाए रखें।

स्वच्छ व सुंदर शहर के लक्ष्य को लेकर नगर पालिका में फील्ड सर्वेक्षण और उसके मूल्यांकन के मद्देनजर बैठक आयोजित की गई। अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार ने सभी सफाई निरीक्षकों, सफाई नायकों और डोर-टू-डोर वाहन चालकों को निर्देश दिए गए कि वे स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में शत-प्रतिशत योगदान देते हुए पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करें और शहर के सौंदर्यकरण को बनाए रखें। कहा कि सर्वेक्षण के दौरान शहर के प्रमुख मार्गों, सड़कों, नाला-नालियों, चौराहों और धार्मिक स्थलों की साफ-सफाई, कचरा प्रबंधन तथा नागरिक फीडबैक पर विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक में प्रकाश, जलकल और सफाई व्यवस्था से जुड़े अवर अभियंता और पटल प्रभारी भी मौजूद रहे। इस अवसर पर



डीपीएम नदीम अख्तर ने स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) के तहत सफाई नायकों और वाहन चालकों को क्षमता संवर्धन के लिए विस्तृत प्रशिक्षण दिया। बैठक में सफाई निरीक्षक मोहम्मद इल्तिजा, जगत सिंह, साजिद जिया, आईटीसी डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर यशपाल सिंह सहित सभी संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जमीनी विवाद में दो पक्षों में चले लाठी डंडे

## दोनों ओर से एनसीआर दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चलने से अअफरा तफरी मच गई। पुलिस ने दोनों ओर से एनसीआर दर्ज कर ली है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव सिहाली जागीर में सोमवार की शाम दो पक्षों में जमीनी विवाद को लेकर कहासुनी होने के बाद गाली गलोंच होने लगी। उसके बाद देखते ही देखते दोनों पक्षों के लोगों के हाथों में लाठी डंडे निकल आये तथा एक दूसरे पर हमला बोल दिया। लाठी डंडे चलने से हालात इतने बदतर हो गये कि जिसको जहां को मौका मिला उसने उस पर ही लाठी डंडे बरसाने शुरू कर दिये। लाठी डंडे चलने के कारण मौके पर चीख पुकार मच गई। किसी ने लाठी डंडे चलने एवं मारपीट होने का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पुलिस ने दोनों और से एनसीआर दर्ज कर ली हैं। अब पुलिस वायरल वीडियो के आधार पर मारपीट करने वालों की पहचान कर रही है।

# यमराज बना झोलाछाप, मरीज की कर रहा चीर फाड़

## ऑपरेशन करते झोलाछाप का वीडियो वायरल, लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे झोलाछाप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। क्या आप अपनी जान किसी झोलाछाप के हाथ में सौंप सकते हैं। रहरा क्षेत्र से एक ऐसा वीडियो सामने आया है जिसे देखकर आपकी रूह कांप जायेगी। यहाँ एक तथाकथित डॉक्टर (झोलाछाप) बिना किसी डिग्री, बिना किसी स्पेशलाइजेशन और बिना किसी डर के, एक जिंदा इंसान का ऑपरेशन ऐसे कर रहा है जैसे कोई सब्जी काट रहा हो। सोशल मीडिया पर आग की तरह फैल रहे इस वीडियो ने स्वास्थ्य विभाग की नींद उड़ा दी है। वायरल क्लिप में साफ दिख रहा है कि न तो वहां साफ-सफाई है। न ही इमरजेंसी के लिए कोई मशीन है। बस एक गंदा सा कमरा है और हाथ में कटर लिए यह मौत का सौदागर। मानकों की धज्जियां उड़ाते हुए यह झोलाछाप खुलेआम लोगों की जिंदगी से खेल रहा है। हैरानी की बात यह है कि ये क्लीनिक बिना



किसी रजिस्ट्रेशन के धड़ल्ले से चल रहे हैं। हालांकि, लोगों का कहना है कि वीडियो पुराना हो सकता है। लेकिन सवाल यह है कि क्या पुराने गुनाह माफ कर दिये जाएंगे। वीडियो वायरल होते ही स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है।

### सड़क हादसे में युवक गंभीर घायल

**गजरौला**। सड़क हादसे में युवक को गंभीर रूप से घायल करने के आरोप में पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है। थाना रजबपुर के गांव काफूरपुर निवासी निशांत द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे में आरोप है कि उसका भाई विशाल 15 दिसम्बर 2025 को रात के वक्त डयूटी करके स्कूटी से वापस लौट रहा था। सलारपुर गांव के पास उसे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था और डॉक्टरों को उसका बांया पैर भी काटना पड़ा।

# बिजली संकट से फैक्ट्रियां दो दिन नहीं चलीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। अमरोहा मार्ग स्थित औद्योगिक इकाइयों में बिजली संकट ने हालात बिगाड़ दिए हैं। दो दिन से इंडस्ट्रियल सप्लाई ठप रहने के कारण फैक्ट्रियों में उत्पादन पूरी तरह बैठ गया है। मशीनें बंद पड़ी हैं और कच्चा माल खराब होने की कगार पर है, लेकिन जिम्मेदार विभाग बहानेबाजी में जुटा नजर आ रहा है।

न्यू फॉर्म फ्रोजन मटर प्लांट, नोरेक्स फ्लेवर्स प्राइवेट लिमिटेड और मैदा प्लांट समेत तीन बड़ी इकाइयों को सोमवार सुबह से ही बिजली नहीं मिल सकी। पूरे दिन सप्लाई गायब रही, जिससे उत्पादन पूरी तरह रुक गया। देर रात लाइन सही होने का दावा किया गया, लेकिन मंगलवार को फिर वही हाल दिन भर बिजली आंख-मिचौली खेलती रही और फैक्ट्री प्रबंधन हाथ पर हाथ धरे बैठा रहा। उद्यमियों का कहना है कि इस तरह की लचर व्यवस्था से उद्योग चलाना मुश्किल हो गया है। खासकर फ्रोजन मटर प्लांट में समय पर प्रोसेसिंग न होने से कच्चा माल खराब हो रहा है, जिससे सीधा लाखों का नुकसान हो रहा है। फ्लेवर और मैदा फैक्ट्री में भी उत्पादन चक्र पूरी तरह गड़बड़ा गया है। ऑर्डर समय पर पूरे न होने से बाजार में साख पर भी असर पड़ रहा है।

# कार्यकाल खत्म होने से पहले प्रधानों की हुंकार

## हमें ही बनाओ प्रशासक, नहीं तो विकास पर लगेगा ब्रेक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। स्थानीय ब्लॉक सभागार में मंगलवार को ग्रामीण सत्ता पंचायती राज संघ के बैनर तले क्षेत्र के ग्राम प्रधानों की एक अहम बैठक हुई। बैठक में प्रधानों के कार्यकाल खत्म होने और आगे की व्यवस्था को लेकर खुलकर चर्चा हुई।

जिला अध्यक्ष उधम सिंह गिल ने साफ कहा कि 25 मई को मौजूदा ग्राम प्रधानों का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। ऐसे में सरकार को चाहिए कि गांवों में कामकाज सुचारू रखने के लिए मौजूदा प्रधानों को ही प्रशासक बना दे। उनका कहना था कि प्रधान गांव की हर छोटी-बड़ी समस्या को समझते हैं, इसलिए उनके रहते विकास कार्यों में कोई रुकावट नहीं आएगी। बैठक में मौजूद प्रधानों ने एक सुर में इस मांग का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि अगर बाहर से किसी अधिकारी को प्रशासक बनाया गया तो गांवों के कामकाज की रफ्तार धीमी पड़ जाएगी और लोगों को दिक्कतें झेलनी पड़ेंगी। प्रधानों ने यह भी तय किया कि वे जल्द ही अपनी मांगों को लेकर उच्च अधिकारियों के माध्यम से सरकार को ज्ञापन भेजेंगे। बैठक में अनुज कुमार, नितिन सिंह, नितिन यादव, भगवंत सैनी, जितेंद्र सैनी, राजपाल सिंह, जसमीन जग्गा, विक्रम सैनी, शिवानी, गंगासरन, रोहित, जीतपाल, सद्दाम अली, यूसुफ, जावेद, पुष्कर, लाल सिंह, चरण सिंह, धर्मवीर भाटी, पंकज त्यागी, चंद्रप्रकाश, चीनू जाटव, आरिफ सैफी, इकराम चौधरी, इल्यास, फाजिल जैदी और हरीश यादव समेत बड़ी संख्या में प्रधान और पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सीओ कार्यालय में सुलझेंगे पारिवारिक विवाद

## नहीं लगानी होगी अमरोहा की दौड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। स्थानीय नागरिकों के लिए राहत भरी खबर है। अब पारिवारिक कलह और आपसी विवादों के निपटारे के लिए पीड़ितों को जिला मुख्यालय अमरोहा की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। शासन के निर्देशानुसार, परिवार परामर्श केंद्र को अब स्थानीय सीओ कार्यालय में शिफ्ट कर दिया गया है।

इस केंद्र को सुचारू रूप से चलाने और महिलाओं की समस्याओं को संवेदनशीलता से सुनने के लिए पुलिस प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किये हैं। केंद्र पर एक महिला दरोगा मुन्नी राठी और तीन महिला कांस्टेबलों की विशेष तैनाती की गई है। यह टीम न केवल दोनों पक्षों की काउंसलिंग करेगी, बल्कि टूटे हुए परिवारों को जोड़ने का प्रयास भी करेगी। परिवार परामर्श केंद्र के स्थापित होने से अब समय और पैसे की बचत होगी। पुलिस कर्मियों की मौजूदगी से महिलाएं बेझिझक अपनी बात रख सकेंगी। स्थानीय स्तर पर सुनवाई होने से मामलों का निस्तारण तेजी से होगा। घ्अधिकारियों का कहना है कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य बिखरे हुए परिवारों को फिर से बसाना और कानूनी कार्यवाही से पहले आपसी समझौते को प्राथमिकता देना है। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन के इस कदम की सराहना की है।

# गौकशी के आरोपी की गिरफ्तारी पर ईनाम

## एसपी ने किया 25 हजार घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। गोकशी का प्रयास करने से जुड़ी घटना में फरार आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर है। एसपी ने जिला मुरादाबाद के रहने वाले फरार अभियुक्त हारून की गिरफ्तारी पर अब 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। साथ ही धर पकड़ के लिए टीमें भी लगाई गई हैं।

घटना बीती 19 अप्रैल की रात की थी। डिडौली कोतवाल जितेंद्र बालियान पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में औरंगाबाद बैरियर पर चेकिंग कर रहे थे। उसी दौरान मुखबिर ने उन्हें सूचना दी थी कि क्षेत्र के गांव तवई के जंगल में तालाब के पास कुछ लोग गोवंशीय पशुओं का वध करने की तैयारी कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने बताए गए ठिकाने पर छापा मार दिया था। घेराबंदी के दौरान पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गई थी। आरोपियों की एक गोली कोतवाल जितेंद्र बलियान की बुलेट प्रूफ जैकेट में लगी थी जबकि दूसरी गोली कांस्टेबल दिलशाद के हाथ को छूती हुई निकल गई थी। बाद में पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की थी। इस दौरान पुलिस की गोली पैर में लगने से बिलाल घायल हो गया था जबकि उसके पिता महजाद को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। वहीं, अन्य आरोपी मौका पाकर भागने में कामयाब हो गए थे। मौके से दो जिंदा बैल, एक तमंचा, गोकशी में उपयुक्त होने वाले उपकरण व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ था। पुलिस ने अगले दिन आरोपी पिता-पुत्र का चालान कर दिया था। कोर्ट में पेश करने के बाद दोनों को जेल भेज दिया था। पूछताछ में आरोपियों ने भागने वाले साथी का नाम हारुन पुत्र फारुख निवासी गांव ढकिया थाना डिलारी जिला मुरादाबाद बताया था। पुलिस तभी से आरोपी हारून की तलाश में जुटी है लेकिन तमाम कोशिश के बाद भी वह पुलिस के हाथ नहीं आ रहा है। लिहाजा, एसपी लखन सिंह यादव ने आरोपी हारून की गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। उसे गिरफ्तार करने या कराने वाले को नकद धनराशि से पुरस्कृत किया जाएगा। एसपी ने बताया कि सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

# सिद्धार्थ के सात बच्चों का राई और गुरुकुल के लिए चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। सिद्धार्थ बोर्डिंग एकेडमी में अध्ययनरत एक

■ **एकेडमी में आयोजित समारोह में चयनितों को किया सम्मानित**

बच्चे का राई हरियाणा और छह बच्चों का गुरूकुल कुरूक्षेत्र में चयन होने पर एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। एकेडमी के संस्थापक एवं गिनीज बुक ऑफ रिकार्ड विजेता राम सिंह बौद्ध ने चयनित बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए मेहनत और लगन के साथ पढ़ने का आह्वान किया।



मंगलवार को मण्डी धनौरा मार्ग पर चाकीखेड़ा में स्थित एकेडमी में आयोजित सम्मान समारोह में संस्थापक राम सिंह बौद्ध ने कहा कि चयनित बच्चों के प्रयास और पश्रिम से सीख लेते हुए अन्य बच्चे भी प्रेरणा लें। सफलता के लिए हमें कठिन परिश्रम, धैर्य, आत्मविश्वास और अनुशासन के मार्ग पर चलते रहें। इस मौके पर एमएनएसएस राई हरियाणा के लिये चयनित छात्र विनीत राणा, गुरूकुल कुरूक्षेत्र के लिए चयनित रोहित, यश, शिव, विनीत, कु0अर्ज व कनिष्का का फूल मालाएं पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया।

संस्था के प्रबंधक रविराज ने कहा कि हमारी संस्था में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण और बच्चों के सर्वांगीण विकास पर पूरा ध्यान दिया जाता है। इस दौरान चयनित बच्चों व उनके अभिभावकों ने भी अपने अपने अनुभव साझा किए। इस मौके पर पुनीत गिल, विनोद कुमार, अनुराग शर्मा, रोहताश सिंह, उमा चौधरी, पूजा सिंह आदि मौजूद रहे।

# किसानों की समस्याओं पर गरजी भाकियू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**।। विकास खंड धनौरा में भाकियू (टिकैत) की मासिक पंचायत में किसानों की समस्याएं प्रमुखता से उठाई गईं। अध्यक्षता साबिर खां व संचालन रामवीर सिंह ने किया।

किसानों ने 60 वर्ष से अधिक आयु पर पांच हजार रुपये मासिक पेंशन और आयुष्मान कार्ड की आयु सीमा 70 से घटाकर 60 वर्ष करने की मांग रखी। सहकारी बैंकों की 7 प्रतिशत ब्याज दर पर नाराजगी जताते हुए इसे 3 प्रतिशत करने की मांग की गई। आवारा पशुओं से फसलों को नुकसान, खतौनी में त्रुटियां, राशन कार्ड काटे जाने और स्मार्ट मीटर के विरोध जैसे मुद्दे भी उठे। पंचायत में इन समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की गई। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक कुमार, मंडल उपाध्यक्ष कर्मवीर सिंह, वकील अहमद, रामवीर सिंह, धर्मपाल, पवन सिंह, मुकेश शर्मा, राजू सिंह, जगदीश सिंह, करन सिंह, खुर्शीद अहमद, राहुल, राजा जी, गजेंद्र सिंह, अतर सिंह, नरेश सिंह, सुनील सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## गौशालाओं में बेहतर देखभाल को लेकर डीएम ने दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** जनपद की समस्त गौशालाओं के पर्यवेक्षण हेतु जनपद स्तरीय अनुश्रवण एवं मूल्याकंन समिति की जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनपद की समस्त गौशालाओं में लू/गर्मी से निराश्रित गौवंशों को बचाने हेतु एवं गौवंशो को स्वच्छ, शीतल जल को उपलब्ध कराने हेतु समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

50 से कम गौ आश्रय स्थल को बन्द करने का प्रस्ताव अस्वीकृत करते हुये इन गौशालाओं इस गौशालाओं विस्तारीकरण किये जाने तथा पशुओं की संख्या बढाये जाने हेतु निर्देशित किया गया। गौवंश के भरण पोषण हेतु भूसा दान में प्राप्त करने हेतु सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी एवं उप जिलाधिकारियों को कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

उक्त के अतिरिक्त गौ आश्रय स्थलों में संरक्षित गौवंश के लिए हरा चारे की व्यवस्था करने हेतु स्थानीय कृषको से उनकी भूमि पर अनुबंध के आधार पर हराचारा उत्पादन करने के सम्बन्ध में कार्यवाही की जाने हेतु निर्देशित किया गया।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, समस्त उप जिलाधिकारी एवं समस्त खण्ड विकास अधिकारी व जनपद स्तरीय समस्त समिति के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक का संचालन डॉ प्रवीण कुमार त्यागी मुख्य चिकित्साधिकारी के द्वारा किया गया।

## भ्रष्टाचार पर फूटा किसानों का गुस्सा

- बिलसंडा ब्लॉक में भाकियू भानु का धरना
- आवास-शौचालय घोटाले व सचिव पर गंभीर आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बीसलपुर।** बिलसंडा ब्लॉक क्षेत्र में कथित भ्रष्टाचार और अनियमित. ताओं को लेकर किसानों और ग्रामीणों का गुस्सा आखिरकार सड़क पर उतर आया। भारतीय किसान यूनियन भानु के बैनर तले जिला अध्यक्ष भजनलाल क्रोधी की अध्यक्षता में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया, जिसमें ग्राम निधि के दुरुपयोग, आवास योजना और शौचालय निर्माण में धांधली सहित कई गंभीर आरोप लगाए गए।



किसानों ने आरोप लगाया कि ब्लॉक क्षेत्र में कई विकास कार्य या तो अधूरे पड़े हैं या केवल कागजों में ही पूर्ण दिखा दिए गए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना में पात्र लोगों को लाभ नहीं दिया जा रहा, जबकि अपात्रों को प्राथमिकता दी जा रही है। ग्राम कनपरी निवासी सचिन कुमार, जो योजना के पात्र बताए गए, उन्हें अब तक आवास का लाभ नहीं मिलने से परेशानी झेलनी पड़ रही है। धरने के दौरान ग्राम सचिव विवेक वर्मा पर भी गंभीर आरोप लगाए गए। ग्रामीणों का कहना है कि जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के नाम पर अवैध धन की मांग की गई और विरोध करने पर अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। इतना ही नहीं, सचिव पर नशे की हालत में कार्य करने के आरोप भी लगाए गए, जिससे उनकी कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। इसके अलावा बिजली विभाग के स्मार्ट मीटरों में गड़बड़ी के चलते उपभोक्ताओं को अत्यधिक बिल आने की शिकायतें भी उठाई गईं। वहीं ग्राम तुलापुर में श्मशान घाट न होने के कारण ग्रामीणों को अंतिम संस्कार में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। धरना प्रदर्शन की सूचना पर मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। बाद में एसडीएम बीसलपुर और बीडीओ बिलसंडा मौके पर पहुंचे और किसानों की समस्याएं सुनीं। अधिकारियों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर समाधान का आश्वासन दिया।हालांकि सचिव विवेक वर्मा के मौके पर न पहुंचने से उनकी भूमिका पर और भी सवाल खड़े हो गए हैं। साथ ही ब्लॉक में तैनात एडीओ पंचायत कृष्णा पर भी भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे हैं। धरने में मंडल अध्यक्ष लाल मिश्रा, वरिष्ठ मंडल उपाध्यक्ष संचित दीक्षित, जिला मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र गुप्ता, तहसील मीडिया प्रभारी सबलू खान सहित जावेद खान, जफर भाई और दीनदयाल शास्त्री समेत बड़ी संख्या में किसान व पदाधिकारी मौजूद रहे।

### एक नजर

## जहां की थे संतान मुखर्जी...! वो बंगाल हमारा है....अंशुमान तिवारी




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** पश्चिम बंगाल में मिली प्रचंड जीत के बाद देश भर में भाजपा कार्यकर्ताओं मनोबल सातवें आसमान पर है, देश भर में भाजपा की जीत का जश्न मनाया जा रहा है, इसी जश्न के बीच पीलीभीत भाजपा जिला कार्यालय पर बंगाल जीत के जश्न में भाजपा कार्यकर्ता अंशुमन तिवारी द्वारा लगाए गए नारे ष्जहां की थे संतान मुखर्जी...! वो बंगाल हमारा है....ष की गूंज अब हर तरफ सुनाई दे रही है, पीलीभीत निकला ये नारा अब दिल्ली, लखनऊ से लेकर पश्चिम बंगाल तक दस्तक दे चुका है, अंशुमन तिवारी का ये नारा आज सोशल मीडिया से लेकर हर कार्यकर्ता की जुबान पर छाया हुआ है।

## टूटी पुलियों को लेकर किसान नेता की पीडब्लूडी एचसीएन को चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** दो वर्ष पूर्व जनपद में आई भीषण बाढ़ में दही पुलियों का निर्माण अब तक पूर्ण न होने पर किसान नेता गुरदीप सिंह गोगी का गुस्सा भड़क गया, उन्होंने वीडियो के जरिए जल्द कार्य पूर्ण न कराए जाने पर विरोध की चेतावनी भी दी है। इस संबंध में कई किसान नेताओं ने सोमवार को जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने मुलाकात कर शिकायत दर्ज की है। 2 वर्ष पूर्व जनपद में आई भीषण बाढ़ में पीलीभीत माधोटांडा रोड पर स्थित कई पुलिया टूट कर बह गई थी जिनका निर्माण कार्य अभी तक पूर्ण न होने कर आम जनता में नाराजगी है।

## मिड-डे मील में बड़ी लापरवाही डीएम ने दिए जांच के आदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

> **रजिस्टर और वास्तविक उपस्थिति में मिला भारी अंतर, ग्रामीणों में आक्रोश, निष्पक्ष जाँच की मांग**

**पीलीभीत।** बीसलपुर क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय रसूला में मिड-डे मील योजना (एमडीएम) में गंभीर अनियमितताओं का मामला प्रकाश में आया है। इस प्रकरण ने विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं, जिससे स्थानीय ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने विस्तृत जांच का आश्वासन दिया है।

जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने इस संबंध में कड़ा रुख अपनाते हुए निष्पक्ष और विस्तृत जांच के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि बच्चों के हितों के साथ किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा और यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी दोषी पाया जाता है, तो उसके खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

विद्यालय की इंचार्ज आस्था सक्सेना ने अपने ऊपर लगे आरोपों को निराधार बताते हुए तर्क दिया कि उस दिन गैस उपलब्ध न होने के कारण भोजन वैकल्पिक व्यवस्था से बनाया गया था। हालांकि, खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) की निरीक्षण रिपोर्ट ने इन दावों पर सवाल उठा दिए हैं। बीईओ ने निरीक्षण के दौरान पाया कि विद्यालय में गैस सिलेंडर मौजूद होने के बावजूद भोजन अन्य माध्यमों से तैयार किया जा रहा था।

जांच में सबसे चौंकाने वाला तथ्य उपस्थिति रजिस्टर और बच्चों की वास्तविक उपस्थिति के बीच का अंतर रहा। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कागजों पर बच्चों की संख्या अधिक दर्ज थी, जबकि मौके पर कम बच्चे उपस्थित थे। हालांकि, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने फिलहाल किसी बड़ी अनियमितता से इनकार किया है, लेकिन खंड शिक्षा अधिकारी की रिपोर्ट कुछ और ही बयां कर रही है।

इस घटना को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में जबरदस्त उबाल है ग्रामीण अरविंद, पंकज और अमन ने कहा कि बच्चों के अधिकारों के साथ अन्याय हो रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि विभाग केवल औपचारिक कार्रवाई कर मामले को दबाने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने प्रशासन से पारदर्शी जांच की मांग की है ताकि सच्चाई सामने आ सके।

## दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत, तीन गंभीर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बीसलपुर।** बीसलपुर-बरेली मुख्य मार्ग पर ग्राम मडरा सुमन के समीप मंगलवार को दो बाइकों की भीषण भिड़ंत हो गई। इस सड़क हादसे में दोनों बाइकों पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे राहगीरों ने आनन-फानन में एंबुलेंस की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीसलपुर पहुँचाया, जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।



मिली जानकारी के अनुसार, बीसलपुर तहसील के थाना करेली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम मीरपुर बिलासपुर निवासी कमलेश और बृजेश (दोनों पुत्र राजेंद्र प्रसाद) बरेली से बीसलपुर एक शादी समारोह में सम्मिलित होने के लिए बाइक से आ रहे थे। वहीं, बीसलपुर के मोहल्ला बख्ताव. रलाल निवासी विकास सक्सेना पुत्र महेंद्र सक्सेना अपनी बाइक से बरेली की ओर जा रहे थे जैसे ही दोनों बाइकें ग्राम मडरा सुमन के पास पहुँचीं, उनकी आपस में जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए। मौके पर मौजूद राहगीरों ने मानवता दिखाते हुए घायलों को संभाला और अस्पताल भेजा। बीसलपुर साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों ने बताया कि तीनों घायलों को काफी गंभीर चोटें आई हैं। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है, जहाँ उनका उपचार जारी है। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में को. हराम मच गया।

## हास्य दिवस पर हंसी की महक से गूंज उठा बेन-हर परिसर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** बेन-हर गुरुकुल और बेन-हर किड्स वर्ड स्कूल की दोनों ही शाखाओं में आज कक्षा प्री-नर्सरी से लेकर पाँचवीं तक के विद्यार्थियों द्वारा विश्व हास्य दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस उपलक्ष्य पर प्लेग्रुप से लेकर पांचवी तक अनेक प्रकार की फन एक्टिविटी, फनी डांस, हास्य व्यंग गीत, और अनेकानेक क्राफ्ट एवं क्रेयॉन्स एक्टिविटी संपन्न करवाई गई। विद्यालय की संस्थापिका रंजीत सैहमी ने बच्चों को इस दिन की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह दिवस हँसी-खुशी के वातावरण को बढ़ावा देने तथा तनाव को कम करने के उद्देश्य से मनाया जाता है।



बेनहर पब्लिक की प्रधानाचार्या करिश्मा सैहमी एवं बेनहर गुरुकुल की प्रधानाचार्या डॉ. निर्मल कौर ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हँसी मन और आत्मा के लिए सबसे अच्छी दवा है तथा हँसी-खुशी का माहौल बच्चों के समग्र विकास और उनकी सीखने की क्षमता को बढ़ाता है। बेन-हर गुरुकुल की हेडमिस्ट्रेस पल्लवी पाण्डेय एवं बेनहर किड्स वर्ड की नर्सरी इंचार्ज रीना सक्सेना और मोहिनी उपाध्याय ने इस दिन की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को हास्य योग के महत्व से अवगत कराया व बच्चों का मार्गदर्शन किया।

संपूर्ण कार्यक्रम विद्यालय के एक्टिविटी इंचार्ज गुरस. ेवक सिंह, रोशनी बग्गा एवं एकेडमिक इंचार्ज आयुषी दीक्षित के निर्देशन में संपन्न हुआ। कक्षा 5 के नवरूप सिंह, साधना और अविका पांडे ने अध्यापिका उरनीत कौर के मार्गदर्शन में हास्य सम्राट चार्ली चौप्लिन के मूक अभिनय की प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के सफल संचालन में शिक्षक शिवम शर्मा और रजनी दीक्षित का विशेष सहयोग रहा।

## गांधी प्रेक्षागृह में आयोजित किया गया शिक्षामित्र सम्मान समारोह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** गांधी स्टेडियम स्थित प्रेक्षागृह में भव्य और दिव्य तरीके से शिक्षामित्र सम्मान समारोह का आयोजन मंगलवार को किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर के बाबा गंभीर दास सभागार में उत्तर प्रदेश के शिक्षामित्र सम्मान समारोह को संबोधन किया। जिसका सजीव प्रसारण एलईडी के माध्यम से गांधी प्रेक्षागृह में जिले भर के शिक्षा मित्रों को दिखाया गया।

इससे पहले की शिक्षामित्र सम्मान समारोह कार्यक्रम की शुरुआत जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह, बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद, पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ दलजीत कौर, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रोशनी सिंह, जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य, ललौरीखेड़ा के ब्लॉक प्रमुख अजय सिंह गंगवार, मरौरी की ब्लॉक प्रमुख सभ्यता देवी वर्मा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने अनेक रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी।

नन्हे मुन्ने छात्र-छात्राओं की सभी ने मुक्त कंठ से सराहना भी की। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों एवं जिलाधिकारी ने शिक्षामित्रों को सम्मानजनक तरीके से मंच पर बुलाकर बढ़े हुए अठ्ठारह हजार रुपए की धनराशि का डेमो चेक भी सौंपा। कार्यक्रम के दौरान खास बात यह रही कि जैसे ही शिक्षामित्रों को डेमो चेक सौंपा गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रोशनी सिंह की त्वरित प्रयास के चलते वैसे ही ऑनलाइन समग्र शिक्षा अभियान की ओर से उनके खातों में नगद धनराशि भी भेज दी गई। बढ़े हुए मानदेय का खाते में ऑनलाइन भुगतान होने पर शिक्षामित्र ने मौके पर ही सरकार का आभार व्यक्त किया। जिले के 1457 शिक्षामित्रों हो अप्रैल महीने का बढा हुआ मानदेय भुगतान कर दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार सिंह, शिव शंकर मौर्य, विजय वीरेंद्र सिंह, जिला समन्वयक राकेश पटेल, जितेंद्र चौधरी, सचिन कुमार चौधरी, जिला व्यायाम शिक्षक राजीव कुमार, समस्त शिक्षामित्र संघ के पदाधिकारी महेंद्र पाल वर्मा, राम सिंह राठौर , दिल नवाज खान, हरिओम पांडे सहित जिले भर के शिक्षामित्र उपस्थित रहे।

## रतनगढ़ में चकबंदी पर बवाल, लेखपाल पर मनमानी के आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** ग्राम पंचायत रतनगढ़ में चकबंदी प्रक्रिया को लेकर माहौल गरमा गया है। ग्राम प्रधान गुरबचन सिंह के नेतृत्व में किसानों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर लेखपाल और पैमाइश टीम पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

> **किसानों का हंगामा, बिना सहमति कब्जा परिवर्तन का दावा; डीएम से जांच की मांग**

किसानों का कहना है कि नौला फार्म क्षेत्र में चल रही चकबंदी के दौरान कब्जा परिवर्तन का काम उनकी बिना जानकारी और सहमति के किया जा रहा है। आरोप है कि कई जगहों पर किसानों की गैर मौजूदगी में ही पैमाइश कर मनमाने तरीके से बदलाव किए जा रहे हैं, जिससे उनकी जमीन पर असर पड़ सकता है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं बरती जा रही, और नियमों को ताक पर रखकर काम किया जा रहा है। इससे गांव के चकदारों में नाराजगी बढ़ती जा रही है, और लोगों में आक्रोश साफ नजर आ रहा है। शिकायती पत्र पर बलविन्द राम, दीदार सिंह, लखबीर सिंह, जग्गा सिंह और धनपाल समेत कई किसानों के हस्ताक्षर हैं। किसानों ने मांग की है कि मौजूदा पैमाइश टीम और संबंधित लेखपाल को तुरंत हटाया जाए, और निष्पक्ष जांच कर नई टीम से दोबारा पैमाइश कराई जाए।

## बंगाल जीत पर पूरनपुर में जश्न आतिशबाजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली प्रचंड जीत पर पूरनपुर में पार्टी कार्यकर्ताओं ने जोरदार जश्न मनाया, सुबह से ही भाजपा नगर कार्यालय पर कार्यकर्ता टीवी स्क्रीन पर नजरें टिकाए हुए थे और जैसे-जैसे रुझान पार्टी के पक्ष में आते गए, माहौल उत्साहपूर्ण होता गया भाजपा मण्डल अध्यक्ष हर्ष प्रधान अपने समर्थकों के साथ नगर कार्यालय में मौजूद रहे और लगातार रुझानों पर नजर बनाए रखी शाम करीब 5 बजे जैसे ही भाजपा के पक्ष में बढ़त स्पष्ट होने लगी, कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई और जश्न का सिल. सिला शुरू हो गया।



नगर अध्यक्ष हर्ष प्रधान के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता शहर के साई बैंक्वेट हॉल गेट पर एकत्र हुए, जहां जमकर आतिशबाजी की गई इस दौरान 'जय श्री राम' के गगनभेदी नारे लगाए गए और एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर खुशी साझा की गई जश्न का यह माहौल देर तक जारी रहा और आसपास के क्षेत्र में भी इसका असर देखने को मिला हालांकि, इस उत्सव का असर यातायात व्यवस्था पर भी पड़ा साई बैंक्वेट हॉल के पास बड़ी संख्या में लोगों के जुटने और आतिशबाजी के चलते सड़क पर लंबा जाम लग गया राहगीरों और वाहन चालकों को काफी देर तक इंतजार करना पड़ा, जिससे आमजन को असुविधा का सामना करना पड़ा इस मौके पर हर्ष प्रधान ने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता ने बदलाव का संकेत दिया है और भाजपा के प्रति विश्वास जताया है।

उन्होंने दावा किया कि वहां की कानून व्यवस्था से जनता असंतुष्ट थी और अब परिवर्तन चाहती है उन्होंने बंगाल की जनता का आभार जताते हुए कहा कि भाजपा हमेशा जनता के हितों के लिए कार्य करती रहेगी मण्डल अध्यक्ष ने भी इसे लो. कतंत्र में जनसमर्थन की जीत बताया उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में जनता शोषण, दबंगई और अव्यवस्था से परेशान थी, जिसके चलते यह जनादेश सामने आया है उन्होंने कहा कि यह रुझान देश की राजनीति में एक महत्वपूर्ण संदेश देते हैं स्थानीय स्तर पर हुए इस जश्न ने राजनीतिक उत्साह के साथ-साथ जनजीवन पर भी असर डाला, जहां एक ओर कार्यकर्ताओं ने खुशी का इजहार किया।

## राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने को बैंक अधिकारियों की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देश पर आगामी 9 मई शनिवार को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के उद्देश्य से जनपद न्यायालय सभागार में बैंक प्रबंधकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बरेली के अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह (द्वितीय) ने की।

बैठक में जनपद न्यायाधीश ने बैंक अधिकारियों को निर्देश दिए कि लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि लोक अदालत आम जनता को त्वरित और सुलभ न्याय दिलाने का प्रभावी माध्यम है, इसलिए इसमें लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए। साथ ही अधिक से अधिक मामलों को चिन्हित कर उनके पक्षकारों को नोटिस भेजने पर जोर दिया गया।

नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत एवं अपर जिला जज उमा शंकर कहार ने बताया कि विभिन्न बैंकों से आए अधिकारियों से लोक अदालत में लगाए जाने वाले वादों की जानकारी ली गई है। उन्होंने निर्देश दिए कि चिन्हित मामलों में अधिक से अधिक नोटिस प्रेषित कर पक्षकारों की उपस्थिति सुनिश्चित कराई जाए, जिससे वादों का सफल निस्तारण हो सके।

बैठक में यह भी बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत से पूर्व आज 6 मई से 8 मई तक तीन दिवसीय विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें लघु आपराधिक मामलों के निस्तारण पर विशेष जोर रहेगा। प्राधिकरण सचिव एवं अपर सिविल जज (सीडी) जया प्रियदर्शिनी ने बताया कि सभी न्यायालयों द्वारा ऐसे मामलों का चयन कर लिया गया है, जिन्हें विशेष लोक अदालत में निस्तारित किया जाएगा।

## जनगणना-2027: 7 से 21 मई तक स्व-गणना अभियान, नागरिकों से सहभागिता की अपील

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**बरेली।** जनगणना-2027 के तहत प्रथम चरण "मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना" की प्रक्रिया जनपद में शुरू हो चुकी है। जिलाधिकारी/प्रमुख जनगणना अधिकारी अविनाश सिंह ने सभी नागरिकों से इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में सक्रिय सहभागिता की अपील की है। उन्होंने बताया कि इस बार जनगणना को डिजिटल माध्यम से अधिक पारदर्शी और सुविधाजनक बनाया गया है।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-बरेली।**
**कार्यालय का पता :-विकास भवन, बरेली।**

(निविदा सूचना)

पत्रांक :-87 / ग्रा०अ०वि० / निविदा / 2026-27 / दिनांक :-06.04.2026

[illegible]

1. तालिका के अनुसार कार्यों का विवरण :-

| क्र०सं० | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) (जीएसटी सहित) | धरोहर धनराशि (बिड सिक्योरिटी) (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | बरेली | [illegible] | 8.46 | 0.017 | 766.00 | 03 माह |
| 2. | बरेली | [illegible] | 5.697 | 0.012 | 766.00 | 03 माह |
| 3. | बरेली | [illegible] | 7.377 | 0.015 | 766.00 | 03 माह |
| 4. | बरेली | [illegible] | 8.622 | 0.173 | 766.00 | 03 माह |

2. निविदा बिक्री की अवधि दिनांक : 13.05.2026 से 15.05.2026 तक (पूर्वान्ह 11.00 बजे से अपरान्ह 4.00 बजे तक)
3. निविदा प्राप्ति का अन्तिम दिनांक एवं समय : दिनांक 16.05.2026 मध्यान्ह 12.00 बजे तक
4. निविदा प्राप्ति का स्थान : कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, द्वितीय तल, विकास भवन जनपद-बरेली।
5. निविदा खुलने का दिनांक एवं समय : दिनांक 16.05.2026, अपरान्ह 12.30 बजे
6. अधिक जानकारी के लिये कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, द्वितीय तल, विकास भवन जनपद-बरेली से सम्पर्क कर सकते हैं।

नोट :- उपरोक्त समस्त कार्यों की निविदायें बजट की प्रत्याशा में आमंत्रित की जा रही हैं।

UPID-250801, DATE-04/05/2026
WEBSITE-www.up.gov.in

अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग
प्रखण्ड-बरेली।

## 2027 चुनाव की तैयारियों में जुटने का आह्वान, सपा कार्यकर्ताओं की बड़ी बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** समाजवादी पार्टी कार्यालय बहेड़ी पर जोन प्रभारियों, सेक्टर प्रभारियों व सह सेक्टर प्रभारियों की एक बड़ी बैठक आयोजित की गई, जिसमें भारी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में संगठन को मजबूत करने और 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर विशेष जोर दिया गया।

> **बहेड़ी में जोन व सेक्टर प्रभारियों की मीटिंग, संगठन मजबूती पर जोर**

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश महासचिव व बहेड़ी विधायक, पूर्व मंत्री अताउर्रहमान ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पूरी शिद्दत के साथ चुनावी तैयारियों में जुट जाएं। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता आपसी तालमेल बनाकर पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाएं, और अधिक से अधिक लोगों को समाजवादी पार्टी से जोड़ें। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार को हटाने के लिए सभी वर्गों को एकजुट होना होगा, और 2027 में पीडीए की सरकार बनाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाना है, तभी आम जनता को राहत मिल सकेगी।

विधानसभा अध्यक्ष नासिर रजा खां ने कहा कि संगठन में यदि कोई कमी है तो उसे समय रहते दूर किया जाएगा। उन्होंने दावा किया कि बहेड़ी का संगठन पहले भी विधानसभा, लोकसभा और जिला पंचायत चुनावों में भाजपा के मजबूत नेताओं को पराजित कर चुका है, और आगे भी पूरी ताकत से मैदान में उतरेगा।

दमखोदा ब्लॉक के पूर्व प्रमुख हाजी वफाउर्रहमान ने कहा कि विधायक अताउर्रहमान ने अपनी निधि का उपयोग सभी समाज के विकास में समान रूप से किया है। उन्होंने बताया कि मंदिर, मस्जिद, श्मशान घाट, कब्रिस्तान और अंबेडकर पार्कों में सोलर लाइट लगाने जैसे कार्य कराए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि विधायक धर्म और जाति की राजनीति से ऊपर उठकर सभी को साथ लेकर चलने में विश्वास रखते हैं। बैठक में कई अन्य पदाधिकारियों ने भी अपने विचार रखे और संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। इस दौरान जरेल मवई निवासी सेवानिवृत्त फौजी प्रेमशंकर गंगवार ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की, जिनका विधायक अताउर्रहमान ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष नासिर रजा खां ने की, जबकि संचालन विधानसभा महासचिव हरस्वरूप मौर्य ने किया। बैठक में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे।

# दुष्कर्म के बाद किशोरी की मौत का खुलासा, बीडीसी सदस्य दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** थाना मीरगंज क्षेत्र में किशोरी के संदिग्ध हालात में फंदे पर लटके मिलने के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने दुष्कर्म के आरोप में एक बीडीसी सदस्य को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी ने किशोरी को बहला-फुसलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया, जिससे आहत होकर किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।पुलिस के अनुसार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक संजय तोमर, चौकी प्रभारी पंकज कुमार और चौकी प्रभारी सूरज पाल सिंह ने पुलिस टीम के साथ मंगलवार को मीरगंज कस्बे के साप्ताहिक बाजार के पास छापा मारकर 26 वर्षीय जीशान पुत्र माशूक खां निवासी दियोरिया अब्दुल्लागंज को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी से थाने में कड़ी पूछताछ की गई।



पूछताछ और विवेचना के दौरान पुलिस को मृतका की छोटी बहन और मां से महत्वपूर्ण जानकारी मिली। बताया गया कि किशोरी गांव के स्कूल में कक्षा आठ में पढ़ती थी, जबकि उसकी छोटी बहन कक्षा छह में पढ़ती है और दोनों साथ ही स्कूल आती-जाती थीं।पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी जीशान अक्सर स्कूल के पास तालाब के किनारे किशोरी से मिलता था और उससे बातचीत करता था। वह इस बात को छिपाने के लिए छोटी बहन को 20 से 50 रुपये देता था। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और सर्विलांस की मदद से साक्ष्य जुटाए, जिससे आरोपी की संलिप्तता की पुष्टि हुई।

प्रभारी निरीक्षक संजय तोमर ने बताया कि आरोपी ने किशोरी को बहला-फुसलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया, जिसके बाद मानसिक तनाव में आकर किशोरी ने आत्मघाती कदम उठाया। मामले में पॉक्सो एक्ट की धाराएं बढ़ाई गईं और आरोपी का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।

ग्रामीणों के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी क्षेत्र का बीडीसी सदस्य भी है।इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक संजय तोमर, उपनिरीक्षक पंकज कुमार, उपनिरीक्षक सूरजपाल, हेड कांस्टेबल सूरजपाल और कांस्टेबल नितिन नागर की अहम भूमिका रही।

# कताई मिल रोड पर बंद भट्टे से अवैध पिस्टल संग वांछित पकड़ा

**बहेड़ी पुलिस की कार्रवाई, 32 बोर पिस्टल व दो कारतूस बरामद**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** पुलिस ने एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध पिस्टल व कारतूस बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार, सोमवार की रात बहेड़ी पुलिस टीम गश्त पर थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक वांछित आरोपी कताई मिल रोड स्थित बंद पड़े ईंट भट्ठा ग्राउंड के बरामदे में मौजूद है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

तलाशी के दौरान आरोपी के पास से एक अदद नाजायज पिस्टल 32 बोर तथा दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। गिरफ्तार आरोपी की पहचान समी पुत्र अकरम खान निवासी ग्राम दरऊ, थाना किच्छा, जिला उधमसिंह नगर (उत्तराखंड) के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में अवैध असलहा तस्करी से जुड़े होने का खुलासा हुआ है।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने करीब चार महीने पहले यह पिस्टल मंडनपुर निवासी इशरत पहलवान से, सोमू खान के माध्यम से खरीदी थी। उसने यह भी स्वीकार किया कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर अवैध असलहा खरीद-फरोख्त का काम करता है। पुलिस के अनुसार इस गैंग से जुड़े कुछ लोगों को 19 फरवरी 2026 को भी बहेड़ी पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया जा चुका है, जो कार से पिस्टलों की खेप लेकर आ रहे थे।

गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के अलावा उत्तराखंड में एनडीपीएस एक्ट और गैंगस्टर एक्ट के तहत कई मुकदमे दर्ज हैं।

## एक नजर

### मारपीट का विरोध करने पर दलित युवक को धमकी, रिपोर्ट दर्ज न होने से बढ़ी चिंता

**मीरगंज।** दावत से लौटते समय पत्नी की बहन के साथ हुई मारपीट का विरोध करना कुल्छा गांव निवासी नरेश पाल को भारी पड़ गया। आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोगों ने न सिर्फ उसके साथ अभद्रता की, बल्कि जातिसूचक गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित का कहना है कि धमकी भरी कॉल की ऑडियो रिकॉर्डिंग उसके पास मौजूद है।नरेश पाल ने बताया कि 3 मई को वह अपने ससुर और पत्नी के साथ एक दावत से लौट रहे थे। रास्ते में गणेशपुर स्थित पत्नी की बहन रीना के घर रुके, जहां रीना ने बताया कि उसके ससुर रामचंद्र ने उसे लाठी-डंडों से पीटा है। उसके शरीर पर चोट के स्पष्ट निशान थे।पीड़ित के अनुसार, वापस लौटते समय दुनका बाजार में रीना के ससुर रामचंद्र से इस मामले को लेकर बातचीत हुई, जो जल्द ही कहासुनी में बदल गई। आरोप है कि बीच-बचाव करने पर रामचंद्र ने नरेश पाल को जातिसूचक शब्द कहे और अपमानित किया।नरेश का यह भी आरोप है कि उसी दिन शाम करीब सवा आठ बजे रीना के पति चंद्र प्रकाश ने फोन कर उसे फिर से जातिसूचक गालियां दीं और धमकी दी कि वह उसे और उसके परिवार को गोली मार देगा। पीड़ित का कहना है कि आरोपी ने खुद के पहले जेल जाने की बात भी कही और दोबारा अपराध करने की धमकी दी।पीड़ित का दावा है कि उसने 4 अप्रैल को थाना शाही में रामचंद्र और चंद्र प्रकाश के खिलाफ लिखित शिकायत दी थी, लेकिन अब तक पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। नरेश पाल ने अपनी और परिवार की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है।इस मामले में पुलिस का कहना है कि शिकायत की जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### दहेज की मांग पूरी न होने पर महिला पर धारदार हथियार से हमला, हालत गंभीर

**मीरगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र में मायके से पांच लाख रुपये और बुलेट मोटरसाइकिल की मांग पूरी न होने पर ससुराल पक्ष ने महिला पर धारदार हथियार से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली मीरगंज में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।जानकारी के अनुसार, थाना शाही क्षेत्र के ग्राम बलेही पहाड़पुर निवासी भागवती पत्नी अरविंद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी शादी कुछ वर्ष पूर्व हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग दहेज में पांच लाख रुपये और बुलेट मोटरसाइकिल की मांग कर रहे थे। मांग पूरी न होने पर उसके साथ लगातार मारपीट और मानसिक उत्पीड़न किया जाता रहा।पीड़िता का आरोप है कि रविवार को उसके पति अरविंद, सास जावित्री, देवर वीरेंद्र और चचिया ससुर शिवचरन ने मिलकर उस पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में उसका सिर फट गया और शरीर पर गंभीर चोटें आईं। शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर उसकी जान बचाई, अन्यथा बड़ी अनहोनी हो सकती थी।भागवती ने यह भी आरोप लगाया है कि ससुराल पक्ष पहले भी दहेज के लालच में एक महिला की हत्या कर चुका है, लेकिन उस मामले में समझौता कर लिया गया था, जिससे आरोपियों के हौसले बुलंद हैं।पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### छह माह से मानदेय न मिलने पर मनरेगा कर्मी परेशान

**क्योलडिया।** भदपुरा ब्लॉक के मनरेगा कर्मियों को पिछले 6 माह से मानदेय नहीं मिला है, जिससे उनके सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। मानदेय न मिलने के कारण कर्मियों के परिवारों की आजीविका प्रभावित हो रही है और वे कठिन परिस्थितियों में जीवन यापन करने को मजबूर हैं मनरेगा कर्मियों का कहना है कि वे सरकार के विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यों जैसे क्रॉप सर्वे, फैमिली आईडी, किसान फार्मर रजिस्ट्री एवं बीएलओ ड्यूटी को पूरी जिम्मेदारी के साथ निभा रहे हैं। इसके बावजूद उन्हें समय पर भुगतान नहीं किया जा रहा है। विशेष रूप से क्रॉप सर्वे के दौरान कर्मियों को जोखिम उठाकर काम करना पड़ता है, फिर भी उनकी मेहनत का पारिश्रमिक नहीं मिल पा रहा है ब्लॉक के मनरेगा कर्मी शैलेंद्र कुमार, वीरपाल, गजेंद्र सिंह, सुमित सक्सेना, जितेंद्र कुमार, धर्मेंद्र कुमार, जितेंद्र सिंह, भानु प्रताप, सर्वेश कुमार, उमा चरण, कोमिल प्रसाद, शेखर, सुनील कुमार समेत आदि कर्मचारी इस समस्या से जूझ रहे हैं कर्मियों ने बताया कि मानदेय भुगतान की मांग को लेकर उन्होंने एक सप्ताह की हड़ताल भी की थी, लेकिन इसके बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो सका मनरेगा कर्मियों ने जल्द से जल्द बकाया मानदेय भुगतान की मांग की है।

### मीरगंज में बिजली समस्याओं को लेकर सांसद को ज्ञापन सौंपा

**मीरगंज।** मीरगंज क्षेत्र में बिजली आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं को लेकर समाजसेवी विशाल गंगवार ने सांसद को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि मीरगंज ग्रामीण उपकेंद्र पर करीब 29 हजार उपभोक्ता जुड़े हैं, जो निर्धारित मानक से कई गुना अधिक हैं, जबकि फीडरों की लंबाई भी 40-45 किमी तक है। ऐसे में नए 33 केवी उपकेंद्र की आवश्यकता जताई गई है।ज्ञापन में अधूरे पड़े समसपुर फीडर का कार्य शीघ्र पूरा कराने की मांग की गई। साथ ही समसपुर पीटीडब्लू फीडर पर किसानों को मात्र 7-8 घंटे बिजली मिलने पर नाराजगी जताते हुए इसे 14-15 घंटे करने की मांग की गई।इसके अलावा केबल डालने के बाद कनेक्शन न जोड़ने और ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि न होने की शिकायत भी की है। गहवरा व मनकरा में ट्रांसफार्मर क्षमता बढ़ाने की मांग की गई है।

### दबंगों ने युवक को पीटा, दहशत फैलाने को किए फायर, रिपोर्ट दर्ज

**नवाबगंज।** थाना हाफिजगंज के गांव सुन्डयावा के रहने वाला दिनेश कुमार नगर के गन्ना सोसायटी गेट पर अपने घर के पास बैठा था, कि उसे फोन कर के बुलाया गया, पहुंचने पर उसके साथ दबंगों ने मारपीट शुरू कर दी गई। आरोप है कि दबंगों ने दहशत फैलाने को तमंचे से दो फायर कर डाले, जिससे वहां खलबली मच गई। सचिन और राजा ने उसपर हाकी से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। दिनेश कुमार ने इस मामले में हाफिजगंज के फरीद सिंह का पुत्र अनूप जेलदार, जनपद पीलीभीत के गांव नांद पसिया का सचिन गंगवार, कस्बे की कबाड़खाना रोड के रहने वाले उमेश गुप्ता का पुत्र राजा गुप्ता और आशीष गंगवार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### महिला की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज की पिता-पुत्रें के खिलाफ रिपोर्ट

**मीरगंज।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत ओपीडी की ऑनलाइन बुकिंग सुविधा शुरू कर दी गई है। अब मरीज अस्पताल में लगी लंबी कतारों से बचते हुए मोबाइल के माध्यम से ही पंजीकरण कर सकेंगे। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. वैभव राठौर ने बताया कि मरीज अपने मोबाइल में आभा ऐप डाउनलोड कर सीएचसी परिसर में लगे क्यूआर कोड को स्कैन करके ओपीडी के लिए ऑनलाइन बुकिंग कर सकते हैं। यह सुविधा केवल उन्हीं मरीजों को मिलेगी, जिनकी आभा आईडी पहले से बनी हुई है।उन्होंने बताया कि ऑनलाइन बुकिंग के बाद मरीज को एक घंटे के भीतर अस्पताल पहुंचकर चिकित्सक से परामर्श लेना अनिवार्य होगा।

# बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष रवींद्र पाल सिंह का निधन, शोक में अधिवक्ता कार्यों से रहे विरत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे एडवोकेट प्रेक्टिशनर्स एसोशिएशन के पूर्व अध्यक्ष रवीन्द्र पाल सिंह का सोमवार को निधन हो गया, वे 68 वर्ष के थे।

कई दिनों से अस्वस्थ चल रहे वरिष्ठ अधिवक्ता संगठन के पूर्व अध्यक्ष और रामलील सोसायटी के अध्यक्ष रवीन्द्र पाल सिंह की सोमवार को अचानक तबियत खराब हो गई, जिस पर तत्काल ही उन्हें कस्बे के निजी चिकित्सकों को दिखाया गया, जहां से उन्हें बरेली भेज दिया गया, जहां उपचार के दौरान उन्होंने आखिरी सांस ली।



उनके निधन की सूचना जैसे ही सोशल मीडिया पर वायरल हुई तो कस्बे के साथ ही अधिवक्ताओं में शोक की लहर दौड़ गई। सोमवार को दोपहर बाद उनका कस्बे की श्मशान भूमि में अंतिम संस्कार कर दिया गया। सांसद छत्रपाल गंगवार, विधायक डॉक्टर एमपी आर्य, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर आशुतोष गंगवार, भदपुरा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रवि शंकर गंगवार, भूमि विकास बैंक के निदेशक रवीन्द्र सिंह राठौर, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि नीरेंद्र सिंह राठौर, बार के अध्यक्ष शिशुपाल सिंह गंगवार, सचिव पुष्पाल सिंह गंगवार, पूर्व अध्यक्ष महेश गंगवार, कोषाध्यक्ष वीरेन्द्र पटेल, अधिवक्ता राजीव गंगवार, पूर्व सचिव अशर्फी लाल गंगवार, श्रीपाल गंगवार, हरिप्रसाद गंगवार, केंद्रीय श्रम बोर्ड के सदस्य भुजेंद्र गंगवार, सभासद राजकुमार गुप्ता, व्यापारी नेता विनोद गुप्ता, सभासद सोनू राठौर, उमेश गंगवार, बवलू गंगवार, नत्थू लाल आर्य, दिलीप गुप्ता सहित बड़ी संख्या में लोगों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रृद्धाजंलि अर्पित की। अधिवक्ता अपने पीछे तीन पुत्रों सतेंद्र गंगवार एड, खेमेंद्र सिंह और अधिवक्ता उपेन्द्र पाल सिंह सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। अधिवक्ता के निधन पर स्थानीय अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे।

# वाहन चेकिंग में फंसा शातिर बाइक चोर, पुलिस ने दबोचकर भेजा जेल

**देवरनियां पुलिस की घेराबंदी में आया आरोपी, 2024 में चोरी हुई स्पलेंडर बरामद**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के कड़े निर्देशों पर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली देवरनियां पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए एक शातिर मोटरसाइकिल चोर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल हीरो स्पलेंडर प्लस बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया।

इस कार्रवाई ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि कोतवाली प्रभारी आशुतोष द्विवेदी की अगुवाई में देवरनियां पुलिस अपराधियों के खिलाफ किसी भी स्तर पर ढील देने के मूड में नहीं है। उनकी सख्त रणनीति और तेज कार्रवाई के चलते क्षेत्र में अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है।

जानकारी के अनुसार, सोमवार को देवरनियां पुलिस ग्राम बिचपुरी ढाल पर वाहन चेकिंग कर रही थी। तभी एक युवक मोटरसाइकिल से आता दिखाई दिया, जो पुलिस को देखते ही घबरा गया, और भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए उसे घेराबंदी कर मौके पर ही दबोच लिया।

पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम आकाश पुत्र कुंवरसेन निवासी ग्राम चंदपुर चुबकिया कोतवाली देवरनियां जनपद बरेली बताया। बाइक पर नंबर प्लेट नहीं थी, जिसपर पुलिस ने चेसिस नंबर के जरिए जांच की। जांच में मोटरसाइकिल का नंबर यूपी 25 डीवी 6033 निकला, जो वर्ष 2024 में चोरी हुई थी और जिसका मुकदमा थाना बहेड़ी में दर्ज है।

पूछताछ में आरोपी ने कबूल किया कि वह शौक और खर्च पूरे करने के लिए बाइक चोरी करता है, और उन्हें बेच देता है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस कार्रवाई की जमकर सराहना की है, और कोतवाली प्रभारी की कार्यशैली को लेकर भरोसा जताया है।

इस पूरी कार्रवाई में उपनिरीक्षक पुष्पेन्द्र शर्मा, कांस्टेबल 2908 राजन, कांस्टेबल पवन बंसल व कांस्टेबल बिट्टू सिंह की अहम भूमिका रही।

**शातिर आरोपी का काला रिकॉर्ड**

गिरफ्तार आरोपी आकाश पुत्र कुंवरसेन निवासी ग्राम चंदपुर चुबकिया कोतवाली देवरनियां जनपद बरेली का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। उसके खिलाफ कोतवाली देवरनियां में गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है, जिसमें पॉक्सो एक्ट से जुड़ा मामला भी शामिल है। इसके अलावा थाना बहेड़ी में वर्ष 2024 का मोटरसाइकिल चोरी का मुकदमा भी दर्ज है। पुलिस के मुताबिक आरोपी आदतन अपराधी है, और पहले भी कई घटनाओं में शामिल रहा है।

**सख्त छवि वाले कोतवाली प्रभारी आशुतोष द्विवेदी**

कोतवाली प्रभारी आशुतोष द्विवेदी अपनी सख्त कार्यशैली, तेज निर्णय क्षमता और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के लिए जाने जाते हैं। उनके नेतृत्व में कोतवाली देवरनियां पुलिस लगातार अपराधियों पर प्रभावी कार्रवाई कर रही है, जिससे क्षेत्र में कानून व्यवस्था मजबूत हुई है। स्थानीय लोगों में उनकी कार्यशैली को लेकर विश्वास बढ़ा है, वहीं अपराधियों में उनकी सख्ती का खौफ साफ देखा जा रहा है।

# खेतों में लगे रेजर वायर बने जानलेवा, गौवंश की सुरक्षा को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

मीरगंज । इलाके में फसलों की सुरक्षा के लिए लगाए जा रहे प्रतिबंधित ब्लेड युक्त तार अब निराश्रित पशुओं के लिए गंभीर खतरा बनते जा रहे हैं। क्षेत्र में आए दिन गौवंश के घायल होने की घटनाओं से स्थानीय लोगों और पशु प्रेमियों में आक्रोश व्याप्त है।मंगलवार को सामाजिक सुनीता सिंह ने उप जिलाधिकारी निधि शुक्ला को ज्ञापन सौंपकर इस समस्या पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। उन्होंने कहा कि खेतों के चारों ओर लगाए जा रहे नुकीले तारों से आवारा पशु बुरी तरह जख्मी हो रहे हैं। कई पशु गंभीर रूप से घायल होकर दम तोड़ देते हैं, क्योंकि समय पर उपचार नहीं मिल पाता।ज्ञापन में



प्रशासन से रेजर वायर की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने, ऐसे तारों का इस्तेमाल करने वालों पर कार्रवाई करने और किसानों को सुरक्षित विकल्प अपनाने के लिए जागरूक करने की मांग की गई है।

साथ ही घायल पशुओं के लिए त्वरित उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने की भी अपील की गई है।

सुनीता सिंह ने कहा कि किसानों की फसलों की सुरक्षा जरूरी है, लेकिन इसके लिए ऐसे खतरनाक साधनों का प्रयोग नहीं होना चाहिए, जिससे बेजुबान जानवरों की जान पर बन आए।

# शिक्षामित्रों को मिला मानदेय बढ़ोतरी का तोहफा

**मंत्री की मौजूदगी में सम्मान समारोह संपन्न**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** शिक्षामित्रों के मानदेय बढ़ोतरी के उपलक्ष्य में मंगलवार को विकास भवन सभागार में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान शिक्षामित्रों को प्रतीकात्मक रूप से चेक वितरित कर सम्मानित किया गया।

मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार ने शिक्षामित्रों का मानदेय 10 हजार रुपये से बढ़ाकर 18 हजार रुपये कर दिया है, जो उनके योगदान का सम्मान है। उन्होंने शिक्षामित्रों से बच्चों को बेहतर शिक्षा और संस्कार देने का आह्वान करते हुए कहा कि देश का भविष्य इन्हीं बच्चों पर निर्भर करता है।

उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा बेसिक शिक्षा के ढांचे को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। स्कूलों में शौचालय, फर्नीचर, स्मार्ट क्लास जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। पहले जहां बेसिक विद्यालयों में नामांकन कम होता था, वहीं अब शिक्षकों के प्रयासों से नामांकन में वृद्धि हुई है।

मंत्री ने कहा कि बेसिक विद्यालयों में डिजिटल लैब की सुविधा दी गई है और शिक्षकों को टैबलेट उपलब्ध कराए गए हैं। इसके साथ ही बच्चों को ड्रेस, जूते, मोजे और बैग के लिए धनराशि सीधे अभिभावकों के खातों में भेजी जा रही है। पुस्तकों और मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था भी निशुल्क की गई है। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षामित्रों को कैशलेस चिकित्सा प्रणाली से जोड़ा गया है, जिससे उन्हें स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके।

कार्यक्रम में सांसद छत्रपाल गंगवार, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, विधान परिषद सदस्य बहोरन लाल मौर्य व कुंवर महाराज सिंह, विधायक मीरगंज डॉ. डीसी वर्मा, विधायक नवाबगंज डॉ. एमपी आर्य और भाजपा महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

इस अवसर पर मंडलायुक्त भूपेन्द्र एस. चौधरी, जिलाधिकारी अविनाश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, जिला विद्यालय निरीक्षक अजीत सिंह और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. विनीता समेत संबंधित अधिकारी भी उपस्थित

# एसबीआई ने बहेड़ी में बढ़ाया दायरा, दो ग्राहक सेवा केंद्र शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की बहेड़ी शाखा ने क्षेत्रवासियों को आधुनिक और सुलभ बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से दो नए ग्राहक सेवा केंद्र (मिनी ब्रांच) शुरू किए हैं। इनमें से एक केंद्र होली चौक के पास रेहान रजा खान द्वारा संचालित किया जाएगा, जबकि दूसरा नगर पालिका कंपाउंड में कफील अहमद के संचालन में रहेगा।

**गांव-कस्बे के लोगों को सीधा फायदा, बैंकिंग पहुंच हुई आसान**

इन केंद्रों के खुलने से बहेड़ी और आसपास के हजारों लोगों को अब बैंकिंग सेवाओं के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। यह पहल ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों में बैंकिंग पहुंच बढ़ाने में सहायक होगी।

मंगलवार को आयोजित उद्घाटन समारोह में शाखा प्रबंधक विनीत कुमार ने स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों के साथ मिलकर दोनों केंद्रों का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर क्षेत्र के व्यापारी, सामाजिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

शाखा प्रबंधक विनीत कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि बैंक का उद्देश्य केवल लेन-देन तक सीमित नहीं है, बल्कि हर व्यक्ति तक बैंकिंग सुविधाएं पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि इन ग्राहक सेवा केंद्रों के माध्यम से लोगों को उनके नजदीक ही लगभग सभी प्रमुख बैंकिंग सेवाएं मिलेंगी।

इन केंद्रों पर नया खाता खोलने, प्रतिदिन 30 हजार रुपये तक नकद जमा और निकासी, धनराशि ट्रांसफर, पासबुक अपडेट, केवाईसी अपडेट, फिक्स्ड डिपॉजिट, आवर्ती जमा खाता खोलने, बीमा और पेंशन योजनाओं से जुड़ने जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना जैसी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ भी यहां से लिया जा सकेगा।



ग्राहकों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए इन मिनी ब्रांच का संचालन प्रतिदिन सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक किया जाएगा। ये केंद्र अवकाश के दिनों में भी खुले रहेंगे, जिससे दैनिक मजदूर, व्यापारी और कामकाजी लोग अपनी सुविधानुसार बैंकिंग कार्य कर सकेंगे।

स्थानीय नागरिकों ने शाखा प्रबंधक विनीत कुमार की इस पहल की सराहना की। लोगों का कहना था कि उनके प्रयासों से बहेड़ी क्षेत्र में बैंकिंग सेवाओं का स्तर लगातार बेहतर हुआ है। उनकी सक्रियता, मिलनसार व्यवहार और ग्राहकों की समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता ने बैंक और आम जनता के बीच एक मजबूत विश्वास कायम किया है।

कई स्थानीय व्यापारियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कहा कि विनीत कुमार के नेतृत्व में शाखा ने न केवल अपने कार्यों में पारदर्शिता और गति लाई है, बल्कि आम लोगों को योजनाओं से जोड़ने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके प्रयासों से बैंकिंग सेवाएं वास्तव में जन-जन तक पहुंच रही हैं।

अंत में स्थानीय निवासियों ने भारतीय स्टेट बैंक बहेड़ी शाखा की पूरी टीम को इस सराहनीय पहल के लिए धन्यवाद देते हुए आशा जताई कि भविष्य में भी इसी तरह की जनहितकारी योजनाएं क्षेत्र में लागू की जाती रहेंगी।

# प्लॉट पर कब्जा करने की नियत से बाउंड्री गिराई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** फतेहगंज पूर्वी के बाजार जनूरी की रहने वाली मंजू गुप्ता का प्लॉट कस्बे से सटे गांव रिछोला किफायतुल्ला में है। महिला ने यह प्लॉट वर्ष 2022 में हरदुआ के चेतराम पुत्र लालता प्रसाद से खरीदा था।

बताया जाता है कि महिला ने अपने प्लॉट और बाउंड्री करा दी थी। मंगलवार को जब वह अपने प्लॉट पर गई तो उसकी 5-6 फिट बाउंड्रीवाल गिरी मिली।

आरोप है कि कॉलोनाइजर अब्दुल अलीम उर्फ छोटे, उसके दोनों पुत्रों फुरकान, मो0 इमरान महिला का प्लॉट पर कब्जा करना चाहते हैं।

महिला मंजू गुप्ता जब 2 मई को पुनः अपने प्लॉट पर गई तो कॉलोनाइजर पिता पुत्रों ने उसके साथ गाली गलौज करने और मारपीट कर भगा दिया, और प्लॉट पर आने पर जाने से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# नगरपालिका पर भड़के व्यापारी, बोले-नहीं हो रहा शहर का विकास

## उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी नारेबाजी करते हुए पहुंचे कलक्ट्रेट

### विभिन्न मांगों को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** उद्योग व्यापार प्रति. निधिमंडल के पदाधिकारियों का गुस्सा आखिरकार आज नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ फूट पड़ा। व्यापार मंडल के तमाम पदाधिकारी मंगलवार को पालिका प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जुलूस की शक्ल में कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां पर उन्होंने पालि. का प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि शहर का विकास पूरी तरह से ठप हैं। 13 साल होने के बाद भी बापू मॉल शुरू नहीं हुआ है। अभी तक दुकानों में कनेक्शन नहीं हैं। जिससे दुकानदारों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। इसके बाद विभिन्न मांगों को लेकर सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा।

मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी के नेतृत्व में तमाम पदाधिकारी तिलकनगर कालोनी में एकत्र हुए। यहां से सभी नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां पर नगर पालिका प्रशासन की कार्यप्रणाली पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि नगर पालिका परिषद रामपुर लापरवाही कर रही है और जनता की समस्याओं से उसका कोई सरोकार नहीं हैं। शहर का विकास कार्य पूरी तरह से ठप है। केवल टेंडर तो जारी हो रहे हैं लेकिन विकास कार्य नहीं हो रहे हैं। उनका कहना था कि करीब 25 करोड़ रुपये की लागत से बापू माल तैयार कराया गया था। उस वक्त कहा गया था कि माल पर सस्ती कीमत पर फुटकर दुक. ानदारों को दुकानें मुहैया कराई जाएंगी। जिससे सड़कों पर लगने वाले जाम से भी निजात मिलेगी। उनका कहना था कि करीब 13 साल का लंबा वक्त बीत जाने के बाद भी माल चालू नहीं हो सका है। अभी भी फुटकर दुकानदार सड़क किनारे बैठकर अपनी रोजी-रोटी कमाने को मजबूर है। वहीं हाउस टैक्स व वॉटर टैक्स को 50 गुना बढ़ाकर आम जनता व्यापारी पर अतिरिक्त भार डाल दिया। टैक्स जमाा न करने वालों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं। नियमानुसार बढ़ाए गए टैक्स पर रोक लगाई जाए। वहीं व्यापारियों का कहना था किहा. मिद स्कूल के सामने बना डिवाइडर बहुत ही छोटी और पतली सड़क पर मनमाने तरीके से लगा दिया गया है। जिससे जाम की समस्या बढ़ रही है। इसके बाद विभिन्न मांगों के निस्तारण के लिए सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर राजीव शर्मा, अरविंद गुप्ता, महफूज हुसैन, पप्पू खान, अब्दुल बासिक, शाहिद मामू, दिलशाद हुसैन बाबू का टायर वाले, फहीम अहमद, रमेश सैनी, कन्हैया लाल पटवा आसिफ उल्ला खान, शराफत , हंसराज अरोरा ,बाबर खान, प्रवीण गुर्जर, सोहेल खान, संगठन मंत्री सीबू खान आदि मौजूद रहे।

# जिला अस्पताल में महिला की मौत के मामले में स्टॉफ को क्लीन चिट

## लापरवाही का आरोप लगने पर तीन कर्मचारियों को जारी किया गया था नोटिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** जिला अस्पताल में भर्ती महिला की कुछ दिन पहले मौत हो जाने के बाद जमकर बवाल हुआ था। महिला को सांस लेने में दिक्कत थी, जिस पर परिजनों ने उसे भर्ती कराया था। हालत गंभीर होने पर डाक्टरों ने महिला को बाहर रेफर कर दिया था। परिजन महिला को लेकर जा ही रहे थे कि उसकी मौत हो गई थी। इसके बाद आक्रोशित परि. जनों ने जमकर हंगामा करते हुए स्टाफ पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया था। सीएमएस व पुलिस ने किसी तरह से मामले को शांत कर तीन स्टॉफ कर्मचारियों को नोटिस जारी किया था। हालांकि जांच में आरोप सही न पाए जाने पर तीनों को क्लीन चिट दे दी गई है।

बताते चलें कि अजीमनगर थाना क्षेत्र के ग्राम भोट बक्काल निवासी सत्यप्रकाश की पत्नी चंद्रावती की तबियत खराब हो गई थी। उसे सांस लेने में दिक्कत आ रही थी। जिस पर 16 अप्रैल की सुबह उसे जिला अस्पताल लेकर परिजन आए। हालात ठीक न होने पर इमरजेंसी वार्ड में भर्ती किया गया। दोपहर में डॉ. ओपी राय के निर्देशन में इलाज जारी रहा और बाद में मरीज को मेडिकल महिला वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया। लेकिन रात करीब 9 बजे उनकी हालत अचानक बिगड़ने लगी। गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें दोबारा 16/17 की देर रात इमरजेंसी वार्ड में लाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजन आक्रोशित हो गए और अस्पताल परिसर में हंगामा शुरू कर दिया। आरोप है कि इलाज में लापरवाही के कारण महिला की जान गई। देखते ही देखते परिजन मारपीट पर उतारू हो गए, जिससे अस्पताल स्टाफ में अफरा-तफरी मच गई। स्टाफ ने किसी तरह खुद को सुरक्षित करते हुए पुलिस को सूचना दी।

### काफी मुश्किल के बाद शांत हुए थे परिजन

मौके पर पहुंची पुलिस ने करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद स्थिति को काबू में किया। इस दौरान परिजन शव को ले जाने से इनकार करते रहे और दोषी स्टाफ के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। परिजनों का आरोप था कि महिला की हालत बिगड़ने पर वह लोग बार-बार स्टॉफ को बुला रहे थे लेकिन कोई देखने नहीं आया। जिस कारण उसकी मौत हुई है। मामले को शांत कराने के लिए सीएमएस डॉ बृजेश चन्द्र सक्सैना ने परिजनों को समझाया और आश्वासन दिया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इसके बाद मामला शांत हुआ। इस मामले में सीएमएस ने तीन कर्मचारियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। सीएमएस ने बताया कि जांच में उन पर लगे लापरवाही के आरोप निराधार हैं। जिस कारण तीनों को क्लीनचिट दे दी गई है।

# अवकाश में जनगणना ड्यूटी करने वाले शिक्षकों को मिले उपार्जित अवकाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

रामपुर। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल व पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने बीएसए को पत्र देकर गर्मियों में जनगणना ड्यूटी करने वाले शिक्षकों को उपार्जित अवकाश देने की मांग की है।

संगठन के जिलाध्यक्ष डॉ. राजवीर सिंह व जिला महामंत्री अंजुम स्नेही सक्सेना ने बीएसए को दिए गए पत्र में कहा कि मई-जून मे गर्मियों का अवकाश रहता है। ऐसी स्थिति में हर सरकारी विद्यालय बंद रहते हैं। इसके बाद भी आगामी चुनावों के मद्देनजर शिक्षकों को जनगणना ड्यूटी पर लगा दिया गया है। जिससे शिक्षक स्कूल बंद होने के बाद भी भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप में क्षेत्र में निकलकर जनगणना का काम करेंगे। यह कार्य शिक्षकों पर अतिरिक्त बोझ है। पर यह सरकारी काम है तो शिक्षक विश्राम के समय भी इन कामों को पूरी मेहनत-ईमानदारी से पूरा करेंगे। लिहाजा शिक्षकों को उपार्जित अवकाश दिया जाए।

# मौसम ने ली फिर करवट, बूंदाबांदी के बाद मौसम हुआ सुहाना

## 13-15 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवा, मौसम वैज्ञानिकों ने जताए बारिश और पानी के आसार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** लगातार बदल रहा मौसम का मिजाज इस बार हर किसी के समझ से परे हैं। अप्रैल में पहले तो मई-जून की जैसी गर्मी का अहसास करा दिया लेकिन अब हालात उल्टे हो गए है। लगातार होने वाली बारिश और तेज आंधी से जहां गर्मी का सितम कम कर दिया हैं वहीं अन्य परेशानियां बढ़ा दी हैं। बारिश-आंधी से अचानक शहर की बिजली घंटों के लिए गुल कर दी जाती है। इसके अलावा किसानों को भी काफी नुकसान हो रहा है। मौसम का असर यह है कि मंगलवार को उच्चतम तापमान घटकर 29 तक पहुंच गया है। जबकि न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। वहीं 13 से 15 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चली। हवा में नमी 60 फीसदी दर्ज की गई। इसके अलावा बदल रहा मौसम बच्चों के साथ ही बुजुर्गों की सेहत के साथ भी खिलवाड़ कर रहा है।

मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो आगामी सात दिन तक आंधी-पानी के आसार। पश्चिमी विक्षोभ के कारण रामपुर में हल्की या फिर तेज बारश हो सकती है। जबकि आगामी दिनों में 46-60 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चलने का भी अनुमान है। वहीं दिन भर बादल छाने के साथ ही गरज-चमक के साथ बारिश की भी आशंका जाहिर की जा रही है। सुबह-शाम उमस भरी गर्मी की संभावना है। वहीं मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि तेज आंधी के दौरान पेड़ गिरने और बिजली के पोल से नुकसान होने की संभावना है, इसलिए सुरक्षित स्थानों पर रहें।

**बेमौसम बारिश से फसलों को हो रहा है नुकसान**

उत्तर प्रदेश के कई जिलों में आंधी-बारिश और ओले गिरने से किसानों की फसलें चौपट हो गई हैं। बागवानी किसानों को भी बड़ा नुकसान हुआ है। मुख्यमंत्री योगी ने किसानों को हुए नुकसान की भरपाई करने के लिए मुआवजा देने का आदेश दिया है।

आंधी-पानी और बेमौसम बारिश से उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों में किसानों को भारी नुकसान हुआ है। गेहूं, मक्का, आम और सब्जियों की फसलें पूरी तरह जमींदोज होकर बर्बाद हो गई हैं, जिससे [ मक्का जैसी फसलें उठने लायक नहीं रहीं. बागवानी में आम की फसल को भी काफी नुकसान हुआ है, वहीं मक्का की फसल में जंगली जानवरों का खतरा बढ़ गया है।

### सतर्क रहें अधिकारी, जनता की मदद के लिए करें प्रयास: सीएम

सीएम योगी आदित्यनाथ ने आंधी-बारिश और ओलावृष्टि से हुए नुकसान का 24 घंटे में मुआवजा देने का आदेश दिया है। इसके साथ ही सीएम ने खराब मौसम की स्थिति को देखते हुए प्रशासनिक अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए पूरी प्रशासनिक मशीनरी सक्रिय रहे। सीएम ने कहा कि जनता की मदद के लिए हर संभव प्रयास किया जाएं, ताकि विपरीत मौसम का असर न्यूनतम रहे।

### मंगलवार को बूंदा-बांदी के बीच घर लौटे बच्चे

सुबह से बदली छाए रहने के कारण मंगलवार को मौसम काफी खुशगवार था। हालांकि देर रात से ही सिविल लाइंस, शहर और ज्वालानगर क्षेत्र की बिजली गुल कर दी गई थी। जो काफी देर बाद सुचारू रूप से चालू हो सकी। वहीं मौसम बेहतर होने से सड़कों पर भी खासी चहल-पहल देखने को मिली। हालांकि दोपहर को शुरू हुई बूंदा-बांदी के कारण कई स्थानों पर स्कूलों से लौट रहे बच्चे भीगते हुए नजर आए।

# कनेक्शन होने के बाद भी दबंग नहीं लगने दे रहे लाइन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** उत्तराखंड की सीमा से सटे स्वार के कुछ लोगों ने सिटी मजिस्ट्रेट के जरिए डीएम को ज्ञापन भेजा है। उनका कहना है कि वह लोग काश्तकार हैं और स्वार के अलीनगर जागीर में उनकी जमीन है। उन्होंने बिजली कनेक्शन के लिए सभी आवेदन पूरे कर लिए हैं। कनेक्शन की फीस भी जमा कर दी है। जिसकी रसीद भी उनके पास हैं। अब अलीनगर के कुछ दबंग लोग उनकी लाइन नहीं बिछने दे रहे हैं। जहां पर मीटर लगना है वह रास्ता कागजों में चार फिट का है लेकिन उस पर कब्जा कर लिया गया है। लाइनमैन आते हैं तो वह लोग दबंगई दिखाते हुए भगा देते हैं। अगर वह लोग जाते हैं तो मारपीट करने पर आमादा हो जाते हैं। उन्होंने लेखपाल से पैमाइश कराकर मीटर लगनवाने की मांग की है। इस मौके पर उस्मान अली आदि मौजूद रहे।

# विधायक ने किसानों से की अपील फॉर्मर रजिस्ट्री कराए




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार**।विधायक शफीक अहमद अंसारी ने फॉर्मर रजिस्ट्री की पहल करते हुए रजिस्ट्री कराते हुए स्वार टांडा की जनता से अपील कर फॉर्मर रजिस्ट्री के बारे जानकारी दी और कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा सभी किसानों का फॉर्मर रजिस्ट्री एग्रीस्टेक में पंजीकरण किया जा रहा है।यह रजिस्ट्री किसानो के लिए बहुत जरूरी है। इसके फायदे पीएम किसान फसल बीमा के सी सी लोन योजना का लाभ,एम एसपी पर फसल बेचने में आसानी, आपदा में राहत सब्सिडी सीधे खाते में, भविष्य में कागजी कार्यवाही कम इसके लिये विधायक कार्यलय या प्रधान से सम्पर्क करें।

# राजकीय आश्रम पद्धति स्कूल में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय यानि कि राजकीय आश्रम पद्धति स्कूल में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिला समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित होने वाली इस स्कूल की प्रधानाचार्या शिक्षा ने बताया कि नवीन सत्र के लिए कक्षा 11 में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके लिए छात्र-छात्राओं को कक्षा 10 की मार्कशीट के आधार पर विज्ञान वर्ग एवं मानविकी वर्ग में प्रवेश दिया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी ऑफलाइन आवेदन कर सकते हैं। जिसकी अंतिम तिथि 20 मई 2026 निर्धारित की गई है। साथ ही उन्होंने बताया कि यह विद्यालय पूर्णत: आवासीय है, जिसमें केवल गरीबी रेखा के नीचे जीवन-यापन करने वाले अभिभावकों के बच्चों को ही प्रवेश दिया जाएगा। विद्यालय में छात्रों को नि:शुल्क आवास, भोजन, नाश्ता, स्कूल ड्रेस, पाठ्य पुस्तकें तथा दैनिक उपयोग की समस्त आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराई जाती हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि वक्त के स्कूल का स्टैंडर्ड बदल रहा है। अब यहां पर बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा देने के साथ्र ही जेईई एवं नीट की निशुल्क कोचिंग के साथ-साथ आधुनिक शैक्षणिक सुविधाएं भी प्रदान की जाती हैं। विद्यालय में स्मार्ट क्लास, कम्प्यूटर लैब, विज्ञान प्रयोगशालाएं, खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियां एवं व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाते हैं।

# महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा शासन की प्राथमिकता

## मिशन शक्ति अभियान के तहत जिलेभर में चला जागरुकता अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर**। महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा शासन की प्राथमिकताओं में शामिल हैं। उनकी सुरक्षा करने और सशक्त बनाने के लिए शासन द्वारा हर संभव पहल की जा रही है। लिहा. जा महिलाएं और बालिकाएं भी विषम परिस्थितियों में पुलिस की मदद लेने में देर न करें। किसी भी तरह के उत्पीड़न या फिर छेड़छाड़ की वारदात होने पर तुरंत हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क कर पुलिस को सूचना दें। यह बातें मंगलवार को मिशन शक्ति अभियान के तहत चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस कर्मियों ने महिलाओं व बालिकाओं से साझा की।

शासन के आदेश पर पूरे प्रदेश में मिशन शक्ति अभियान का पांचवा चरण चल रहा है। जिसके तहत पुलिस द्वारा महिलाओं और बालिकाओं को जागरुक किया जा रहा है। उनको साइबर क्राइम से बचने के साथ ही शासन द्वारा संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी जा रही है। ताकि विषम परिस्थितियों में वह इन नंबरों पर संपर्क कर पुलिस की मद्द ले सके। इसी के तहत मंगलवार को फिर महिला पुलिस कर्मियों ने स्कूल-कालेज, पार्क व सार्वजनिक स्थलों पर गोष्ठी कर जागरुकता अभियान चलाया। उन्होंने महिला सुरक्षा एवं आत्मरक्षा से जुड़े आवश्यक उपाय और कानूनी अधिकारों की जानक. ारी दी। साथ ही नारी सम्मान से संबंधित प्रावधान एवं हेल्पलाइन नंबर 1090, 181, 112 और 1098 के संबंध में जानकारी दी। कहा कि महिलाएं व बालिकाएं घरेलू हिंसा, छेड़छाड़ या फिर अन्य उत्पीड़न के मामलों में इन नंबरों पर संपर्क कर पुलिस की सहायता ले सकती हैं। इस दौरान महिला सशक्तिकरण से संबंधित पंपलेट्स व कॉमिक्स का वितरण किया गया।

# राशन मांगने गए ग्रामीण को डिपो होल्डर ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

## पत्थरों के अलावा तमंचों की बट से मारकर किया घायल, वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** गांव स्थित दुकान पर राशन लेने गए एक ग्रामीण को डिपो होल्डर ने अपने परिजनों के साथ जमकर पीटा। इससे भी मन नहीं भरा तो उसे गांव की गलियों में दौड़ाते हुए पीटा और ईट और तमंचे की बटों से मारकर घायल कर दिया। आरोप यहां तक है कि डिपो होल्डर ने जान से मारने की नीयत से फायर भी किया लेकिन ग्रामीण बच गया। हैरानी की बात यह रही कि उनकी दबंगई इस कदर थी कि कोई ग्रामीण बीच-बचाव कराने भी नहीं आया। बाद में सभी ने उसे जान से मारने की धमकी देते हुए भगा दिया। पीड़ित ने खुद जिला अस्पताल पहुंचकर अपना मेडिकल कराया। इस पूरी घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

मामला शहजादनगर थाना क्षेत्र के ग्राम दुर्गनगला का है। यहां पर रहने वाले यासीन खां का कहना है कि गांव में सस्ते राशन की दुकान गांव निवासी प्रधान जाफर के नाम पर है। जाफर शहजादनगर थाने का हिस्ट्रीशीटर है और राशन वितरण करने में मनमानी करता है। अपने मिलने वालों को तो राशन दे देता है लेकिन बाकी लोगों को बहाने बनाकर टरका देता है। अगर कोई विरोध करता है कि वह लोग झगड़ा करने पर आमादा हो जाते हैं। यासीन के अनुसार कल उसका भाई राशन लेने गया था। जिस पर जाफर ने उसे लौटा दिया। जिस आज वह खुद गया तो जाफर ने कहा कि मशीन खराब है। यासीन के अनुसार उसने कहा कि अगर मशीन खराब है तो इसकी जानकारी सूचना पट पर लिख दो ताकि ग्रामीणों को परेशानी न हो। आरोप है कि इसी बात को लेकर उनके बीच बहस होने लगी। जिस पर जाफर ने अपने बेटे व भतीजों के साथ उसे बुरी तरह से पीटना शुरू कर दिया। बचने के लिए जह वह खड़ंजे में आया तो आरोप है कि एक गड्ढे में गिराकर उसे बुरी तरह से ईट-पत्थर और तमंचे की बट से पीटा। आरोप है कि जान से मारने की नीयत से फायर भी किया लेकिन वह बच गया। इसके बाद उसे काफी दूर तक दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। इक्का-दुक्का लोगों ने हिम्मत करके उसे बचाया तो सभी से मारने की धमकी देने लगे। पीड़ित ने जिला अस्पताल में मेडिकल कराया है।

# एएसपी ने किया पुलिस लाइन का निरीक्षण, दिए निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** मंगलवार को अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह पुलिस लाइन पहुंचे। परेड की सलामी लेने के बाद उन्होंने लाइन का निरीक्षण किया। इस दौरान अधीनस्थों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। परेड के निरीक्षण के दौरान एएसपी ने मौजूद कर्मचारियों का टर्नआउट आदि चेक किया और अनुशासित रहने की सलाह दी। इसके बाद उन्होंने पुलिस लाइन का दौरा किया। सबसे पहले उन्होंने भोजनालय का निरीक्षण किया। भोजन की गुणवत्ता चेक करने के साथ ही नियमित कितने पुलिस कर्मियों का भोजन बनता है, इसकी जानकारी ली। इसके अलावा रीडिंग रुम (लाइब्रेरी), कैन्टीन, मनोरंजन कक्ष, जिम, आरटीसी कार्यालय, कैश कार्यालय, परिवहन शाखा और आरटीसी आदि की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। पुलिस लाइन परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। वहीं उन्होंने गणना के दौरान लाइन में तैनात सभी पुलिस कर्मियों को मौजूद रहने के निर्देश दिए।

# सीएम ने शिक्षामित्रों को दिया तोहफा, अब 18 हजार रुपये मिलेगा मानदेय

## अप्रैल माह से बढ़ा हुआ मानदेय आने लगेगा खातों में

### सीएम के इस फैसलों को शिक्षामित्रों ने सहारा, दिए गए प्रतीकात्मक चेक




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** पहले सरकारी शिक्षक लगने के बाद फिर से एक बार शिक्षामित्र बनने पर शिक्षामित्रों में काफी आक्रोश था। इस सदमे को तो कई शिक्षामित्र व उनके परिवार वाले बर्दाश्त नहीं कर सके और अपनी जान दे दी। इसके बाद मानदेय बढ़ोत्तरी के लिए शिक्षामित्रों का आंदोलन शुरू हो गया। उनका कहना था कि जब वह भी शिक्षकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर बच्चों का भविष्य बेहतर करने का प्रयास कर रहे हैं तो उनके साथ यह नाइंसाफी क्यों। वह लोग समान काम और समान वेतन की मांग कर रहे थे। काफी संघर्ष के बाद आखिरकार शासन ने शिक्षामित्रों की सुध ली है। समान वेतन तो नहीं लेकिन मानदेय में करीब दोगुनी बढ़ोत्तरी कर दी है। अब उनको हर माह 10 की बजाए 18 हजार रुपये बतौर मानदेय दिया जाएगा।इस संबंध में कैबिनेट में मंजूरी मिलने के बाद सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस बढ़े हुए मानदेय को देने की घोषणा कर दी थी। अप्रैल माह का मानदेय नए निर्णय के अनुसार शिक्षामित्रों के खाते में आएगा।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि राज्य के करीब 1.42 लाख शिक्षामित्रों और 24 हजार अनुद. ेशकों का मानदेय बढ़ाया जाएगा।

अब शिक्षामित्रों को 18,000 रुपये और अनुदेशकों को 17,000 रुपये प्रति माह मिलेंगे। इससे पहले शिक्षामित्रों को 10,000 रुपये और अनुदेशकों को 9,000 रुपये मिलते थे। इससे पहले मुख्यमंत्री ने 26 फरवरी 2026 को विधानसभा के बजट सत्र में ही वेतन बढ़ाने का संकेत दिया था, जिसे अब लागू किया जा रहा है। प्रदेश के शिक्षामित्रों के मानदेय वृद्धि की घोषणा सीएम योगी ने की थी। शिक्षा मंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने दो बार शिक्षामित्रों के मानदेय में वृद्धि की है। योगी सरकार बनने के बाद वर्ष 2017 में शिक्षामित्रों का मानदेय 3500 रुपये से बढ़ाकर 10 हजार रुपये प्रतिमाह किया गया था। इसे अब 18 हजार रुपये किया जा रहा है।

### शिक्षामित्र का वेतन के लिए संघर्ष

वहीं बताते चलें कि उत्तर प्रदेश में शिक्षामित्रों की नियुक्ति 2001 से शुरू हुई थी। सपा सरकार ने 2013-14 में शिक्षामित्रों को सहायक अध्यापक के पद पर समायोजित किया था। लेकिन कुछ लोगों ने इसके खिलाफ अदालत में याचिका दायर की। 12 दिसंबर 2015 को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने समायोजन रद्द कर दिया। इसके बाद मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। 25 जुलाई 2017 को सुप्रीम कोर्ट ने भी समायोजन रद्द कर दिया। इसके बाद करीब 1.72 लाख शिक्षामित्र फिर से अपने पुराने पद पर लौट आए। उनका वेतन, जो पहले करीब 50,000 रुपये था, घटकर 3,500 रुपये मानदेय रह गया।

### वेतन बढ़ाने के लिए किया आंदोलन

शिक्षामित्रों ने इसके विरोध में प्रदेशभर के शिक्षामित्रों ने लखनऊ में आंदोलन किया। आंदोलन के बाद सरकार ने मानदेय बढ़ाकर 3,500 रुपये से 10,000 रुपये प्रति माह करने की घोषणा की साथ ही, शिक्षामित्रों को सहायक अध्यापक बनने का मौका देने के लिए 68,500 पदों की भर्ती निकाली गई। इस भर्ती में शिक्षामित्रों को आयु सीमा में छूट और बोनस अंक भी दिए गए। इन दोनों भर्तियों में मिलाकर करीब 13,000 से अधिक शिक्षामित्र सहायक अध्यापक बनने में सफल रहे। वहीं मानदेय बढ़ने के बाद शिक्षामित्र संगठन के पदाधिकारी जावेद खां ने खुशी जताई है। साथ ही सरकार का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि देर से ही सही लेकिन शासन ने शिक्षामित्रों की सुध ली। समय-समय पर वह शिक्षामित्रों की समस्या को प्रमुखता से उठाते रहेंगे।

### बढ़े हुए मानदेय का दिया चेक

वहीं आज इस मौके पर रंगोली मंडप में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक आकाश सक्सेना, मिलक-शाहबाद विधायक राजबाला समेत जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी जी , जिला अध्यक्ष हरीश कुमार गंगवार, मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चंद्र और बीएसए कल्पना देवी ने हिस्सा लिया। उन्होंने कुछ शिक्षामित्रों को बढ़े हुए मानदेय का प्रतीकात्मक चेक भेट किया। साथ ही आश्वासन दिया कि शासन उनकी हर समस्या के निस्तारण का प्रयास कर रहा है।

# दिल्ली ने चेन्नई को 156 रन का टारगेट दिया

**दिल्ली के लिए समीर रिजवी ने नाबाद 40 और स्टब्स ने 38 रन बनाए**



दिल्ली। चेन्नई के खिलाफ दिल्ली के बल्लेबाज समीर रिजवी व स्टब्स रन लेते हुए।

**नई दिल्ली, वार्ता।** आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को 156 रन का टारगेट दिया है। अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग का फैसला किया। टीम ने 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 155 रन बनाए। दिल्ली के लिए समीर रिजवी ने नाबाद 40 रन की पारी खेली। उनके अलावा, ट्रिस्टन स्टब्स 38, पथुम निसांका 19, नीतीश राणा 15, आशुतोष शर्मा 14, करुण नायर 13 और केएल राहुल 12 रन बनाए। चेन्नई की ओर से नूर अहमद ने सबसे ज्यादा 2 विकेट लिए। आशुतोष शर्मा शानदार खेलने के बाद रन आउट हो गए। उन्होंने सिर्फ 5 गेंदों में 14 रन बनाए, जिसमें 2 छक्के शामिल रहे। गायकवाड ने मिड-आन से तेजी दिखाते हुए सीधा थ्रो किया और अशुतोष क्रीज से काफी दूर रह गए। जैमी ओवरटन ने आखिरकार स्टब्स की अहम पारी का अंत कर दिया। पुल शाट खेलने की कोशिश में स्टब्स गेंद को सही टाइम नहीं कर सके और डीप बैकवर्ड स्क्वायर लेग पर खड़े मुकेश चौधरी ने आसान कैच लपक लिया।

स्टब्स 38 रन बनाकर आउट हुए। इसी के साथ उनकी और रिजवी के बीच 65 रन की साझेदारी भी टूट गई। 18वें ओवर में समीर रिजवी ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए अंशुल कंबोज के ओवर में दो शानदार छक्के जड़ दिए। ओवर से कुल 14 रन आए और दिल्ली का स्कोर 130/5 पहुंच गया। 16वें ओवर में समीर रिजवी और ट्रिस्टन स्टब्स ने दिल्ली की पारी को संभालने की कोशिश की। मुकेश चौधरी के ओवर से 12 रन आए, जिसमें रिजवी ने शानदार छक्का लगाया। इसी ओवर में दिल्ली ने 100 रन का आंकड़ा भी पार किया। दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल सिर्फ 2 रन बनाकर आउट हो गए है। गुरजनप्रीत अतिरिक्त उछाल वाली गेंद पर अक्षर बैकफुट ड्राइव खेलना चाहते थे,

लेकिन गेंद बल्ले के ऊपरी हिस्से पर लगी और कवर पर खड़े अकील हुसैं ने आसान कैच पकड़ लिया। नूर ने 10वें ओवर में एक और सफलता हासिल करते हुए नीतीश राणा को 15 रन पर पवेलियन भेज दिया। राणा ने स्वीप शाट खेला, लेकिन गेंद सीधा बाउंड्री पर खड़े कार्तिक शर्मा के हाथों में चली गई। आउट होने के बाद निराश नीतीश राणा। नूर अहमद ने अपने पहले ही ओवर में करुण नायर को आउट कर दिल्ली को बड़ा झटका दिया। लेग स्टंप के बाहर मिली आसान गेंद पर नायर ने स्वीप शाट खेला, लेकिन गेंद सीधे शार्ट फाइन लेग पर खड़े गुरजनप्रीत सिंह के हाथों में चली गई। करुण 13 रन बनाकर लौटे। अकील हुसैन ने दिल्ली को बड़ा झटका देते हुए केएल राहलु को 12 रन पर आउट किया।

## आईसीसी आचार संहिता तोड़ने पर निगार सुल्ताना को फटकार

**दुबई, वार्ता।** बांग्लादेश की कप्तान निगार सुल्ताना जोटी को शनिवार को सिलहट में श्रीलंका के खिलाफ तीसरे टी20 मैच के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए आधिकारिक तौर पर फटकार लगाई गई है।

निगार को आईसीसी की खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिए आचार संहिता के अनुच्छेद 2-2 का उल्लंघन करते हुए पाया गया, जो किसी अंतरराट्रीय मैच के दौरान क्रिकेट के सामान या कपड़ों, मैदान के उपकरणों या फिक्स्चर और फिटंग का गलत इस्तेमाल करने से संबंधित है। इसके अलावा, निगार के अनुशा सनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट पॉइंट भी जोड़ा गया है, पिछले 24 महीनों में यह उनका पहला अपराध था। यह घटना तब हुई जब बांग्लादेश बल्लेबाजी कर रहा था और आउट होने के बाद, निगार ने मैदान से बाहर जाते समय अपना बल्ला जमीन पर फेंक दिया। निगार ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया और एमिरेट्स आईसीसी अंतर्राष्ट्रीय मैच रेफरी पैनल की सुप्रिया रानी दास द्वारा प्रस्तावित सजा को भी मान लिया, इसलिए किसी औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी। मैदान पर मौजूद अंपायर एलोइस शेरिडन और शथीरा जाकिर जेसी, तीसरे अंपायर रोकेया सुल्ताना और चौथे अंपायर चंपा चकमा ने यह आरोप लगाया था। लेवल 1 के उल्लंघन पर कम से कम आधिकारिक फटकार, ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ी की मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना और एक या दो डिमेरिट पॉइंट की सजा दी जाती है।

## पाकिस्तान ने जिम्बाब्वे को पहले वनडे में हराया

**कराची, वार्ता।** पाकिस्तान ने जबरदस्त टीम परफॉर्मेंस दिखाते हुए जम्बिाब्वे को पहले वनडे में 168 रनों से हरा दिया। यह मैच चल रही आईसीसी महिला चैंपियनशिप का हिस्सा है। चार खिलाड़ियों ने हाफ-सेंचुरी बनाई।

जम्बिाब्वे की कप्तान नोमवेलो सिबांडा ने पाकिस्तान को पहले बैटिंग करने के लिए बुलाया, जिसके बाद पाकिस्तान ने 330/5 का स्कोर बनाया। सोमवार को बैटिंग ऑर्डर में सबसे ऊपर आकर सदाफ शमास ने 98 रनों की शानदार पारी खेली। सिदरा अमीन (67), नजीहा अल्वी (56 नॉट आउट) और गुल फिरोजा (50) ने भी हाफ-सेंचुरी बनाकर टीम में योगदान दिया। अल्वी ने महिला वनडे में किसी भी पाकिस्तानी खिलाड़ी द्वारा सबसे तेज 50 रन बनाने का रिकॉर्ड बनाया, उन्होंने सिर्फ 24 गेंदों में यह कारनामा कर दिखाया। आईसीसी के अनुसार, शमास और फिरोजा के बीच 162 रनों की ओपलनग पार्टनरशिप महिला वनडे में पाकिस्तान के लिए किसी भी विकेट के लिए तीसरी सबसे बड़ी पार्टनरशिप थी। वहीं, रनों के लिहाज से यह टीम की दूसरी सबसे बड़ी जीत थी। जवाब में, जम्बिाब्वे की तरफ से सिर्फ बेलव्ड बिजा (53) ही अकेले डटी रहीं। लेकिन पाकिस्तान की गेंदबाजों ने - जिनकी अगुवाई कप्तान फातिमा सना (2/28) ने बेहत. रीन ढंग से की - यह पक्का कर दिया कि मेहमान टीम रनों का पीछा करते हुए लक्ष्य से काफी पीछे रह जाए। यह पाकिस्तान के लिए एक अच्छा संकेत है, क्योंकि 12 जून से इंग्लैंड और वेल्स में आईसीसी महिला टी20 वर्ल्ड कप शुरू होने वाला है। पाकिस्तान को ग्रुप 1 में रखा गया है और उसे ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, भारत, नीदरलैंड्स और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच खेलने हैं। जम्बिाब्वे के खिलाफ वनडे सीरीज के अगले दो मैच बुधवार और शनिवार को कराची में खेले जाएंगे। इसके बाद, टी20 वर्ल्ड कप से पहले, पाकिस्तान इसी टीम के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलेगा।

## बेंगलुरु में आईपीएल फाइनल की मेजबानी पर छाया संकट



विधायकों को मैच के टिकट देने को लेकर चल रहे विवाद पर बीसीसीआई सख्त

**बेंगलुरु, वार्ता।** बेंगलुरु के आईपीएल 2026 फाइनल की मेजबानी करने के मौकों पर गंभीर संकट आ गया है। विधायकों को मैच के टिकट देने को लेकर चल रहे राजनीतिक विवाद के बढ़ने के बाद बीसीसीआई अब इस बड़े मैच को किसी दूसरे शहर में शिफ्ट करने के विकल्प पर विचार कर रहा है। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

यह विवाद, जो कर्नाटक के विधायकों की एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होने वाले आईपीएल मैचों के लिए मुफ्त वीआईपी टिकटों की मांग के तौर पर शुरू हुआ था,

अब एक राजनीतिक रूप से संवेदनशील मुद्दा बन गया है। इस विवाद के बढ़ने की वजह 'वीआईपी कल्चर', विशो बर्ताव और कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) पर कथित दबाव को लेकर हो रही आलोचना है। बीसीसीआई सूत्रों ने बताया कि प्लेऑफ मैच पंजाब और कर्नाटक के बीच बांटे जाने की संभावना है, जो कि मौजूदा चैंपियन के फाइनल की मेजबानी करने की परंपरा के मुताबिक होगा। हालांकि, बेंगलुरु में इंतजामों को लेकर बनी अनिश्चितता ने बोर्ड की योजनाओं को मुश्किल में डाल दिया है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा कि अगर यह मुद्दा हल नहीं होता है, तो आईपीएल फाइनल को बेंगलुरु से बाहर शिफ्ट करना पड़ सकता है। यह विवाद आईपीएल 2026 के पहले मैच से ठीक पहले शुरू हुआ था। यह मैच रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के बीच होना था।

## हैदराबाद व पंजाब के बीच बल्लेबाजी का जबरदस्त मुकाबला होने की उम्मीद





**हैदराबाद, वार्ता।** पंजाब किंग्स, सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ इस हाई-वोल्टेज आईपीएल 2026 मुकाबले में, भवियवाणियों के जानकारों के बीच वायरल पेग के टैग के साथ उतर रही है। इसकी मुख्य वजह इस सीजन में सबसे भरोसेमंद चेजलग टीमों में से एक के तौर पर उनकी बनी प्रतिठा है।

हालांकि, राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में होने वाला यह मुकाबला, जितनी चर्चा है उससे कहीं ज्यादा संतुलित होने का वादा करता है, क्योंकि दोनों ही टीमें विस्फोटक और ज्यादा स्कोर वाले क्रिकेट के लिए बनी हैं। पंजाब ने अपना अभियान एक खास ताकत के दम पर खड़ा किया है, दबाव में लक्ष्य का पीछा करना। उनकी बल्लेबाजी यूनिट ने बार-बार बड़े लक्ष्यों को ध्वस्त किया है, जिसमें इस सीजन की शुरुआत में 265 रनों का रिकॉर्ड चेज भी शामिल है। कप्तान श्रेयस अय्यर ने मध्यक्रम में संयम बनाए रखा है, जबकि प्रभसिमरन सिंह और प्रियांश आर्य ने आक्रामक शुरुआत दी है, जिसने सफल चेज की नींव रखी है। ज्यादा दबाव वाले चेज में शांत रहने की उनकी काबिलियत ने उन्हें सटेबाजी और भवियवाणियों के जानकारों के बीच पसंदीदा बना दिया है, खासकर उन मैचों में जहां बड़े स्कोर बनने की उम्मीद होती है। इस प्रतिठा के बावजूद, पंजाब अपने हालिया प्रदर्शन को लेकर चिंताओं के साथ इस मैच में उतर रही है, क्योंकि उन्हें लगातार दो हार का सामना करना पड़ा है। उनकी गेंदबाजी यूनिट पर काफी दबाव रहा है, वे स्कोर का बचाव करने में संर्घा कर रहे हैं और अहम मौकों पर रन लुटा रहे हैं। अर्शदीप सिंह गेंद के साथ सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी रहे हैं, लेकिन कुल मिलाकर टीम के लिए निरंतरता एक बड़ी समस्या बनी हुई है। दूसरी ओर, हैदराबाद इस टूर्नामेंट की सबसे विस्फोटक बल्लेबाजी यूनिट्स में से एक बनी हुई है। उनका शीर्ा क्रम - जिसमें अभिोक शर्मा, ट्रैविस हेड, ईशान किशन और हेनरिक क्लासेन शामिल हैं।

## चीन ने थॉमस कप और दक्षिण कोरिया ने उबेर कप जीता



**हॉर्सेंस ( डेनमार्क ), वार्ता।** रिपब्लिक ऑफ कोरिया ने पिछले तीन टूर्नामेंट में अपना दूसरा उबेर कप खिताब जीता। रविवार को डेनमार्क के हॉर्सेंस में हुए मुक. ाबले में उन्होंने पीपल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना को 3-1 से हराया।

हालांकि, चीनी पुरा टीम फांस के खिलाफ अपने चैंपियनशिप मुकाबले में जीत हासिल करने में सफल रही। उन्हें इसी स्कोरलाइन (3-1) से जीतने के लिए लगभग साढ़े चार घंटे का समय लगा। यह इस टूर्नामेंट के 34वें संस्करण में चीन की लगातार दूसरी (2024 के बाद) और कुल मिलाकर 13वीं जीत थी। वोंग होंग यांग और शी यू क्यूई द्वारा मशहूर फांसीसी पोपोव भाइयों पर सिंगल्स में जीत हासिल करने के बाद, ही जी टिंग और रेन जियांग यू ने डबल्स मुकाबले में एलोई एडम और लियो रॉसी को 21-13, 21-16 से हराकर टीम की जीत पक्की कर दी। इससे पहले, कोरिया की बेक हा ना और किम हे जियोंग ने जिया ई फैन और झांग शू जियान को 16-21, 21-10, 21-13 से हराकर उबेर कप में जीत हासिल की। इस जीत के बाद कोरियाई टीम जश्न मनाते हुए कोर्ट पर दौड़ पड़ी। रिपब्लिक ऑफ कोरिया ने अब 2010, 2022 और 2026 में उबेर कप जीता है। चीन अपना रिकॉर्ड 17वां टीम खिताब जीतने की उम्मीद कर रहा था, क्योंकि 1988 से अब तक हुए सात चैंपियनशिप मुक. ाबलों में उसने कोरियाई टीम को हराया था।

## हेड, क्लासेन और किशन पर भारी पड़े हैं: अर्शदीप

**हैदराबाद, वार्ता।** आईपीएल 2026 में बुधवार को सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) और पंजाब किंग्स के बीच इस सीजन का 49वां मुकाबला खेला जाएगा। एसआरएच ने अभी तक 10 मैच खेले हैं जिसमें से उन्हें छह मैचों में जीत मिली है और चार मुक. ाबलों में हार का सामना करना पड़ा है। टीम 12 अंक के साथ प्वाइंट्स टेबल में तीसरे पायदान पर है। वहीं पंजाब ने अभी तक नौ में से छह मैच जीते हैं,

और 13 अंकों के साथ अंक तालिका में टॉप पर हैं। हालांकि वह दो लगातार मैच हारकर आ रहे हैं। ओवरऑल दोनों टीमों के बीच अभी तक कुल 25 मैच हुए हैं जिसमें से एसआरएच ने 17 और पंजाब ने केवल आठ ही मैच जीते हैं। सिक्स हिटर्स की होगी जंग इस मैच में छक्कों की बरसात हो सकती है। इसकी वजह यह है कि दोनों ही टीमों में लंबे-लंबे छक्के लगाने वाले बल्लेबाज मौजूद हैं। अगर एसआरएच की बात करें तो उनके पास अभिोक शर्मा हैं जिन्होंने इस सीजन अभी तक दूसरे सबसे ज्यादा (32) छक्के लगाए हैं।

इशान किशन 18 और हेनरिक क्लासेन 19 छक्के अभी तक लगा चुके हैं। ट्रेविस हेड भी फॉर्म में आ चुके हैं। दूसरी तरफ अगर पंजाब की बात करें तो उनके पास भी सिक्स हिटर्स की फौज है। प्रियांश आर्य अभी तक इस सीजन 26 छक्के लगा चुके हैं और कुल 51 छक्के आईपीएल में लगाए हैं। प्रभसिमरन सिंह भी आईपीएल 2025 से लेकर अभी तक 47 छक्के लगा चुके हैं। श्रेयस अय्यर भी 22 छक्के इस सीजन जड़ चुके हैं। कूपर कॉनली भी पीछे नहीं रहे हैं और 18 छक्के अभी तक लगा चुके हैं। अर्शदीप के पास हेड, क्लासेन और किशन का तोड़ एसआरएच के लिए टॉप ऑर्डर में हेड और किशन ने धुआंधार बल्लेबाजी की है। वहीं मिडिल ऑर्डर में क्लासेन का बल्ला जमकर बोला है। क्लासेन अगर चलते हैं तो फिर मैच जिताकर ही लौटते हैं। हालांकि पंजाब के पास अर्शदीप सिंह के रूप में इन सबका तोड़ है। अर्शदीप ने हेड को तीन बार और किशन को चार बार आउट किया है। वहीं क्लासेन के खिलाफ जहां तक रिकॉर्ड का सवाल है तो उनको टी20 की सात पारियों में तीन बार पवेलियन भेजा है।

## मुंबई, बुमराह का सही इस्तेमाल नहीं कर रही है: संजय बांगड़



**मुंबई, वार्ता।** जसप्रीत बुम. राह, आईपीएल 2026 में लगातार चर्चा का विषय बने हुए हैं और ज्यादातर बातें इस बारे में रही हैं कि वह विकेट नहीं ले पा रहे, उनकी रफ्तार कम दिख रही है और मुंबई इंडियंस उन्हें हमेशा सही तरीके से इस्तेमाल नहीं कर रही है। जबकि मुंबई कैंप के लोग यह कहते नजर आ रहे हैं कि बुम. राह चुनौती के लिए तैयार हैं और जब विकेट लेने का समय आएगा, वह विकेट ले लेंगे।

सोमवार रात वानखेड़े में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ भी उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। यह इस सीजन का सातवां ऐसा मैच था, जब उन्हें कोई विकेट नहीं मिला और उन्होंने इस दौरान इस मैच में 45 रन दिए। ईएसपीएन क्रिकइंफो के टाइमआउट शो में संजय बांगड़ और वेदा कृणमूर्ति ने सुझाव दिया है कि मुंबई टीम प्रबंधन को बुम. राह से बात करनी चाहिए और उनसे पूछना चाहिए कि क्या वह ब्रेक लेना चाहते हैं? वेदा ने कहा कि टीम प्रबंधन, कोच, कप्तान, उपकप्तान सूर्या (कुमार यादव) या फिर रोहित (शर्मा), ईमानदारी से बैठकर उनसे बात कर सकते हैं। उनसे पूछ सकते हैं: 'क्या आप अंदर से 100 प्रतिशत फिट महसूस कर रहे हैं, 'क्या आप एक-दो मैच का ब्रेक लेना चाहते हैं'। ताकि वह तरोताजा होकर लौटें।

उनसे यह पूछा जा सकता है और उम्मीद की जा सकती है कि वह ईमानदारी से जवाब देंगे। और अगर वह कहते हैं 'नहीं, मैं खेलने के लिए तैयार हूं', तो शायद हम उनका बेहतर वर्जन देखेंगे, क्योंकि वह और ज्यादा मेहनत करेंगे। एक ईमानदार बातचीत जरूरी है, ताकि यह साफ हो सके कि उन्हें ब्रेक चाहिए या वह खेल सकते हैं।

### खेल विशेष

**स्कीट निशानेबाज फाइनल से चूके**

**नई दिल्ली, वार्ता।** कजाखस्तान के अल्माटी स्थित आसानोव शूटिंग क्लब में आयोजित इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) वर्ल्ड कप शॉटगन में भारतीय स्कीट निशानेबाज पुरुष और महिला दोनों वर्गों में फाइनल में जगह बनाने से चूक गए। ओलंपियन मैराज अहमद खान और राइजा ढिल्लों भारतीय खिलाड़ियों में सबसे बेहतर स्थान पर रहे। मैराज, जिन्होंने पहले दिन 75 में से 71 का स्कोर करते हुए 26वें स्थान से दूसरे दिन की शुरुआत की थी, ने अंतिम दो सीरीज में 23 और 25 का स्कोर किया और कुल 119 अंकों के साथ क्वालिफिकेशन चरण का समापन 18वें स्थान पर किया। रैंकिंग अंक के लिए खेल रहे भावतेग सिंह गिल 119 (24, 24, 23, 24, 24) के स्कोर के साथ मैराज से एक स्थान नीचे 19वें स्थान पर रहे।

**फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब ने रवि ब्रदर्स को दो विकेट से हराया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब ने रवि ब्रदर्स क्रिकेट क्लब को 51वें अखिल भारतीय गोस्वामी गणेश दत्त स्मारक क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 में मंगलवार को दो विकेट से हरा दिया। टॉस जीतने के बाद, फेंड्स क्रिकेट क्लब ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। रवि ब्रदर्स क्रिकेट क्लब ने 29-2 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 127 रन बनाए। करण सोनी ने 35(59) और हरीश बडाना ने 33(24) रन की पारी खेली। वहीं, फेंड्स क्रिकेट क्लब के गेंदबाज ऋति मेहता ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 21 रन देकर 5 विकेट लिए और प्रद्युमन ने 43 रन देकर 4 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए, फेंड्स क्रिकेट क्लब ने अंकित बिट 32(21) और आर्य सिंह 27(15) की मदद से 22 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 131 रन बनाए और मैच दो विकेट से जीत लिया।

**मुंबई कई टीमों की प्लेऑफ उम्मीदों को झटका देगी: गावस्कर**

**मुंबई, वार्ता।** मुंबई इंडियंस ने टाटा आईपीएल 2026 के मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स को छह विकेट से हरा दिया। उन्होंने 229 रनों के विशाल लक्ष्य का शानदार ढंग से पीछा किया। स्टार स्पोर्ट्स के 'अमूल क्रिकेट लाइव' पर बात करते हुए, जियो स्टार के एक्सपर्ट सुनील गावस्कर ने एलएसजी के खिलाफ रोहित शर्मा की बल्लेबाजी की जमकर तारीफ की और कहा कि अगर रोहित इसी फॉर्म में खेलते रहे, तो मुंबई इंडियंस कई टीमों की प्लेऑफ उम्मीदों को झटका देगी। गावस्कर ने कहा कि मैं पिछले एक साल से रोहित शर्मा को बहुत करीब से देख रहा हूं। जब से उन्हें व्हाइट-बॉल क्रिकेट और आईपीएल में कप्तानी से हटाया गया है, तब से उन्होंने अपनी बल्लेबाजी पर ज्यादा ध्यान दिया है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज में रन बनाए।

# ममता का रौद्र रूप

यूं तो सोमवार को हुई मतगणना में पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों के परिणाम सामने आ चुके हैं, लेकिन पश्चिम बंगाल का मामला अभूतपूर्व दिखाई दे रहा है। जिसमें मुख्यमंत्री के पद पर बैठीं ममता बनर्जी ने इन चुनाव नतीजों को मानने से इन्कार कर दिया है और साफ कह दिया है कि वह इस्तीफा नहीं देने जा रही हैं। भारत के इतिहास में संभवत: पहली बार ऐसा देखने में आ रहा है जब किसी राज्य का मुख्यमंत्री हारने के बाद अपना इस्तीफा देने से इन्कार कर रहा है। मंगलवार को ममता ने साफ कहा कि वह हारी नहीं हैं बल्कि उन्हें साजिश के तहत हराया गया है। इसलिए मेरे इस्तीफे का सवाल ही नहीं उठता, उन्होंने यह भी कहा कि वह राजभवन नहीं जाएंगी। उन्होंने चुनाव आयोग पर भी सीधे निशाना साधा और कहा कि इस चुनाव में चुनाव आयोग ही असली विलेन है। उसने भाजपा के साथ मिलकर सौ सीटें लूटी हैं। उन्होंने चेतावनीभरे लहजे में कहा कि अब मेरे पास कोई कुर्सी नहीं है, मैं आजाद पंछी हूं, सड़कों पर रहूंगी, कहीं से भी चुनाव लड़ सकती हूं। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया कि उनके कार्यकर्ताओं ने काउंटर सेंटरों पर कब्जा कर लिया था और खुद उनके साथ बदसलूकी की। बंगाल में भाजपा ने 293 में से 207 सीटों पर जीत दर्ज की है और 80 सीटें टीएमसी के खाते में गई हैं। भाजपा नौ मई को राज्य में पहली बार सरकार बनाने जा रही है। इसमें कोई दोराय नहीं कि चुनाव के समय से ही बंगाल से जिस तरह की खबरें आ रही हैं, वह स्वस्थ लोकतंत्र के लिए ठीक दिखाई नहीं दे रही थी। ममता बनर्जी नहीं बल्कि तमाम विपक्षी दल चुनाव आयोग को लेकर जरा भी सहज दिखाई नहीं दिए और उन्हें लगता रहा कि चुनाव आयोग केंद्र सरकार के इशारे पर काम कर रहा है। ये आरोप कितने सही हैं, यह बात अपनी जगह पर, लेकिन यह तो कहना ही पड़ेगा कि चुनाव आयोग ने भी अपनी तरफ से इस तरह का वातावरण नहीं बनाया जिससे उस पर लगे आरोपों की धार कुंद हो। चुनाव आयोग की सबसे बड़ी जिम्मेदारी होती है कि वह चुनाव निष्पक्ष व पारदर्शी कराए और उस पर सत्ता और विपक्ष दोनों का ही विश्वास बना रहे, लेकिन पिछले कुछ समय से देखने में आ रहा है कि विपक्ष खुलकर चुनाव आयोग पर एक पक्षीय फैसले लेने का आरोप लगा रहा है। इस पर चुनाव आयोग को जरूर ध्यान देना होगा, लेकिन जहां तक बात ममता के इस्तीफे की है, इस तरह का टकराव भी लोकतंत्र के हित में नहीं है। इससे जनता में गलत संदेश जाता है। वैसे भी टकराव विचारों का होना चाहिए न कि निजी रूप से। ममता बनर्जी सीधे पीएम मोदी और अमित शाह को निशाने पर ले रही हैं। जिस तरह बंगाल से हिंसा की खबरें आ रही हैं वह तो और भी चिंता पैदा करती हैं।

# इंडिया गठबंधन का अस्तित्व राहुल गांधी और अखिलेश की कार्य योजना पर निर्भर



एम. हसन

पश्चिम बंगाल में टीएमसी की ममता बनर्जी और तमिलनाडु में डीएमके के एम।के। स्टालिन की चुनावी हार ने इंडिया गठबंधन के लिए एक विचित्र स्थिति पैदा कर दी है और कुछ राजनी. तिक विशेषज्ञों ने तो इसकी मृत्यु की घोषणा भी कर दी है। गठबंधन को पहले ही बिहार और महाराष्ट्र में बड़े झटके लग चुके हैं, जहां आरजेडी के तेजस्वी यादव और एनसीपी के शरद पवार को क्रमश: चुनावी हार का सामना करना पड़ा है। इस प्रकार, संकट के दौर में भारत गठबंधन को संभालने की भारी जिम्मेदारी काफी हद तक कांग्रेस नेता राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव पर आ गई है।



इसी कारण, संभावित संकट को भांपते हुए, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आज पार्टी के भीतर ममता बनर्जी की आलोचना पर तुरंत प्रतिक्रिया दी। कुछ बयानों पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए राहुल गांधी ने कहा, कांग्रेस और अन्य दलों के कुछ लोग टीएमसी की हार पर खुशी मना रहे हैं। गांधी ने आगे कहा, उन्हें यह स्पष्ट रूप से समझना चाहिए कि असम और बंगाल के जनादेश की चोरी भाजपा द्वारा भारतीय लोकतंत्र को नष्ट करने के अपने अभियान में एक बड़ा कदम है। छोटी राजनीति को एक तरफ रख दें। यह किसी एक पार्टी या दूसरी पार्टी का मामला नहीं है, यह भारत का मामला है। इसी तरह, अखिलेश यादव ने कोलकाता में ममता बनर्जी के खिलाफ अपनी पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किरणमय नंदा के आलोचनात्मक बयान के बावजूद उनका समर्थन किया है। यादव ने कहा, धोखाधड़ी से मिली जीत हमेशा के लिए नहीं टिकती और उसका जीवनकाल सीमित होता है। नंदा की तुलना में, जिनका समाजवादी पार्टी में योगदान मुलायम सिंह यादव के कार्यकाल में हमेशा विवादास्पद रहा है, अखिलेश यादव ममता बनर्जी के राजनी. तिक महत्व को बेहतर समझते हैं।

लोकसभा में उनके पास अभी भी 29 और राज्यसभा में 13 सांसदों का मजबूत आधार है। विधानसभा चुनाव में करारी हार के बावजूद टीएमसी को 41 प्रतिशत मत मिले हैं। स्टालिन की स्थिति भी कुछ ऐसी ही है, जिनकी डीएमके ने लगभग 25 प्रतिशत मतों के साथ 59 सीटें जीती हैं। डीएमके के लोकसभा में 22 सांसद हैं। टीएमसी और डीएमके दोनों ने पिछले महीने एनडीए के विवादास्पद परिस. ीमन विधेयक को पारित होने से रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। ऐसी खबरें हैं कि एनडीए इन दोनों पार्टियों में फूट डालने की कोशिश कर रहा है ताकि भारत गठबंधन को और कमजोर किया जा सके। इसलिए, 2029 के लोकसभा चुनाव अभी दूर हैं, ऐसे में TMC और DMK की संसदीय शक्ति को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। मतगणना के दौरान राहुल गांधी द्वारा ममता बनर्जी और स्टालिन को किया गया फोन कॉल, INDIA गठबंधन को एकजुट रखने के उद्देश्य से था। इसमें कोई संदेह नहीं है कि ममता बनर्जी और स्टालिन, INDIA गठबंधन का हिस्सा होने के बावजूद, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में कांग्रेस को उसका उचित हिस्सा नहीं देने दिया।

पश्चिम बंगाल में अकेले चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस ने दो सीटें जीती हैं और तमिलनाडु में DMK के साथ गठबंधन में पांच सीटें जीती हैं। केरल में जीत और कर्नाटक एवं तेलंगाना में नियंत्रण हासिल करने के बाद अब कांग्रेस को दक्षिण में मजबूती मिल गई है। ऐसे में, नई गठबंधन सरकार के गठन में विजय की टीवीके पार्टी का समर्थन करना संभव है, लेकिन ऐसी खबरें हैं कि वह डीएमके के साथ भी संबंध बनाए रखेगी। हालांकि, पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी को कांग्रेस के साथ घनिष्ठ सहयोग करते हुए अपनी राजनीतिक रणनीति में बदलाव करना होगा। पिछले 24 घंटों में राहुल गांधी के नरम रुख से यह साफ संकेत मिलता है कि वे ममता बनर्जी को अपने पक्ष में करने की कोशिश कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश में, जहां 2027 में चुनावी मुकाबला होना है, यादव को अपनी गठबंधन रणनीति पर पुनर्विचार करना होगा और यह तय करना होगा कि वे कांग्रेस को गौण भूमिका में रखना चाहते हैं या एक सम्मानजनक साझेदारी चाहते हैं। बसपा प्रमुख मायावती के किसी भी गैर-भाजपा गठबंधन में शामिल होने की संभावना न के बराबर है, क्योंकि उन्होंने पहले ही अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। इस प्रकार, राहुल गांधी और अखिलेश यादव न केवल संयुक्त रूप से भारत गठबंधन के अस्तित्व की कुंजी रखते हैं, बल्कि वे भारत के सबसे अधिक आबादी वाले और राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण राज्य में अपनी खोई हुई जमीन भी वापस हासिल कर सकते हैं।

## श्रीमुख से...

### चुनावी प्रक्रिया को कमजोर कर रहा चुनाव आयोग



चुनाव आयोग केंद्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर चुनावी प्रक्रिया को कमजोर कर रहा है, पश्चिम बंगाल चुनावों के परिणाम देश की लोकतांत्रिक संस्थाओं की गिरती स्थिति के प्रति बड़ी चिंता का हिस्सा हैं, टीएन शेषन द्वारा किए गए सुधारों के बाद कभी भारत की मजबूत चुनाव प्रणाली की पूरी दुनिया में प्रशंसा होती थी और आयोग को लोकतंत्र का निडर रक्षक माना जाता था, आज वही संस्था केंद्रीय एजेंसियों की मदद से चुनावी प्रक्रिया में बाधा डालने के आरोपों के घेरे में है, देश भले ही विश्वगुरु बनने का लक्ष्य हासिल न कर पाया हो, लेकिन चुनावी हेराफेरी की कला में जरूर महारत हासिल कर ली है, पश्चिम बंगाल के हालिया घटनाक्रम इस परेशान करने वाली वास्तविकता का ताजा उदाहरण हैं।

-महबूबा मुफ्ती, अध्यक्ष, पीडीपी

## अपने विचार रखें...

**शाह टाइम्स अपने पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करता है, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

फीचर डेस्क, शाह टाइम्स


पत्राचार: सुजडू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर-251003
E-mail: Dainikshahtimes@gmail.com

# जेलीफिश मनुष्यों के समान सोती है

जेलीफिश एक समुद्री अकशेरुकी जीव है जो आम तौर पर अपने छतरी जैसी आकृति से पहचाना जाता है। यह निडेरिया फायलम में कैसियोपिडी कुल में आता है और कैसिओपी जीनस का सदस्य है जिसमें 12 प्रजातियां हैं। देखा जाए तो यह हायड्रा, सी-एनीमोन, कोरल जैसे अन्य जलचर जंत. ुओं का सम्बंधी है। यहां जिस जेलीफिश की बात हो रही है वह उल्टी छतरी जैसा दिखता है। यानी छत्ता जमीन पर और झालर ऊपर।

यह शैवालों के साथ सहजीवी सम्बंध में रहता है। शैवाल प्रकाश संश्लेषण के जरिए भोजन का निर्माण करते हैं। यह शैवाल इसके छाते में बसते हैं और यही कारण है कि यह जेलीफिश छाते को उल्टा रखती हैं ताकि इन शैवालों को भोजन निर्माण के लिए प्रकाश मिलता रहे। जेलीफिश विभिन्न रंगों में मिलती है और यह रंग इन्हें शैवालों की बदौलत ही मिलता है। अब वैज्ञानिकों ने नेचर कम्यूनिकेशन्स में प्रकाशित एक शोध पत्र में बताया है कि जेलीफिश और स्टारलेट सी-एनीमोन में नींद जैसे पैटर्न नजर आते हैं। अक्सर यह मान लिया जाता है कि नींद लेने के लिए दिमाग जरूरी है लेकिन उक्त अध्ययन ने इस धारणा को चुनौती दी है। देखा जाए तो नींद एक जोखिम भरा व्यवहार है - उस दौरान जंतु शिकारियों के प्रति कमजोर हो जाते हैं। वैज्ञानिकों का विचार है कि यदि फिर भी नींद आती है, तो इसकी कुछ तो लाभदायक भूमिका होनी चाहिए। इस्राइल के शोधकर्ता उपरोक्त दो प्रजातियों में इसी की छानबीन कर रहे थे। ये दोनों जंतु उथले लैगून्स के पेंदों में अपने टेन्टेकल्स को लहराते पड़े रहते हैं। टेन्टेकल्स शिकार को पकड़ने का काम करते हैं। इनमें नींद जैसी अवस्था देखी गई थी। यह देखा गया था कि दिन के कई घंटे यह ऊंघते रहते हैं। आश्चर्य की बात यह है कि इन जंतुओं में मस्तिष्क तो छोड़िए, केंद्रीय तंत्रिका तंत्र भी नहीं होता। इनकी तंत्रिकाएं पूरे शरीर में बिखरी होती हैं। बार-इलान विश्वविद्यालय के लियोर एपलबॉम और उनके साथी देखना चाहते थे कि इनमें नींद का पैटर्न कैसा होता है और नींद की भूमिका क्या है। अपनी प्रयोगशाला में उन्होंने एक एक्वेरियम में कई सारी जेलीफिश रखीं और कई दिनों तक उन्हें 12 घंटे रोशनी और 12 घंटे अंधकार में रखा, यह देखने के लिए कि जेलीफिश इन अवधियों में कितनी बार अपनी छतरी नुमा तोंद को ऊपर-नीचे करती हैं। यह फूलना-पिचकना इनके जागे होने का एक संकेत है।

**यूवी प्रकाश डीएनए क्षति के लिए जाना जाता है। यूवी के संपर्क में रहने के बाद जेलीफिश सामान्य से ज्यादा देर तक सोती रहीं जबकि उनमें मस्तिष्क नहीं होता। इसी प्रकार से, सी-एनीमोन को ऐसी कीमोथेरपी औषधि दी गई जो डीएनए क्षति करती है। इस उपचार के बाद एसी-एनीमोन 30 प्रतिशत ज्यादा सोए।**



प्रयोग में देखा गया कि रात में जेलीफिश कम सक्रिय रहती हैं और अपनी तोंद को प्रति मिनट लगभग पांच बार कम ऊपर-नीचे करती हैं। अब यह देखना था कि क्या इस क्रिया का सम्बंध निद्रावस्था से है। शोधकर्ताओं ने जेलीफिश पर रोशनी चमकाई और देखा कि वे कितनी जल्दी अपनी धड़कन से प्रतिक्रिया देती हैं। किसी ऊंघते मनुष्य के ही समान जेलीफिश ने अंधकार में रोशनी की प्रतिक्रिया देने में 20 सेकंड का टाइम लिया। जबकि दिन में चौकन्नी अवस्था में उन्हें मात्र 10 सेकंड लगते हैं। सी-एनीमोन का पैटर्न इससे उल्टा था। वे रात में सक्रिय रहते हैं और दिन में उनकी हरकतें धीमी रहीं और प्रतिक्रिया अवधि लंबी। अलबत्ता, दोनों ही जंतु दिन की एक-तिहाई अवधि तक सोते रहे। और तो और, सी-एनीमोन के सोने जागने का क्रम उनकी अंदरुनी घड़ी (सर्काडियन क्लॉक) से संचालित था। शोधकर्ताओं ने प्रकाश व अंधकार के क्रम को पलट दिया, तब भी सी-एनीमोन का सोने-जागने का क्रम बरकरार रहा। दूसरी ओर, जेलीफिश में यह क्रम प्रकाश से प्रभावित हुआ-अंधेरे में वे उनींदे रहे और रोशनी में सक्रिय।

यह भी देखा गया कि इन जंतुओं को यदि एक रात की नींद ठीक से न मिले तो उन्हें बाद में ज्यादा आराम की जरूरत होती है, ठीक इंसानों के समान। शोधकर्ताओं ने एक्वेरियम में पानी को 6 घंटे तक उस दौरान मथा जो जेलीफिश के सोने का समय था। इससे उनकी नींद कच्ची रही और बाद में वे सामान्य जेलीफिश की तुलना में 50 प्रतिशत अधिक समय तक सोते रहे। शोधकर्ताओं ने नींद के साथ छेड़छाड़ का एक तरीका और आजमाया। उन्होंने कुछ एक्वेरियम टंकियों में मेलेटोनिन डाल दिया। मेलेटोनिन एक हॉरमोन है, मनुष्यों में मस्तिष्क जिसका स्राव रात में करता है और यह नींद प्रेरित करता है। मेलेटोनिन का ऐसा ही असर जेलीफिश तथा सी-एनीमोन पर भी हुआ और वे दिन की उस अवधि में ऊंघने लगे जब वे सामान्य तौर पर सक्रिय होते हैं। जाहिर है कि यह दो जंतु नींद का मजा लेते हैं। पूर्व में कई शोधकर्ता दर्शा चुके थे कि मक्खियों, चूहों और मनुष्यों सहित कई प्रजातियों में नींद डीएनए को हुई क्षति को कम करता है। यह क्षति जाग्रत अवस्था में होती रहती है। एपलबॉम का विचार है कि शायद जेलीफिश और सी-एनीमोन में भी ऐसा ही होता है। अपने इस विचार की जांच के लिए उन्होंने एक प्रयोग किया।

# चलो अच्छा हुआ कम्युनिस्टों की विदाई तो हुई



यशोदा श्रीवास्तव

पांच राज्यों के चुनाव परिणाम की खास बात यह रही कि पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा के बाद केरलम से कम्युनिस्ट विचारधारा की विदाई हो गई। अजीब संयोग है कि कुछ माह पहले ही नेपाल से भी कम्युनिस्ट विचारधारा का खात्मा हुआ है। और अब भारत से बची-खुची इसके अवशेष अतीत होने के कगार पर है। कम्युनिस्ट विच. ारधारा फिलहाल भारत की राजनीति में सूट नहीं करती बावजूद इसके यह विचार धारा यहां दो चार प्रदेशों में अच्छे से फल-फूल रहा था। भारत और नेपाल दोनों ही इससे प्रभावित होते रहे हैं। फिलहाल अब भारत और इसके पड़ोसी राष्ट्र नेपाल दोनों ही इससे मुक्त हो गए हैं।

एकाध चुनावों में किसी पार्टी के पराजय को उसके समापन की दृष्टि से देखना यद्यपि कि मुनासिब नहीं है लेकिन जब हम कट्टर कम्युनिस्ट राज्य पश्चिम बंगाल और त्रिपुरा की ओर देखें तो कह सकते हैं कि केरलम भी अब इस विचारधारा की वापसी नामुमकिन नहीं तो मुश्किल जरूर है। पश्चिम बंगाल से कम्युनिस्ट पार्टियों के बियाबान में पहुंचाने के लिए ममता बनर्जी को धन्यवाद दिया जाना चाहिए, भले ही वे सत्ता से बेदखल हो गई हों। नेपाल में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी की वाह वाही इसलिए भी खूब हो रही है कि उसने नेपाल जैसे कट्टर कम्युनिस्ट देश से वामपंथ की विदाई कर दी। ममता बनर्जी का राजनीतिक भविष्य क्या होता है,यह कह पाना मुश्किल है लेकिन उन्हें बंगाल से कम्युनिस्टों की विदाई के लिए हमेशा याद किया जाएगा। ममता बनर्जी की राजनीतिक पृष्ठभूमि कांग्रेसी रही है। कांग्रेस में रहते हुए ही उन्हें बंगाल की शेरनी कहा गया था। उसके बाद जब वे एनडीए का हिस्सा बनीं तो उन्हें आर एस एस के मुख पत्र पांचजन्य के तत्कालीन संपादक तरुण विजय ने भी बंगाल की दुर्गा कहा। अभी कुछ समय पहले दिवंगत हुए भाजपा के बौद्धिक संपदा के धनी राज्य सभा सांसद बलवीर पुंज ने भी भरी संसद में कहा था कि हमारी दीदी ममता जी बंगाल की साक्षात दुर्गा हैं। सन,2001 में रक्षा सौदे में रिश्वत खोरी का बड़ा मामला उजागर होने के बाद उन्होंने एनडीए से नाता तोड़ लिया था लेकिन उसी वक्त बीबीसी को दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने साफ कहा था कि भाजपा अभी भी उनकी प्रमुख स्वाभाविक सहयोगी है। ममता बनर्जी इस चुनाव में भाजपा के हाथों भले ही बुरी तरह पराजित हुई हैं लेकिन कब उनके भीतर भाजपा के प्रति प्रेम उमड़ जाए, यह संभावना खत्म नहीं हुई है। ममता बनर्जी ने 1997 में कांग्रेस तोड़कर मुकुल रॉय के साथ तृणमूल कांग्रेस का गठन किया था। उनका लक्ष्य पश्चिम बंगाल से कम्युनिस्टों के साथ कांग्रेस को भी खत्म करना था। ममता बनर्जी के इस मुहिम में आरएसएस ने भी ममता बनर्जी को 'बंगाल की दुर्गा' बताते हुए खुलकर उनका साथ दिया। नतीजा 2011 में ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल में कम्युनिस्टों का सफाया कर अपनी खुद की सरकार बनाने में कामयाब हो गईं। तब से वे चार मई 2026 तक पश्चिम बंगाल की एक मात्र छत्रप बनीं रहीं। भाजपा को भी प्रत्यक्ष रूप से कोई एतराज नहीं था लेकिन अंदर अंदर वह बंगाल जीतने की रणनीति पर काम करती रही जिसमें अब जाकर उसे कामयाबी मिली। ममता बनर्जी बंगाल से कम्युनिस्टों का सफाया करने के बाद भी वे भाजपा से दूर नहीं रहीं। उन्होंने 2019 में एन आर सी और सीएए के खिलाफ बहुत सारे आंदोलन जरूर किए लेकिन जब संसद में इस पर विल लाया गया तो उनके आठ सांसद संसद से गैर हाजिर होकर अप्रत्यक्ष रूप से इस विल के पास होने में मददगार की भूमिका निभाई। इतना ही नहीं 2022 में उपराष्ट्रपति पद के लिए उन्होंने विपक्ष की उम्मीदवार मार्ग्रेट अल्वा के पक्ष में मतदान से साफ इंकार करते हुए सदन में हिस्सा ही नहीं लिया। 2022 में एक कार्यक्रम में उन्होंने आर एस एस की तारीफ में पुल बांधते हुए कहा था कि संघ दुनिया का सबसे सुव्यवस्थित संगठन है। इस तरह देखें तो ममता बनर्जी उन्हीं के हाथों पराजित हुई हैं जिनसे उन्हें रहम की उम्मीद थी। इस बाबत कांग्रेस विधायक विरेंद्र चौधरी की टिप्पणी गौर तलब है कि पश्चिम बंगाल में न कोई जीता है न हारा है,यह सत्ता हस्तांतरण का एक स्वयंबर था जो चुनाव आयोग और केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों के सहयोग से धूम धड़ाके के साथ संपन्न हुआ, लेकिन यही बात केरलम के लिए भी तो लागू होती है। ठीक है वहां केंद्रीय एजेंसियों की भूमिका अलग तरह की रही होगी, सत्ता का हस्तांतरण तो वहां भी हुआ। कांग्रेस गठबंधन कोई अपने कट्टर राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी से तो सत्ता छीनी नहीं है। उसने भी अपने सहयोगी दल को ही पराजित कर सत्ता में वापसी की है। भारत में वामपंथ विचार धारा की जड़ों को देखें तो इसकी शुरुआत केरलम से ही हुई है। यहां 1957 में पहली बार वामपंथ की सरकार बनी। इसके बाद 1977 में पश्चिम बंगाल और त्रिपुरा में कम्युनिस्ट सरकार सत्ता रूढ़ हुई। इन दो प्रदेशों से वामपंथ के खात्मे के बाद केरल ही इनका आखिर किला बचा था,अब वह भी ढह गया। जिस तरह कभी ममता की पसंदीदा पार्टी भाजपा ने ममता बनर्जी को शिकस्त दी ठीक उसी तर्ज पर केरलम में एलडीएफ को अपने ही घटक दल के हाथों मात खानी पड़ी। सवाल यह नहीं कि कम्युनिस्टों का सफाया किसके हाथ हुआ, संतोष यह है कि नेपाल के बाद उसका यह पड़ोसी मित्र राष्ट्र भी कम्युनिस्ट मुक्त हो गया। भारत के बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़ सहित कुछ अन्य प्रदेशों में भी हल्का फुल्का कम्युनिस्ट विचारधारा का प्रभाव था लेकिन वहां पहले ही इससे मुक्ति मिल गई थी। बिहार में अब सिर्फ तीन कम्युनिस्ट विधायक हैं जबकि झारखंड में दो ही हैं। त्रिपुरा जो लंबे समय तक वामपंथ का गढ़ था वहां भी मात्र 11 वामपंथी विधायक हैं। पश्चिम बंगाल में मात्र एक विधायक वामपंथी हैं। हां वामपंथियों का केरलम में अभी कुछ अवशेष जरूर बचा है लेकिन भविष्य में उसके पुनर्विस्तार की संभावना बहुत कम है क्योंकि आने वाले दिनों में यहां भाजपा और कांग्रेस ही मुख्य मुकाबले की पार्टी होगी। राहुल गांधी कहते हैं कि बंगाल में ममता बनर्जी ने भाजपा के लिए रास्ता खोल दिया है। यह बात राहुल गांधी पर लागू होती है कि उन्होंने भी केरलम में भाजपा का रास्ता खोल दिया है।

# ईरान के साथ जारी संघर्ष को ट्रम्प ने बताया 'लघु युद्ध'

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने युद्ध प्रभाव व पैमाने को कमतर बताने का किया प्रयास



■ ट्रम्प इस युद्ध के लिए समय-समय पर अलग-अलग शब्दों का इस्तेमाल कर रहे

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के साथ जारी सैन्य संघर्ष को 'छोटा युद्ध' करार देते हुए इसके प्रभाव और पैमाने को कमतर बताने का प्रयास किया है।

ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में छोटे व्यवसायों से जुड़े एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा देश इस समय काफी तरक्की कर रहा है, जबकि हम एक संघर्ष में उलझे हुए हैं, जिसे में जिसे मैं लघु युद्ध कहता हूं। गौरतलब है कि ट्रम्प इस युद्ध के लिए समय-समय पर अलग-अलग शब्दों का इस्तेमाल कर रहे हैं। कभी वह इसे 'युद्ध' कहते हैं, तो कभी सैन्य 'अभियान', 'भ्रमण' या सिर्फ एक 'पड़ाव' मात्र बताते हैं। जानकारों का मानना है कि शब्दों का यह चयन सोची-समझी रणनीति का हिस्सा है। वर्ष 1973 के 'युद्ध शक्तियां अधिनियम' के अनुसार, किसी भी अमेरिकी राष्ट्रपति को लंबे समय तक सैन्य कार्रवाई जारी रखने के लिए संसद (कांग्रेस) की मंजूरी लेना अनिवार्य होता है। राष्ट्रपति बिना मंजूरी के केवल 60 से 90 दिनों तक ही सैन्य अभियान चला सकते हैं। ट्रम्प ने भी मार्च में कहा था कि वे 'युद्ध' शब्द के इस्तेमाल से बचते हैं क्योंकि इसके लिए आधिकारिक अनुमति की आवश्यकता पड़ती है। अमेरिकी प्रशासन का दावा है कि 28 फरवरी से शुरू हुई यह सैन्य कार्रवाई ईरान की ओर से मिलने वाली धमकियों के जवाब में एक 'रक्षात्मक कदम' है। वहीं, दूसरी ओर ईरान ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए इसे अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन और एक अवैध हमला बताया है।

# नशीली दवाओं की तस्करी वाली नाव पर अमेरिकी हमले में दो की मौत

■ कैरिबियन और पूर्वी प्रशांत क्षेत्र में फैले इस अभियान में अब तक कम से कम 188 लोग मारे जा चुके हैं

**वाशिंगटन।** कैरिबियन सागर में नशीली दवाओं की कथित तस्करी करने वाले एक नाव पर अमेरिकी सेना के हमले में दो लोगों की मौत हो गई है। अमेरिकी सेना के दक्षिण कमान (साउथकॉम) के अनुसार, नशीली दवाओं को ले जाने वाले एक संदिग्ध नाव पर किए गए घातक हमले में दो लोग मारे गए हैं। यह सैन्य अभियान चार मई को जनरल फ्रांसिस एल डोनावन के निर्देशन में चलाया गया।

अधिकारियों ने बताया कि 'ज्वाइंट टास्क फोर्स साउदर्न स्पीयर' ने उस नाव को निशाना बनाया जिसके बारे में जानकारी मिली थी कि वह प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों से जुड़ी है और ड्रग्स तस्करी के रास्ते पर जा रही है। इस पूरी कार्रवाई में किसी भी अमेरिकी सैनिक को चोट नहीं आई है। यह ताजा कार्रवाई ट्रम्प प्रशासन द्वारा लैटिन अमेरिका में 'नार्को-टेररिज्म' के खिलाफ सितम्बर से चलाए जा रहे अभियान का हिस्सा है। कैरिबियन और पूर्वी प्रशांत क्षेत्र में फैले इस अभियान में अब तक कम से कम 188 लोग मारे जा चुके हैं। हालांकि, अमेरिकी सेना ने अभी तक सार्वजनिक रूप से ऐसे सबूत पेश नहीं किए हैं जिनसे यह पुष्टि हो सके कि निशाना बनाए गए जहाजों में नशीली दवाएं मौजूद थीं। भले ही इस समय दुनिया का ध्यान पश्चिमी एशिया के संघर्ष पर है, लेकिन पिछले कुछ हफ्तों में इस तरह के हमलों की संख्या में वृद्धि हुई है। इससे यह संकेत मिलता है कि पश्चिमी गोलार्द्ध में अमेरिका के नशीली दवाओं के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान उसकी प्राथमिकता बने हुए हैं।



**कोलकाता। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत के बाद टॉलीगंज निर्वाचन क्षेत्र की सड़कों से टीएमसी के होर्डिंग्स-बैनर फाड़कर फेंकते भाजपा समर्थक।**

# भारत-जापान स्वास्थ्य के क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करेंगे

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने भारत और जापान की संयुक्त समिति की तीसरी बैठक के बाद मंगलवार को कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करने और नई साझेदारियों को बढ़ावा देने के लिए दोनों देशों की आपसी प्रतिबद्धता पर जोर दिया। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने बताया कि भारत और जापान के बीच स्वास्थ्य संबंधी संयुक्त समिति (जेसीएम) की तीसरी बैठक आज भारत मंडपम में आयोजित की गई। नड्डा और जापान की स्वास्थ्य नीति प्रभारी मंत्री किमी ओनोदा ने मिलकर बैठक की अध्यक्षता की।

# ईरान-अमेरिका युद्धविराम वार्ता खतरे में

## ईरान के ताजा प्रस्ताव को खारिज करने और नए हमलों के बीच होर्मुज में बढ़ा तनाव



■ यूएई ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे तनाव बढ़ाने वाला कदम बताया है

**वाशिंगटन/तेहरान।** ईरान और अमेरिका के बीच हुआ युद्धविराम अब होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर खतरे में पड़ता नजर आ रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ओर से ईरान के ताजा प्रस्ताव को खारिज करने और होर्मुज से जहाजों के पारगमन में मदद के लिए 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' शुरू करने के बाद तनाव चरम पर है।

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के फुजैरा पेट्रोलियम उद्योग क्षेत्र पर ईरान के ड्रोन हमले के बाद स्थिति और भी गंभीर हो गई है। इस हमले में तीन भारतीय नागरिक घायल हुए हैं। यूएई ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे तनाव बढ़ाने वाला कदम बताया है। इस घटना ने उस शांति को खत्म कर दिया है जो अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम के बाद से बनी हुई थी। दोनों देशों के बीच आठ अप्रैल को युद्धविराम की घोषणा हुई थी, जिसे 22 अप्रैल को आगे बढ़ाया गया था। इस बीच राजनयिक माध्यमों से प्रस्तावों का आदान-प्रदान जारी है। हालांकि, ट्रम्प ने चेतावनी दी है कि यदि ईरानी सेना ने होर्मुज जलडमरूमध्य या फारस की खाड़ी में कहीं भी अमेरिकी जहाजों को निशाना बनाने का दुस्साहस किया, तो उन्हें 'धरती से मिटा दिया जाएगा।' ईरान की प्रतिक्रिया भी उतनी ही आक्रामक रही है। ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालीबाफ ने अमेरिका और उसके सहयोगियों पर युद्धविराम के उल्लंघन और नाकाबंदी कर सुरक्षित नौवहन को खतरे में डालने का आरोप लगाया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि अमेरिका के लिए मौजूदा स्थिति को सहन करना असंभव होगा और चेतावनी दी कि ईरान के पास अभी भी कई बड़े विकल्प मौजूद हैं। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' की पुष्टि की है। इसमें लगभग 15,00 अमेरिकी सैनिक, मिसाइल विध्वंसक जहाज, 100 से अधिक विमान और मानव रहित प्लेटफॉर्म तैनात किए गए हैं। शीर्ष अमेरिकी कमांडर एडमिरल ब्रैडली कूपर के अनुसार, अभियान के पहले दिन दो अमेरिकी झंडे वाले जहाजों को सैन्य सुरक्षा में सफलतापूर्वक पार कराया गया। इस दौरान अमेरिकी नौसेना ने जहाजों को निशाना बनाने वाली ईरानी क्रूज मिसाइलों को बीच में ही मार गिराया और हमला करने की कोशिश कर रही ईरान की छह छोटी नावों को नष्ट कर दिया। वहीं, यूएई ने कहा कि उसने ईरान की ओर से दागी गई कई मिसाइलों को नाकाम कर दिया है, हालांकि फुजैरा के पेट्रोलियम केंद्र में भीषण आग लग गई है। यूएई के विदेश मंत्रालय ने कहा कि वह इस हमले का जवाब देने का अधिकार सुरक्षित रखता है। यूएई के राष्ट्रपति के सलाहकार अनवर गर्गाश ने इस हमले की निंदा करते हुए कहा कि ईरान ही इस क्षेत्र में संकट और खतरे का असली स्रोत है।

### होर्मुज तनाव के बीच अमेरिकी प्रभाव कम हो जाएगा: गालिबफ



**तेहरान।** ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बगेर ग़ालिबफ़ ने मंगलवार को कहा कि होर्मुज़ जलडमरूमध्य पर अगर तनाव बढ़ेगा तो उससे अमेरिकी प्रभाव में कमी आएगी। होर्मुज़ जलडमरूमध्य एक महत्वपूर्ण वैश्विक ऊर्जा और नौवहन मार्ग है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में, ग़ालिबफ़ ने अमेरिका और उसके सहयोगियों पर युद्धविराम का उल्लंघन करके और नौवहन गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाकर समुद्री सुरक्षा को खतरे में डालने का आरोप लगाया। उन्होंने इसे नाकाबंदी करार दिया। उन्होंने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य का एक नया समीकरण अंतिम रूप ले रहा है, अमेरिका के लिए यथास्थिति बनाए रखना असहनीय है जबकि हमने अभी शुरुआत भी नहीं की है। ये टिप्पणियां उन खबरों के बाद बढ़े तनाव के बीच आई हैं जिनमें कहा गया है कि अमेरिका ने 13 अप्रैल से ईरानी बंदरगाहों एवं समुद्री मार्गों पर नौसैनिक नाकाबंदी लगा दी है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' की घोषणा की, जो एक नौसैनिक पहल है जिसका उद्देश्य होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करना और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण जलमार्ग से वाणिज्यिक जहाजों को एस्कॉर्ट करना है जिस पर ईरान का काफी प्रभाव है। ईरानी सेना ने अमेरिकी युद्धपोतों को रणनीतिक जलमार्ग के पास आने के खिलाफ बार-बार चेतावनी दी है जिसपर इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड कोर ने अपना कड़ा नियंत्रण बनाए हुआ है। आईआरजीसी नियमित मिसाइल और ड्रोन अभ्यासों के माध्यम से अपनी उन्नत क्षमताओं का प्रदर्शन कर रहा है।

# जीसीसी ईरानी मिसाइल हमलों के खिलाफ यूएई का करेगा समर्थन

**दोहा।** खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के महासचिव जासेम अलबुदैवी ने कहा कि संगठन संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) द्वारा अपनी सुरक्षा की रक्षा के लिए उठाए गए सभी कदमों का समर्थन करेगा। यूएई के रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि देश की वायु रक्षा ने 12 बैलिस्टिक मिसाइलों और चार ड्रोन को रोका, जिन्हें कथित रूप से ईरान द्वारा प्रक्षेपित किया गया था और कहा कि वह जवाबी कार्रवाई का अधिकार सुरक्षित रखता है। इसके अलावा, अमीरात सरकार की प्रेस सेवा ने ड्रोन हमले के बाद फुजैरा तेल क्षेत्रों में से एक में आग लगने की सूचना दी। ईरान के सरकारी प्रसारक आईआरआईबी ने सैन्य सूत्र के हवाले से कहा कि यूएई के पूर्वी हिस्से में एक औद्योगिक तेल क्षेत्र पर हुए आगजनी के हमले के पीछे अमेरिकी सेना का हाथ था। जीसीसी ने कल एक बयान में कहा कि महामहिम ने यूएई के साथ जीसीसी की पूर्ण एवं दृढ़ एकजुटता पर बल दिया और उसकी सुरक्षा की रक्षा, उसकी संप्रभुता की सुरक्षा और उसके महत्वपूर्ण संस्थानों की सुरक्षा को बनाए रखने के लिए उठाए गए सभी उपायों के समर्थन में एक एकजुट मोर्चे के रूप में खड़े होने की बात की।

# ईरानी विदेश मंत्री बीजिंग यात्रा पर करेंगे चीनी समकक्ष के साथ वार्ता

■ चीन ने 28 फरवरी को ईरान-अमेरिका युद्ध शुरू होने के बाद से ही अत्यंत सतर्क रुख अपनाया हुआ है
■ चीन लगातार तनाव कम करने और कूटनीतिक समाधान का आह्वान करता रहा है

**तेहरान/बीजिंग।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची अपने चीनी समकक्ष वांग ई के साथ बातचीत करने के लिए बीजिंग की यात्रा पर जाने वाले हैं। ईरान यह कदम संयुक्त अमेरिका-इजरायल के साथ चल रहे संघर्ष और बढ़ते क्षेत्रीय तनाव के बीच कूटनीतिक समर्थन जुटाने के लिए उठा रहा है।

ईरान के विदेश मंत्रालय के अनुसार, चर्चा 'द्विपक्षीय संबंधों और क्षेत्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रमों पर केंद्रित' होगी, जिसमें युद्ध और होर्मुज जलडमरूमध्य में उत्पन्न व्यवधान प्रमुखता से शामिल होने की संभावना है। चीन ने 28 फरवरी को ईरान-अमेरिका युद्ध शुरू होने के बाद से ही अत्यंत सतर्क रुख अपनाया हुआ है। यद्यपि कई देशों की भांति चीन ने भी ईरान पर अमेरिका और इजरायल के शुरुआती हमलों की निंदा की थी, लेकिन ईरान के साथ अपनी निकटता के बावजूद वह आश्चर्यजनक रूप से तटस्थ बना हुआ है। चीन लगातार तनाव कम करने और कूटनीतिक समाधान का आह्वान करता रहा है। चीन ईरानी तेल का सबसे बड़ा खरीदार बना हुआ है, फिर भी इसके विशाल भंडार और ऊर्जा के विविध स्रोतों ने इसे होर्मुज जलडमरूमध्य में आए व्यवधान के बुरे प्रभावों से बचाये रखा है। ईरान ने इस मार्ग को प्रभावी रूप से उन देशों के लिए प्रतिबंधित कर दिया है जिन्हें वह 'शत्रु' मानता है। यह यात्रा अमेरिका-चीन संबंधों के एक महत्वपूर्ण क्षण से पहले हो रही है, क्योंकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प 14-15 मई के बीच अपने चीनी समकक्ष राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ बातचीत के लिए चीन जाने वाले हैं। 2025 में व्हाइट हाउस लौटने के बाद उनकी यह पहली चीन यात्रा होगी। अमेरिका और चीन के बीच पिछले एक वर्ष से संबंधों में तनाव बढ़ गया है। इन दोनों आर्थिक महाशक्तियों के बीच शुल्कों और व्यापार नीति को लेकर बार-बार विवाद हुए।



# शेफ का किरदार निभाना और सचमुच खाना बनाना बेहद खास रहा: सुम्बुल तौकीर खान

**मुंबई।** अभिनेत्री सुम्बुल तौकीर खान का कहना है कि स्क्रीन पर शेफ का किरदार निभाना और सचमुच खाना बनाना उनके लिए बेहद खास अनुभव रहा है। सोनी सब का शो इत्ती सी खुशी अपनी सरल और दिल को छू लेने वाली कहानी और सहज पलों के ज़रिए दर्शकों से जुड़ता जा रहा है। मौजूदा ट्रैक में अन्विता (सुम्बुल तौकीर खान) अपनी ज़िंदगी के नए पड़ाव में कदम रखती है, जब वह रेस्टोरेंट में काम शुरू करती है और शेफ बनने के अपने सपने की ओर पहला कदम बढ़ाती है। अन्विता की यात्रा चुनौतियों, सीख और छोटी-छोटी जीतों से भरपूर दिखाई देती है। दिलचस्प बात यह है कि यह ट्रैक सुम्बुल के असली जीवन के शौक से भी मेल खाता है। उन्हें हमेशा घर पर खाना बनाने और नए प्रयोग करने का शौक रहा है।

# ऑस्ट्रेलियाई तट के पास जलयान डूबने से तीन की मौत

**न्यू साउथ वेल्स।** ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स तट के पास एक जलयान के डूबने से तीन लोगों की मौत हो गई। इनमें दो स्वयंसेवी बचावकर्मी भी शामिल हैं। यह दुखद घटना तब घटित हुई जब एक आम नागरिक ने सूचना दी कि साउथ बैलिना के ब्रेकवॉल के पास एक जलयान मुश्किल में फंसा हुआ है। उल्लेखनीय है कि साउथ बैलिना एनएसडब्ल्यू और क्वींसलैंड की सीमा के पास स्थित एक लोकप्रिय तटीय पर्यटन स्थल है। पुलिस ने बताया कि 'मरीन रेस्क्यू एनएसडब्ल्यू' के छह सदस्यों का एक दल तुरंत घटनास्थल पर पहुंचा, लेकिन बैलिना बार को पार करते समय खराब मौसम के कारण उनकी नाव पलट गई।

# चीन की पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, 21 की मौत

## बचाव दल ने संयंत्र के तीन किलोमीटर के दायरे में रहने वाले सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला



**हुनान।** चीन के हुनान प्रांत में एक पटाखा कारखाने में विस्फोट होने से 21 लोगों की मौत हो गई है और 61 घायल हो गए हैं। चीन की सरकारी मीडिया के अनुसार विस्फोट में 21 लोगों की मौत हो गई है और 61 लोग घायल हुए हैं। बीबीसी में प्रकाशित एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है कि हुनान प्रांत के लियूयांग शहर के हुआशेंग पटाखा संयंत्र में यह विस्फोट सोमवार को स्थानीय समयानुसार लगभग 16:40 बजे हुआ। बचाव दल ने मुस्तैदी दिखाते हुए संयंत्र के तीन किलोमीटर के दायरे में रहने वाले सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। प्रशासन ने खोज और बचाव अभियान चलाने के लिए तत्काल अधिकारियों की तैनाती की तथा घायलों के उपचार के लिए करीब 500 कर्मियों को भी तैनात किया। रोबोट की मदद से पटाखा कारखाने की इमारत के भीतर फंसे लोगों को ढूंढने का काम किया गया। स्थानीय पुलिस ने विस्फोट के कारणों की जांच का काम आरंभ कर दिया है और इस दौरान पटाखा कंपनी के प्रभारी व्यक्ति से भी पूछताछ की गई है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार अधिकारियों ने जानकारी दी कि कारखाना परिसर के भीतर स्थित बारूद के दो गोदाम बचाव कार्यों के दौरान उच्च जोखिम पैदा कर रहे थे। बचाव दलों को पटाखा संयंत्र के तीन किलोमीटर के दायरे से सभी को हटाना पड़ा। बचाव कार्यों के दौरान कोई दुर्घटना न हो जाए, इसे ध्यान में रखकर दुर्घटनाग्रस्त इलाके में नमी बढ़ाने के उपाय भी किए गए। घटनास्थल से प्रसारित एक टीवी कार्यक्रम में सीसीटीवी के संवाददाता ने बताया कि विस्फोट इतना विनाशकारी था कि कारखाने के पास स्थित एक आवासीय भवन की खिड़कियां भी टूट गईं। रिपोर्ट के मुताबिक पटाखा कारखाने में हुए विस्फोट में घायल हुए लोगों की आयु 20 से 60 वर्ष के बीच है और कुछ लोगों को उड़ते हुए मलबे की चपेट में आने से हड्डियों में गंभीर चोटें आई हैं।

# जर्मन में कार के भीड़ में घुसने से दो की मौत, कई घायल

**लीपजिंग।** पूर्वी जर्मन शहर लीपज़िग में सोमवार दोपहर एक कार के भीड़ में घुससे दो लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। यह जानकारी बीबीसी ने दी। लीपजिंग के मेयर बुरखार्ड जंग ने कहा कि अधिकारियों द्वारा संदिग्ध अपराधी की पहचान 33 वर्षीय जर्मन नागरिक के रूप में हुई है और उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने आगे कहा कि अधिकारियों को अभी तक अपराध के मकसद के बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं मिली है।

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
• रशिया • जॉर्जिया • कजाखस्तान • किर्गिज़स्तान • उज्बेकिस्तान • बांग्लादेश • नेपाल • चाईना • ईरान • इजिप्ट • यू.के. • कनाडा • यू.एस.ए. और भी देशों से
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
•Top Govt. Universities.
•MCI, WHO Approved Universities.
•Indian Hostel & Mess Available.
•Lowest Price Packages.
•Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है 471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)

# बांग्लादेश में खसरे के प्रकोप से एक दिन में 17 की मौत

## संदिग्ध मौतों में से सबसे अधिक 10 मौतें ढाका जिले में दर्ज की गई

■ देश में खसरा से होने वाली पुष्ट मौतों की कुल संख्या बढ़कर 52 हो गई है
■ 15 मार्च से दर्ज किए जा रहे आंकड़ों के अनुसार इस बीमारी से संबंधित संदिग्ध मौतों की संख्या वर्तमान में 259 है

**ढाका।** बंगलादेश में खसरा और खसरा से संबंधित जटिलताओं के कारण एक ही दिन में 17 लोगों की मौत हो गई। मार्च में इस अत्यधिक संक्रामक लेकिन रोकथाम योग्य बीमारी के प्रकोप की शुरुआत के बाद से एक दिन में दर्ज मौत की यह सबसे अधिक संख्या है।

यह जानकारी मीडिया रिपोर्टों से मंगलवार को प्राप्त हुई। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) के अनुसार, सोमवार सुबह आठ बजे तक दर्ज की गई 17 मौतों में से दो की पुष्टि खसरा से होने जबकि अन्य 15 को संदिग्ध मामलों के रूप में वर्गीकृत किया गया। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, संदिग्ध मौतों में से सबसे अधिक 10 मौतें ढाका जिले में दर्ज की गईं। ताजा रिपोर्टों के अनुसार, देश में खसरा से होने वाली पुष्ट मौतों की कुल संख्या बढ़कर 52 हो गई है। इसके अलावा, 15 मार्च से दर्ज किए जा रहे आंकड़ों के अनुसार इस बीमारी से संबंधित संदिग्ध मौतों की संख्या वर्तमान में 259 है। डीजीएचएस के अधिकारियों ने बताया कि इसी अवधि के दौरान खसरे के लगभग 1302 संदिग्ध मामले दर्ज किए गए, जिससे 15 मार्च से अब तक संदिग्ध मामलों की कुल संख्या 41793 हो गई है। ढाका ट्रिब्यून ने कहा कि इसी अवधि के दौरान, खसरा के 154 नए पुष्ट मामले सामने आए जिससे पुष्ट संक्रमणों की कुल संख्या 5467 हो गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार 15 मार्च तक खसरा के संदिग्ध मामलों में से 28832 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें से 25,151 मरीज स्वस्थ हो गए और उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। कोलंबिया में खदान धंसने से नौ लोगों की मौत बोगोटा। कोलंबिया में सुताताउसा नगरपालिका स्थित 'ला सिस्कुडा' खदान में हुए हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई है। नेशनल माइनिग एजेंसी (एएनएम) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एजेंसी ने पुष्टि की है कि इस घटना में नौ लोगों की मौत हो गई और छह खनिकों को जीवित बचा लिया गया। घायल श्रमिकों का एक क्षेत्रीय अस्पताल में उपचार चल रहा है। क्षेत्रीय अधिकारियों ने बताया कि 18 श्रमिक जमीन के नीचे थे और उसी दौरान यह हादसा हो गया।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108